CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C
तापमान

सेंसेक्स 81,551.63
निफ्टी 24,826.20

सोना 97,880
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 28 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 136 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 29 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# वक्फ एक्ट 1995 को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

## अदालत ने पूछाः इतनी देरी क्यों, इससे जुड़ी याचिकाओं में कर रहे शामिल, केंद्र व राज्य सरकारों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वक्फ एक्ट-1995 के प्रावधानों को चुनौती देने वाली एक याचिका पर केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस दिया है।

कोर्ट ने याचिकाकर्ता से भी सवाल किए और पूछा कि 1995 एक्ट को 2025 में क्यों चुनौती दे रहे हैं। क्या इसे सुना जाना चाहिए? सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस आगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि कोर्ट में 2013 के वक्फ संशोधन एक्ट को भी चुनौती दी गई है। इस पर सीजेआई ने कहा कि वह भी 12 साल देरी हो रही है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 को लेकर भी अब सुनवाई कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को 1995 के एक्ट को चुनौती देने वाली एक पुरानी याचिका के साथ जोड़ दिया। यह याचिका लॉ स्टूडेंट निखिल उपाध्याय की तरफ से दायर की गई है। उनकी याचिका को पारूल खेड़ा और हरिशंकर जैन की याचिका के साथ जोड़ा गया है। याचिका में कहा कि 1995 का वक्फ एक्ट भेदभावपूर्ण निखिल -शेष पृष्ठ दो पर

### अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने मातृत्व अवकाश के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह झारखंड की एक अतिरिक्त जिला न्यायाधीश की उस याचिका पर विचार करेगा, जिसमें उन्होंने अपने बच्चे की देखभाल की छुट्टी की गुहार ठुकराने के आदेश को चुनौती दी है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के शीघ्र सुनवाई करने के अनुरोध पर सहमति जताई और कहा कि अगले सप्ताह इस मामले पर विचार किया जाएगा। पीठ की ओर से मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सोमवार को सूचीबद्ध करें।

### प्रतीक अधिनियम अनुसूची में सावरकर का नाम शामिल करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विनायक दामोदर सावरकर का नाम प्रतीक और नाम (अनुचित प्रयोग की रोकथाम) अधिनियम, 1956 की अनुसूची में नाम शामिल करने की मांग वाली रिट याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने पंकज फडनीस की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि याचिकाकर्ता अपने मौलिक अधिकारों का उल्लंघन साबित करने में विफल रहा है, जो संविधान के अनुच्छेद 32 को लागू करने के लिए एक शर्त है।

### कोलाबा जेटी परियोजना के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के कोलाबा इलाके में गेटवे ऑफ इंडिया के पास यात्री जेटी परियोजना पर निर्माण कार्य जारी रखने की अनुमति देने वाले बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने स्थानीय निवासियों की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए बुनियादी ढांचे के विकास के विरोध पर सवाल उठाया।

# कर्ज से दबे दून के एक ही परिवार के 7 लोगों ने पंचकूला में की आत्महत्या

**पंचकूला।** हरियाणा के पंचकूला में एक परिवार के सात सदस्य एक कार में मृत पाए गए हैं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने आत्महत्या की आशंका व्यक्त की है।

पुलिस ने कहा कि प्रवीण मित्तल (42) पत्नी, तीन बच्चों और माता-पिता के साथ पांच दिवसीय 'हनुमंत कथा' में भाग लेने के लिए उत्तराखंड के देहरादून से पंचकूला आए थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सातों ने कोई जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि सोमवार देर रात उन्हें सूचना मिली कि पंचकूला के सेक्टर 27 में खड़ी एक कार -शेष पृष्ठ दो पर

■ पांच दिवसीय 'हनुमंत कथा' में भाग लेने के लिए देहरादून से आए थे मृतक

### देहरादून के कोलागढ़ में कुछ माह पूर्व रहता था मृतक परिवार

**देहरादून-ब्यूरो।** देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि उक्त परिवार के संबंध में जानकारी करने पर पता चला है कि मृतक प्रवीण मित्तल पुत्र देशराज मित्तल का परिवार लगभग 8-9 महीने पूर्व तक कैंट थाना क्षेत्र के कोलागढ़ देहरादून में किराए पर निवास करता था।जिनका मूल रूप से चंडीगढ़ क्षेत्र का होना बताया गया है। वर्तमान में उक्त परिवार देहरादून में निवास नहीं कर रहा था। घटनास्थल से जो वाहन मृतक के पास मिला है, वह मालदेवता देहरादून के गंभीर सिंह नेगी के नाम पर पंजीकृत है। जिनके संपर्क करने पर उनके द्वारा बताया गया कि उनकी मृतक प्रवीण मित्तल से एनजीओ के काम के सिलसिले में मुलाकात हुई थी। मृतक पूर्व में चाइल्ड लाइफ केयर मिशन नाम से एनजीओ चलाता था। इसी दौरान मित्रता के चलते गंभीर नेगी ने उक्त वाहन अपने नाम पर फाइनेंस करवाया था। जिसे वर्तमान में मृतक चलाता था।



**ओवैसी ने पाक आर्मी चीफ को जोकर करार दिया**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**सूर्या ने सचिन का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## प्रधानमंत्री मोदी का 1947 के विभाजन को लेकर छलका दर्द

# कटनी थी जंजीरें, काट दी गई भुजाएं

गांधीनगर, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने मंगलवार को यहां कहा कि वह आतंकवाद के कांटे को निकालकर रहेंगे। श्री मोदी ने गुजरात के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन यहां महात्मा मंदिर में 5536 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पिछले दो दिनों से गुजरात में हूं, सोमवार को मैं वडोदरा, दाहोद, भुज, अहमदाबाद में था और मंगलवार को सुबह गांधीनगर आया। मैं जहां भी गया, ऐसा लग रहा है देशभक्ति का ज्वार, गर्जना करता सिंदूरिया सागर, लहराता तिरंगा और सभी के हृदय में मातृभूमि के लिए अपार प्रेम था। यह सिर्फ गुजरात में नहीं, हिंदुस्तान के कोने-कोने में है। हर हिंदुस्तानी के दिल में है।

पीएम मोदी ने कहा कि शरीर कितना ही स्वस्थ क्यों न हो, लेकिन अगर एक कांटा चुभता है, तो पूरा शरीर परेशान रहता है। हमने तय कर लिया है, उस कांटे को निकाल के रहेंगे। 1947 में जब मां भारती के टुकड़े हुए, 'कटनी चाहिए थीं जंजीरें, लेकिन काट दी गईं भुजाएं। देश के तीन टुकड़े कर दिए गए। उसी रात पहला आतंकी हमला कश्मीर में हुआ। मां भारती का एक हिस्सा आतंकियों के बलबूते पर मुजाहिदीनों के नाम पर पाकिस्तान ने हड़प लिया। पीएम मोदी ने कहा कि अगर उसी दिन इन मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया गया होता और सरदार वल्लभ भाई पटेल की इच्छा थी कि जब तक पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर वापस नहीं आता, तब तक सेना रुकनी नहीं चाहिए, लेकिन उनकी बात मानी नहीं गई। मुजाहिदीन लहू चख गए थे। यह सिलसिला 75 साल से चला आ रहा है। 75 साल तक हम झेलते रहे। जब पाकिस्तान के साथ युद्ध तक नौबत आई, तो तीनों बार भारत की सैन्य शक्ति ने पाकिस्तान को धूल चटाई और पाकसमझ गया कि लड़ाई में वह भारत से जीत नहीं सकता। इसीलिए उसने प्रॉक्सी वॉर चालू किया, सैन्य प्रशिक्षित आतंकी भारत भेजे जाते हैं।



**कहाः आतंकवाद के कांटे को निकालकर रहेंगे हम**

**हमने तीन बार युद्धों में पाकिस्तान को धूल चटाई**

### ऑपरेशन सिंदूर कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगेः पीएम

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को आपरेशन सिंदूर पर ही बात की। उन्होंने कहा कि हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय करके 22 मिनट में उन्हें ध्वस्त कर दिया। और ये सब कुछ कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे। ऐसा माना जा रहा है कि मोदी ने यह बात उरी आतंकी हमले के बाद पीओके में की गई भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर की। तब विपक्ष ने लगातार इसके सबूत मांगे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जानता है कि वो सीधी लड़ाई में हमसे जीत नहीं सकता है, इसीलिए वो आतंकी भेज रहा है। उनके यहां मारे गए आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी झंडे लगाए गए, यह कोई प्रॉक्सी वॉर नहीं है।

### प्रधानमंत्री ने गांधीनगर में किया भव्य रोड शो

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के गांधीनगर में मंगलवार को भव्य रोड शो किया। श्री मोदी ने मंगलवार सुबह शानदार रोड शो में खुली जीप में सवार होकर लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान राजभवन से महात्मा मंदिर तक विशाल जन समूह उमड़ा और पुष्प वर्षा से उनका अभिनंदन किया। रोड शो में बच्चों-बूढ़ों और महिलाओं सहित हजारों लोगों को सड़कों के किनारे खड़े होकर तिरंगा लहराकर मोदी-मोदी और भारत माता की जय के नारे लगाते देखा गया। चारों ओर देशभक्ति दिखाई दे रही थी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हैं। अपने दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को पीएम मोदी गांधीनगर में एक रोड शो के बाद महात्मा मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम में भाग लिया। श्री मोदी ने सोमवार सुबह वडोदरा में रोड शो किया था। जहां अंतर्राष्ट्रीय छात्रों सहित हजारों लोगों ने उनके काफिले पर फूल बरसाए और भव्य स्वागत किया था। रोड शो के बाद वह दाहोद के लिए रवाना हो गए थे।

# देश में कोरोना से 11 लोगों की मौत, 1047 एक्टिव केस

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामलों की संख्या 1047 हो गई है। सबसे ज्यादा 430 एक्टिव केस केरल में हैं। महाराष्ट्र में 208, दिल्ली में 104 और गुजरात में 83 केस हैं। कर्नाटक के 80 केसों में से सिर्फ 73 बेंगलुरु में हैं।

वहीं महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कुल 11 मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें से नौ की मौत एक हफ्ते के भीतर हुई है। कोरोना से सबसे ज्यादा पांच मौतें महाराष्ट्र में हुई हैं। ठाणे में सोमवार को एक महिला की मौत हुई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में 787 नए मरीज दर्ज किए गए हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के डायरेक्टर डा. राजीव बहल ने बताया कि अभी तक देश में 4 वैरिएंट मिले हैं। जयपुर में सोमवार को कोरोना के दो मरीजों की मौत हो गई। इनमें से एक रेलवे स्टेशन पर मृत मिला था। उसकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दूसरी मौत प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती 26 साल के युवक की हुई। उसे पहले से ही टीबी की बीमारी थी। वहीं, महाराष्ट्र के ठाणे में एक कोरोना पॉजिटिव महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। ठाणे में ही 25 मई (रविवार) को अस्पताल में इलाज करा रहे 21 साल के युवक की मौत हो गई। उसका 22 मई से इलाज चल रहा था। इससे पहले 17 मई को कर्नाटक के बेंगलुरु में 84 साल के बुजुर्ग की मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया था कि बुजुर्ग की मौत मल्टी आर्गन फेल्योर की वजह से हुई थी। 24 मई को उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। केरल में दो लोगों की कोविड से मौत हुई है। भारत में मिले कोविड-19 के 4 नए वैरिएंट भारत के कई राज्यों में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी के बीच देश में चार नए वैरिएंट मिले हैं। आईसीएमआर के डायरेक्टर डा. राजीव बहल ने बताया कि दक्षिण और पश्चिम भारत से जिन वैरिएंट की सीक्वेंसिंग की गई है, वे एलएफ.7 ,एक्सएफजी, जेएन-1 और एनबी-1.8.1 सीरीज के हैं। बाकी जगहों से नमूने लेकर सीक्वेंसिंग की जा रही है, ताकि नए वैरिएंट की जांच की जा सके। मामले बहुत गंभीर नहीं हैं और लोगों को चिंता नहीं करनी चाहिए, बस सतर्क रहना चाहिए।

■ महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा पांच मौतें, एक हफ्ते में 787 नए मामले सामने आए

### बुजुर्गों ने दिया जीडीपी में तीन प्रतिशत का योगदान

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 में बुजुर्गों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में तीन प्रतिशत का योगदान दिया है। एक अध्ययन के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय बुजुर्गों ने 68 अरब डॉलर का श्रम योगदान दिया है जो भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) का तीन प्रतिशत है। ये बुजुर्ग प्रतिवर्ष लगभग 14 अरब घंटे पारिवारिक देखभाल और 2.6 अरब घंटे सामुदायिक कार्यों में देते हैं। यदि इच्छुक बुजुर्गों को पुनः कार्यबल में शामिल किया जाए तो भारत की जीडीपी में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। अध्ययन में कहा गया है कि वर्ष 2047 तक भारत में 30 करोड़ बुजुर्ग होंगे। गैर सरकारी संगठन रोहिणी निलेकणी फिलान्थ्रॉपीज़ की मंगलवार को यहां जारी एक रिपोर्ट लोंगेविटी : ए न्यू वे ऑफ अंडरस्टेंडिंग ऐजिंग में कहा गया है कि वृद्धजनों की ज़रूरतों में आर्थिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण, भागीदारी की स्वतंत्रता और सामाजिक जुड़ाव प्रमुख हैं।

### श्री अंजनेया मंदिर के मुख्य पुजारी को न हटाने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के कोप्पल जिले में भगवान हनुमान के जन्मस्थान माने जाने वाले श्री अंजनेया मंदिर के मुख्य पुजारी को न हटाने का निर्देश देते हुए मंगलवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन की दलीलें सुनने के बाद कर्नाटक सरकार के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। अदालत ने उन्हें कहा कि वे (अधिकारी) श्री अंजनेया मंदिर को अपने नियंत्रण में लेने और वहां के मुख्य पुजारी 'अर्चक' के पद से उन्हें हटाने के खिलाफ विद्यादास बाबाजी की याचिका पर पारित उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश का ईमानदारी से पालन करें। पीठ ने कहा कि हमने याचिकाकर्ता द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष दायर अवमानना याचिका में किए गए कथनों पर गौर किया है।

# अमृतसर में बम विस्फोट, संदिग्ध आतंकी की मौत

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में मजीठा रोड बाईपास पर डिसेंट एवेन्यू कॉलोनी के पास मंगलवार को सुबह करीब 9:30 बजे हुए एक विस्फोट में एक संदिग्ध आंतकी की मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

एसएसपी अमृतसर ग्रामीण मनिंदर सिंह ने बताया कि हमें सुबह विस्फोट की सूचना मिली थी और घटनास्थल पर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल मिला। विस्फोट में उसके दोनों हाथ उड़ गए थे। घायल व्यक्ति को अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि ऐसे सुनसान इलाकों में हमने पहले भी देश विरोधी तत्वों को अपनी खेप इकट्ठा करने की कोशिश करते देखा है। उन्होंने कहा कि हमें संदेह है कि इस व्यक्ति ने खेप निकालने के दौरान विस्फोटक को गलत तरीके से संभाला होगा। फॉरेंसिक टीमों को घटनास्थल पर भेजा गया था और विस्तृत जांच चल रही है। डीआईजी सतिंदर सिंह ने बताया कि अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ जब व्यक्ति कथित तौर पर सुनसान इलाके से विस्फोटक की खेप निकाल रहा था।

■ देश विरोधी तत्वों की खेप निकालने के दौरान हुआ विस्फोट

# शारदा सिन्हा, कुमदिनी, रजनीकांत लाखिया पद्म विभूषण से सम्मानित

**मरणोपरांत मिला सम्मान**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-2 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म पुरस्कार 2025 प्रदान किए हैं।

देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों - पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण में प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार कई विषयों जैसे कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा और साहित्य आदि में दिए जाते हैं। इसमें लोक गायिका शारदा सिन्हा को कला-लोक संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनके बेटे ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। बता दें कि, इस वर्ष 139 लोगों को पद्म पुरस्कारों के लिए चुना गया है। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ कई केंद्रीय -शेष पृष्ठ दो पर



# लड़ाकू विमानों को देश में ही बनाने के कार्यक्रम को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की कमी से जूझ रही वायुसेना की मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) को देश में ही बनाने के कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा क्षेत्र के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय द्वारा जारी वक्तव्य में कहा गया है कि देश की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और एक मजबूत घरेलू एयरोस्पेस औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) कार्यक्रम निष्पादन के मॉडल को मंजूरी दे दी है। वैमानिकी विकास एजेंसी (एडीए) उद्योग साझेदारी के माध्यम से कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिए तैयार है।

■ सरकार ने उठाया वायुसेना की मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम

# यूपी में 16 साल की सेवा कर चुके दरोगाओं को राहत

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का निर्देशः दरोगाओं को मिलेगा 5400 रुपये का द्वितीय ग्रेड पे

प्रयागराज, वार्ता

**उत्तर प्रदेश** में कार्यरत 2001 बैच के दरोगाओं एवं वर्तमान समय में पुलिस निरीक्षक के पद पर कार्यरत, पुलिस इंस्पेक्टरों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत दी है। अदालत ने पुलिस विभाग के आलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि इन पुलिस निरीक्षकों की ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा जाए।

साथ ही दरोगा के पद पर नियुक्ति हुए पुलिस कर्मियों जिनकी सेवायें 16 वर्ष की पूर्ण हो चुकी है, द्वितीय प्रोन्नति वेतनमान ग्रेड-पे 5400 रुपये (पुलिस उपाधीक्षक) का देने के सम्बन्ध में 6 सप्ताह में कानून के तहत स्पष्ट आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश जस्टिस अजीत कुमार ने पुलिस इंस्पेक्टर जगदम्बा सिंह व अन्य द्वारा योजित की गई याचिका को निस्तारित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम की बहस सुनकर पारित किया। पुलिस निरीक्षकों की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं श्याम शरण ने बहस की। उनका तर्क था कि हाईकोर्ट के पहले के आदेशों और बाद में जारी शासनादेशों के बावजूद विभाग कुछ नहीं कर रहा है। प्रशिक्षण अवधि की सेवा को द्वितीय प्रोन्नत वेतनमान देने के लिए नहीं जोड़ा जा रहा है, जबकि वे इसके हकदार है। याची पुलिस निरीक्षकों की नियुक्ति वर्ष 2001 में दरोगा के पद पर हुई थी, तत्पश्चात याचीगणों को वर्ष 2016 में निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। सभी याचीगणों की सेवाएं 16 वर्षों से ज्यादा की पूर्ण हो चुकी है, लेकिन उन्हें द्वितीय वेतनमान ग्रेड-पे 5400 रुपये नहीं दिया जा रहा है और न ही उनके ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा गया। संशोधित शासनादेश 26 अगस्त 2015 में यह व्यवस्था प्रतिपादित की गई है कि ऐसे राज्य कर्मचारी जिन्होंने सीधी भर्ती के पद पर प्रथम नियुक्ति की तिथि से 16 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है, उन्हें द्वितीय वेतनमान / ग्रेड पे प्रदान किया जाएगा। वरिष्ठ अधिवक्ता गौतम का कहना था कि अपर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद द्वारा जारी सर्कुलर 17 मार्च 2012 में यह स्पष्ट कहा गया है कि आरक्षी के पद का ग्रेड वेतन 2000 रुपये हैं। मुख्य आरक्षी के पद का ग्रेड वेतन 2400 रुपये हैं। उपनिरीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 4200 रुपये हैं। निरीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 4600 रुपये है एवं पुलिस उपाधीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 5400 रुपये अनुमन्य हैं। पुलिस मुख्यालय के उक्त सर्कुलर में यह भी स्पष्ट उल्लिखित किया गया है कि पुलिस बल के कार्यकारी बल में ग्रेड वेतन 2800 रुपया एवं ग्रेड वेतन 4800 रुपया के पद उपलब्ध नहीं है, अर्थात उक्त दोनों ग्रेड वेतन नॉन फंक्शनल वेतनमान के हैं। सभी याचीगण वर्ष 2001 में उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्ति हुए थे, तत्पश्चात वर्ष 2016 में निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हुए एवं सभी -शेष पृष्ठ दो पर



■ इन पुलिस निरीक्षकों की ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा जाएः हाईकोर्ट



## संक्षिप्त समाचार

### दुश्मन फिर से कर सकता है घुसपैठ की कोशिश: आईजी

**जम्मू।** जम्मू फ्रंटियर के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिरीक्षक शशांक आनंद ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सीमा सुरक्षा बल द्वारा दिए गए मुंहतोड़ जवाब के कारण हुए नुकसान का बदला लेने की मंशा से घुसपैठ की आशंका है। उन्होंने कहा कि वे सतर्क हैं और सीमाओं पर उच्च सतर्कता बनाए हुए हैं। आईजी बीएसएफ ने यहां फ्रंटियर मुख्यालय में अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं को बताया कि दुश्मन फिर से घुसपैठ की कोशिश और सीमा पार से गोलीबारी कर सकता है, लेकिन जवान पूरी तरह सतर्क हैं और भारतीय सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर पूरी तरह चौकसी बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम अपनी सीमाओं पर सतर्क हैं और उच्च सतर्कता बनाए हुए हैं, क्योंकि ऐसी सूचना है कि दुश्मन (पाकिस्तान) फिर से हमला कर सकता है और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुए भारी नुकसान का बदला लेने के लिए घुसपैठ या सीमा पार से गोलीबारी जैसी योजनाएं बना सकता है। उनके साथ डीआईजी रैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी थे, जिन्होंने अपने क्षेत्र में 'ऑपरेशन सिंदूर' की निगरानी की और उसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

### पीओके खुद सौंप दे पाक, इसी में उसकी भलाई: अठावले

**फतेहपुर।** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान को पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत को स्वेच्छा से सौंप देना चाहिए वरना वह एक-एक बूंद पानी और एक-एक रोटी के लिए तरसेगा। उन्होंने कहा कि देश की अखंडता और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा और अखंडता को लेकर सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। देश की राजनीति में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बोलबाला है। उन्होंने विपक्ष की ओर से ऑपरेशन सिंदूर पर उठाए जा रहे सवालों पर राजनीति से प्रेरित बताया। केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू यादव द्वारा अपने बेटे तेज प्रताप यादव के खिलाफ की गई कार्रवाई को साही ठहराते हुए कहा कि किसी पार्टी में अनुशासन का ध्यान रखना जरूरी होता है।

### यूपी परिवहन विभाग को मिला एपीआई एक्सेस

**लखनऊ।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) ने उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग को व्हाट्सऐप आधारित चैटबॉट सेवा के लिए एपीआई एक्सेस (एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) प्रदान करने की अनुमति दे दी है। यूपी परिवहन विभाग की ओर से मई के प्रथम सप्ताह में चैटबॉट सेवा- 8005441222 नंबर पर शुरू की गई थी। इस चैटबॉट सेवा के माध्यम से नागरिक अब केवल व्हाट्सऐप पर ही संवाद करके वाहन पंजीकरण विवरण, ड्राइविंग लाइसेंस सेवाओं, चालान जानकारी एवं आवेदन की स्थिति से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इससे नागरिकों को बार-बार कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। यह सेवाएं कहीं से भी और कभी भी प्राप्त की जा सकेंगी। इस संबंध में भारत सरकार द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि नागरिकों की गोपनीयता से जुड़ा कोई भी डेटा साझा नहीं किया जाएगा।

## पंडित नेहरू को पुण्यतिथि पर किया गया याद

■ सोनिया गांधी, खड़गे, राहुल समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के लिए उनके योगदान को याद किया।

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में मोदी ने लिखा- हमारे पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। सोनिया गांधी आज सुबह पंडित जवाहरलाल नेहरू के समाधि स्थल 'शांति वन' गई और पूर्व प्रधानमंत्री की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शांति वन में इस दौरान पंडित नेहरू की स्मृति में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्रीमती गांधी भी शामिल हुई।

इस कार्यक्रम में कांग्रेस के कई अन्य नेता भी मौजूद थे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पंडित नेहरू को नमन करते हुए कहा कि सशक्त और समावेशी भारत का सपना लिए पंडित नेहरू ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से स्वतंत्र भारत की मजबूत नींव रखी। सामाजिक न्याय, आधुनिकता, शिक्षा, संविधान और लोकतंत्र की स्थापना में उनका योगदान अमूल्य है। उन्होंने कहा कि हिंद के जवाहर की विरासत और उनके आदर्श सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। खड़गे ने कहा कि पंडित नेहरू के योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती।

## उप्र के जीएसडीपी में 13.5 प्रतिशत की वृद्धि

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ अर्थव्यवस्था वर्ष 2023-24 में नई ऊंचाइयों को छूते हुए 25.63 लाख करोड़ रुपये पर पहुंची

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था वर्ष 2023-24 में नई ऊंचाइयों को छूते हुए राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 13.5 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए 25.63 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है।

उत्तर प्रदेश सरकार के नियोजन विभाग के अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा वार्षिक श्रृंखला क्रम में वित्तीय वर्ष 2023.24 के जिला घरेलू उत्पाद अनुमान जारी कर दिए गए हैं। यह जानकारी निदेशक अर्थ एवं संख्या सुश्री मालोविका घोषाल ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि जिला घरेलू उत्पाद अनुमान (डीडीपी) एक महत्वपूर्ण आर्थिक संकेतक है, जो न केवल राज्य की समग्र आर्थिक स्थिति को दर्शाता है, बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि कौन से जिले आर्थिक विकास में अग्रणी हैं और किन-किन क्षेत्रों में संभावनाएं विद्यमान हैं। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था वर्ष 2023-24 में नई ऊंचाइयों को छूते हुए राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 13.5 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए 25.63 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है। जारी किए गए वर्ष 2023.24 के जिला घरेलू उत्पाद (डीडीपी) अनुमान के आंकड़ों के अनुसार गौतम बुद्ध नगर 2.64 लाख करोड़ रुपए के साथ प्रदेश में शीर्ष स्थान पर है।

इसके बाद लखनऊ (1.42 लाख करोड़) और गाजियाबाद (1.17 लाख करोड़) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सर्वाधिक योगदान देने वाले शीर्ष 10 जिले गौतमबुद्धनगर (10.30 प्रतिशत), लखनऊ (5.53 प्रतिशत), गाजियाबाद (4.57 प्रतिशत), आगरा (3.03 प्रतिशत), कानपुर नगर (3.00 प्रतिशत), प्रयागराज (2.90 प्रतिशत), मेरठ (2.43 प्रतिशत), बरेली (2.23 प्रतिशत), गोरखपुर (2.02 प्रतिशत) एवं वाराणसी (1.99 प्रतिशत) हैं, जो प्रदेश के कुल जीडीपी में 38.00 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं। निदेशक अर्थ एवं संख्या ने बताया कि प्रदेश की आर्थिक प्रगति का मुख्य आधार सभी जनपदों के विकास, राज्य सरकार की दूरदर्शिता, कुशल नीति निर्माणऔर घ्मीनी क्रियान्वयन का प्रतिफल है। वर्ष 2023.24 के डीडीपी आँकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि राज्य की आर्थिक वृद्धि प्रदेश के कुछ जनपदों तक केन्द्रित न रहकर सभी जिलों में विस्तारित हो रही है। प्रदेश के सभी जनपदों की वृद्धि दर सकारात्मक रही है एवं 43 जनपदों की वृद्धि दर प्रादेशिक वृद्धि दर से अधिक रही है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सर्वाधिक वृद्धि दर वाले शीर्ष 10 जिले महोबा (23.49 प्रतिशत), चित्रकूट (23.40 प्रतिशत), बांदा (21.22 प्रतिशत), कासगंज (21.20 प्रतिशत), मैनपुरी (20.47 प्रतिशत), जालौन (20.10 प्रतिशत), बदायूं (19.93 प्रतिशत), हमीरपुर (19.20 प्रतिशत), सुलतानपुर (18.93 प्रतिशत) एवं अमेठी (18.77 प्रतिशत) हैं। राज्य की प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी देखी गई है। गौतम बुद्ध नगर में यह 10.17 लाख रुपए तक पहुंच चुकी है, जो कि राष्ट्रीय औसत 1.84 लाख रुपए से कहीं अधिक है। लखनऊ और गाजियाबाद जैसे जिले भी दो लाख रुपए से अधिक प्रति व्यक्ति आय दर्ज कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश के 15 जिलों ने एक लाख रुपए से अधिक प्रति व्यक्ति आय दर्ज की है। वर्ष 2023.24 में प्रति व्यक्ति आय में शीर्ष 10 जिले गौतमबुद्धनगर, लखनऊ, गाजियाबाद, हमीरपुर, सोनभद्र, मेरठ, एटा, कानपुर नगर, आगरा एवं झांसी हैं।

### सीएम उमर अब्दुल्ला ने मंत्रिमंडल की खास बैठक आयोजित की

# पहलगाम से आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश

श्रीनगर, वार्ता



■ यह सिर्फ प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि आतंकवाद के कायराना हमलों से न डरने का है खुला पैगाम: मुख्यमंत्री

■ शांति के दुश्मन कभी भी हमारे संकल्प को निर्देशित नहीं कर पाएंगे, कश्मीरी लोग दृढ़ता व निडरता से खड़े

**आतंकवादियों** को कड़ा संदेश देते हुए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कश्मीर घाटी के पर्यटन स्थल पहलगाम में मंत्रिमंडल की विशेष बैठक आयोजित की और कहा कि यह सिर्फ प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि आतंकवाद के कायराना हमलों से न डरने का स्पष्ट संदेश है।

पाकिस्तानी आतंकवादियों ने गत 22 अप्रैल को पहलगाम में बर्बरतापूर्वक 26 लोगों की हत्या कर दी थी। इसी के खिलाफ एकजुटता का संदेश देने के लिए मुख्यमंत्री ने यह विशेष बैठक की। जम्मू-कश्मीर में पिछले वर्ष सरकार के गठन के बाद यह पहला मौका है, जब श्रीनगर या जम्मू से अलग किसी स्थान पर मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, यह केवल एक नियमित प्रशासनिक कार्य नहीं है, बल्कि एक स्पष्ट संदेश है कि हम आतंकवाद के कायराना कृत्यों से भयभीत नहीं हैं। शांति के दुश्मन कभी भी हमारे संकल्प को निर्देशित नहीं कर पाएंगे। जम्मू-कश्मीर के लोग दृढ़ता, मजबूती और निडरता से खड़े हैं। अब्दुल्ला बुधवार को उत्तर कश्मीर के गुलमर्ग में भी मंत्रियों, प्रशासनिक सचिवों, संभागीय आयुक्तों, विभाग प्रमुखों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक पहलगाम और गुलमर्ग में हो रही ये बैठकें जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा और सामान्य स्थिति का मजबूत संदेश देने तथा घाटी में पर्यटन को फिर से बहाल करने के उद्देश्य से की जा रही हैं। बैठक के बाद जम्मू-कश्मीर की मंत्री सकीना इट्टू ने कहा कि बैठक का उद्देश्य पहलगाम के लोगों के साथ एकजुटता दिखाना और आतंकवादी हमले की निंदा करना था। नेशनल कांफ्रेंस के प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि यह बैठक घाटी के लोगों के हौसले का संदेश है। उन्होंने कहा कि चरवाहों की घाटी (पहलगाम) फिर से उभरेगी। पहलगाम के पास बैसरन घाटी में आतंकवादी हमले के बाद पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है, जिससे पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोग बहुत चिंतित हैं। इससे पहले भी अब्दुल्ला ने 2009 से 2014 तक मुख्यमंत्री के रूप में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान कश्मीर और जम्मू दोनों क्षेत्रों में नियंत्रण रेखा के करीब मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की थी, जिनमें दूरदराज और सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास संबंधी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

### फारूक अब्दुल्ला ने पर्यटकों से की कश्मीर आने की अपील



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने पर्यटकों से कश्मीर आने की अपील करते हुए कहा है कि पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उठाए गए कदमों से घाटी में सुरक्षा माहौल में सुधार हुआ है। अब्दुल्ला ने मंगलवार को पहलगाम में थे और उन्होंने वहां गोल्फ कोर्स में गोल्फा भी खेला। मीडियाकर्मियों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कश्मीर में अब शांति है और सामान्य स्थिति बहाल हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि शुक्र है कि अब डर कम हो रहा है। हमले के बाद बंद पर्यटक स्थल अब खोले जा रहे हैं। स्थिति में सुधार हुआ है। अब्दुल्ला आज उस समय भी पहलगाम में थे, जब जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पर्यटकों का मनोबल बढ़ाने के लिए पहलगाम में एक विशेष कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की थी। गौरतलब है कि पहलगाम के पास बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है। इस हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। फारूक अब्दुल्ला ने पर्यटन से जुड़े प्रतिनिधिमंडलों की कश्मीर की हाल की यात्रा पर आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इससे पर्यटन उद्योग को फिर से पटरी पर लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इसका बहुत असर होगा। ये प्रतिनिधिमंडल खुद देख रहे हैं कि यहां कितना शांतिपूर्ण माहौल है। जरा इधर-उधर देखिए। देश के कई अन्य हिस्सों की तुलना में यहां का मौसम बहुत बेहतर है। वहां तापमान 50 डिग्री तक पहुंच जाता है, जबकि यहां 20 से 25 डिग्री का सुखद तापमान है। हवा ताजा है, प्रदूषण नहीं है। मैं कहता हूं, खुद आकर देखिए। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को कश्मीर आने से डरना नहीं चाहिए। तीन जुलाई से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा की तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैं कहता हूं, जो लोग डर में जीते हैं, वे पहले ही मर चुके हैं। डरो मत-खुद आकर देखिए। भोलेनाथ आपका इंतजार कर रहे हैं।

## ट्रोल करके सरकार चला रही भाजपा: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ चुनौतियों से निपटने और विदेश नीति में पूरी तरह विफल है भाजपा सरकार: पवन खेड़ा

कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ट्रोल करके सरकार चला रही है और दबाव में देश के समक्ष मौजूद चुनौतियों से निपटने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहलगाम हमले के बाद जब पूरा देश एकजुट होकर खड़ा था और पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा था तो भाजपा के लोग इस दौरान भी विभाजन की राजनीति कर रहे थे और नफरत फैलाने के काम में लगे थे। उम्मीद की जा रही थी कि भेदभाव भुलाकर देशहित में काम होगा लेकिन भाजपा सरकार इसके उलट वह काम किया जो पाकिस्तान चाहता है। प्रवक्ता ने कहा कि संकट के समय कांग्रेस ने पूरी तरह से सरकार का साथ दिया। नेता विपक्ष राहुल गांधी अपना विदेशी दौरा छोड़कर स्वदेश लौट आए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तत्काल पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई और बयान जारी कर कहा कि हम सरकार के हर कदम में साथ हैं। इसके बाद गांधी पहले पहलगाम जाकर घायलों से और स्थानीय लोगों से मिले। हाल ही में पुंछ गए और पाकिस्तान की कायराना फायरिंग से प्रभावित लोगों से भी मिले। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमले के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान को सबक सिखाने का सही मौका था, लेकिन सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में अचानक सैनिक कार्रवाई रोकने की घोषणा कर सबको चौंका दिया। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, जब भारत किसी स्थिति में विदेशी ताकत के सामने झुक कर निर्णय लेने को मजबूर हुआ है। कांग्रेस प्रवक्ता ने सरकार की विदेश नीति की भी आलोचना की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के मंत्री सिर्फ डायलॉगबाजी कर रहे हैं।

## अर्थ व्यापार

## जबरदस्त मुनाफावसूली से शेयर बाजार हुआ ढेर

मुंबई, वार्ता



■ ट्रम्प के कर-कटौती विधेयक से अमेरिका का राजकोषीय घाटा बढ़ने की आशंका

राष्ट्रपति डोनालड ट्रम्प के कर-कटौती विधेयक से अमेरिका का राजकोषीय घाटा बढ़ जाने की आशंका के बीच स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त मुनाफावसूली से मंगलवार को शेयर बाजार की पिछले लगातार दो दिनों की तेजी थम गई तथा सेंसेक्स और निफ्टी आधे प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 624.82 अंक अर्थात 0.76 प्रतिशत लुढ़ककर 81,551.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 174.95 अंक यानी 0.70 प्रतिशत का गोता लगाकर 24826.20 अंक रह गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। इससे मिडकैप 0.18 प्रतिशत बढ़कर 45,191.80 अंक और स्मॉलकैप 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,865.29 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4084 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1979 में बिकवाली जबकि 1957 में लिवाली हुई, वहीं 148 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2955 कंपनियों के शेयरों में से 1462 में गिरावट जबकि 1412 में तेजी रही, वहीं 81 में टिकाव रहा। बीएसई में हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कैपिटल गुड्स और दूरसंचार की 0.78 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 15 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.42, सीडी 0.36, ऊर्जा 0.61, एफएमसीजी 0.79, वित्तीय सेवाएं 0.38, आईटी 0.71, यूटिलिटीज 0.57, ऑटो 0.66, बैंकिंग 0.60, धातु 0.52, तेल एवं गैस 0.51, पावर 0.35, टेक 0.49, सर्विसेज 0.38 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.68 प्रतिशत लुढ़क गए। विश्व बाजार का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.05, जर्मनी का डैक्स 0.80, जापान का निक्केई 0.51 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.43 प्रतिशत मजबूत रहा, वहीं चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.18 प्रतिशत की गिरावट रही।

### बीएसएनएल को लगातार दूसरी तिमाही में हुआ मुनाफा

**नई दिल्ली।** सरकारी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 280 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है। यह लगातार दूसरी तिमाही रही है जिसमें बीएसएनएल ने मुनाफा अर्जित किया है। बीएसएनएल ने मंगलवार को यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भी उसने 262 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसको 2247 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है जो इससे पिछले वित्त वर्ष में हुए 5370 करोड़ रुपए की तुलना में 58 प्रतिशत कम है। इस प्रकार उसके घाटे में सुधार हो रहा है।

## खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 25 रिंगिट की बढ़त के साथ 3860 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.57 सेंट चढ़कर 49.92 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000- 7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8800-8900 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17582 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 14871 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**वक्फ एक्ट....** उपाध्याय ने अपनी याचिका में वक्फ एक्ट, 1995 के विभिन्न प्रावधानों को असंवैधानिक बताते हुए उनको रद्द करने की मांग की है। केवल मुसलमानों के पास ही उनकी दान वाली संपत्तियों के प्रशासन से संबंधित कानून है। अन्य धर्मों के पास ऐसा कोई कानून नहीं है। इसलिए वक्फ एक्ट-1995 भेदभावपूर्ण है। याचिका में यह भी कहा गया है कि संशोधन के बावजूद कानून के कई प्रावधान आर्टिकल 14, 15, 21, 25, 26 और 27 का उल्लंघन करने वाले हैं, जो मुस्लिम समुदाय को सरकारी और गैर मुस्लिमों की संपत्ति को हथियाने का अधिकार देते हैं। राज्य सरकारी खजाने की कीमत पर, वक्फ और उनकी संपत्तियों के सत्यापन के लिए किए गए खर्च को मंजूरी नहीं दे सकता। जबकि अन्य धार्मिक संस्थानों और उनकी संपत्तियों के सर्वेक्षण के लिए न तो कोई समान नियम है और न ही खर्च का अनुदान है।

**कर्ज में दबे...** में एक दंपति, तीन बच्चों और दो बुजुर्गों सहित सात लोग पाए गए। उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि घटना के पीछे का कारण वित्तीय संकट और कर्ज हो सकता है। हालांकि, मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम देहरादून जाकर परिवार के रिश्तेदारों से बात करेगी।

**शारदा सिन्हा...**

मंत्री और कई विशेष अतिथि भी मौजूद रहे। इस सूची में 7 पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार विजेताओं में से 23 महिलाएं हैं और सूची में विदेशी/ एनआरआई/ पीआईओ/ ओसीआई श्रेणी के 10 व्यक्ति और 13 मरणोपरांत पुरस्कार विजेता भी शामिल हैं। वहीं कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनके पोते ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए बिबेक देबराय को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया है। उनकी पत्नी ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। बिबेक देबराय एक अर्थशास्त्री थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और वे उल्लेखनीय कार्यों के लेखक भी हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है। पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है। वहीं न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जगदीश सिंह खेहर को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म विभूषण सम्मान दिया गया है।

**यूपी में...** याचीगणों की सेवाएं 16 वर्ष से ज्यादा की हो चुकी है। अत: पुलिस मुख्यालय के सर्कुलर 17 मार्च 2012 के परिप्रेक्ष्य में द्वितीय प्रोन्नति वेतनमान पुलिस उपाधीक्षक के पद का ग्रेड पे 5400 रुपये पाने के हकदार है। याचिका में कहा गया था कि लाल बाबू शुक्ला के केस में हाईकोर्ट ने यह व्यवस्था प्रतिपादित की है कि पुलिस कर्मियों की प्रशिक्षण अवधि को सेवा में जोड़कर प्रोन्नति वेतनमान दिया जाए।

## राष्ट्रहित को राजनीतिक हितों से ऊपर रखें: धनखड़

नई दिल्ली, वार्ता



■ राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है: उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि संस्थानों की तरह ही राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है और राष्ट्रीय सुरक्षा तथा आर्थिक प्रगति जैसे विषयों पर सभी दलों को राष्ट्रहित को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर रखना चाहिए।

धनखड़ ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति निवास में 'राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम चरण सात' के उद्घाटन सत्र में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश की सोच को पूरी तरह बदल दिया है। समाज पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हो गया है। सभी राजनीतिक दलों ने मिलकर विदेशों में भारत का शांति और आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज को एकजुट रहना और मजबूत बनना होगा। संस्थानों की तरह ही राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है, क्योंकि सभी संस्थाओं का केंद्र राष्ट्रीय विकास, राष्ट्रीय कल्याण, सार्वजनिक कल्याण, पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्ठा है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक प्रगति जैसे विषयों पर सभी दलों को राष्ट्रहित को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं सभी राजनीतिक वर्गों से अपील करता हूं कि वे गहन चिंतन करें और इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि इन विषयों पर सहमति होनी चाहिए। कभी-कभी राजनीति राष्ट्रवाद और सुरक्षा जैसे विषयों पर बहुत तेज हो जाती है। इसे हमें पार करना होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए स्वदेशी शक्ति की आवश्यकता पर बल देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि युद्ध से सबसे अच्छा बचाव तब होता है जब हम शक्ति की स्थिति में हों। उन्होंने कहा कि शांति तब सुनिश्चित होती है, जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहें। शक्ति केवल तकनीकी क्षमता या पारंपरिक हथियारों से नहीं आती, बल्कि यह जनता से भी आती है। नागरिकों को उनके कर्तव्यों के पालन की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि संतुलन बनाए रखना ज़रूरी है। केवल अपने मौलिक अधिकारों की बात की जाती है और मौलिक कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह उदासीन रहते हैं। मौलिक कर्तव्यों का सार राष्ट्रीय कल्याण को प्राथमिकता देना, लोक व्यवहार, अनुशासन, सार्वजनिक संवाद, पर्यावरण और जीवन में भलाई आदि में योगदान देना।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मूल्यांकन कर खबरों को प्रकाशित करने से बढ़ेगी विश्वसनीयता : डीएम

■ जिला पंचायत सभागार में हुआ ग्रामीण पत्रकार समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि सूचनाओं का मूल्यांकन कर समाचार प्रकाशित कर पत्रकारिता की बिश्वस्नीयता को बढ़ाने का काम किया जाये। जन कल्याण के कार्यों मे सहयोग की भावना से आगे बढ़े। जल्दबाजी मे हो गयी त्रुटि को सुधार कर बिश्वस्नीयता के साथ आगे बढ़ें। श्री मिश्रा मंगलवार को जिला पंचायत के सभागार में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वरलाल की 38वीं पुण्यतिथि पर आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कीर्ति, साहित्य, धन, जन कल्याण के लिए हो तभी सार्थक है। संगोष्ठी में एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कहा कि सूचनाओं का मूल्यांकन करें, आंकलन करें, स्वार्थ सिद्धि से दूर रहे। वास्तविकता से भटके नहीं, पत्रकार प्रशासन का उचित मार्गदर्शन करें। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा की संसाधनों के अभाव के बावजूद ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार निरंतर अपने कार्य मे निष्ठा के भाव के साथ कार्य कर रहे हैं।

सोशल मीडिया की प्रासंगिकता पर प्रश्न उठे हैं।



क्षेत्र के पत्रकारों का सकारात्मक सहयोग प्रशंसनीय है। संगोष्ठी को एडीएम वित्त गजेंद्र कुमार, शिक्षाविद डॉ. संजीव चौधरी, जल प्रहरी डॉ. अनुज कुमार वर्मा, समाजसेवी ओमदत्त आर्य, आनन्द प्रकाश ने भी सम्बोधित किया।

संगोष्ठी में जिले के व्योवृद्ध पत्रकार गोविन्द वर्मा व कुलदीप नैयर अवार्ड से पुरस्कृत रोहिताश कुमार वर्मा को बालेश्वरलाल सम्मान से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा स्व. बाबू बालेश्वर लाल के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की गई। पत्रकारो द्वारा शहर में एक ऑडिटोरियम बनवाने की मांग की गयी। संगोष्टी में कवि रामकुमार रागी ने अपनी हास्य कविताओं को प्रस्तुत किया। संचालन संजीव मलिक मासूम ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या मे पत्रकारों ने भाग लिया।

# यातायात कर्मियों को धूप से बचाव को दीं किट

■ एसएसपी संजय वर्मा की पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी संजय वर्मा द्वारा कड़ी धुप मे तैनात यातायात पुलिसकर्मियों को बचाव की किट वितरित की गई। कड़ी धुप और बरसात से बचाव के लिए चश्मा,रैन कोट और सोल्डर लाइट से लेकर पानी की बोतल सहयोगी होंगी ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की आमजन वाहन चालकों को यातायात सुरक्षा के मद्देनजर भी किये गए।

हेलमेट वितरण एसएसपी संजीव वर्मा ने जिलेभर मे तैनात



ट्रैफिक पुलिसकर्मी जो चौक चौराहो से लेकर सड़को पर ड्यूटी करते है किट वितरण देने के साथ बढ़ाया उनका हौसला कार्यक्रम के दौरान एसपी ट्रैफिक अतुल चौबे, सीओ सिटी राजू कुमार शाव सहित ट्रैफिक इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह व ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

ट्रैफिक कर्मियों ने इसके लिए पुलिस अधिकारियों का आभार जताया है। और कहा है कि वह और अच्छे ढंग से अपने ड्यूटी को निभाएगे।



मुजफ्फरनगर: भगवान शनिदेव का अभिषेक करते श्रद्धालु।

# नाबालिग बच्चों की कस्टडी के लिए संघर्ष कर रही है विधवा माँ

■ ननद पर लगाया बच्चों को उसके खिलाफ भड़काने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एक विधवा माँ अपने नाबालिग बच्चों की कस्टडी के लिए संघर्ष कर रही है। थाना तितावी क्षेत्र की रहने वाली महिला के पति की 2018 में सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी। उस समय उनकी बेटी 10 वर्ष और बेटा 7 वर्ष का था। पति की मृत्यु के बाद बीमे की राशि को लेकर परिवार में विवाद शुरू हो गया। महिला का आरोप है कि उसकी दोनों ननदें बच्चों को अपने साथ ले गईं। एक ननद ने बेटी को और दूसरी ने बेटे को अपने साथ रखा। पीड़िता का कहना है कि उसकी ननदें बच्चों को उसके खिलाफ भड़का रही हैं। उन्होंने बाल कल्याण समिति में शिकायत की कि महिला अपने बच्चों की पिटाई करती है। महिला ने बताया कि पिछले दो महीने से दोनों बच्चे उसके साथ रह रहे थे। अब बेटी 13 वर्ष और बेटा 10 वर्ष का है।

महिला ने 2024 में दोनों बच्चों का दाखिला ज्ञान द्वीप पब्लिक स्कूल लालूखेडी में कराया है। वह अपने बच्चों को पाने के लिए अधिकारियों से गुहार लगा रही है। बच्चों की कस्टडी का मामला अभी विचाराधीन है।



मुजफ्फरनगर: पुण्य तिथि पर पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने दिया ज्ञापन

## मांगे ना माने जाने पर दी बेमियादी हड़ताल करने की चेतावनी

■ ज्ञापन देकर लगाया पूर्व समझौता न मानने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा पर काम कर रहे कर्मचारियों ने एक बार फिर अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करने की चेतावनी दी जिसके लिए उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील तेवतिया को स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन दिया

संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ सचिन जैन ने बताया कि 5 वर्ष पहले जो आंदोलन किया गया था और जो मांगे शासन स्तर पर मान ली गई थी लिखित में समझौता होने के बाद अधिकारियों ने धरना समाप्त कराया लेकिन आज 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी वह मांगे पूरी नहीं की गई है इस ज्ञापन में सात सूत्री मांगे रखी गई है जिसमें प्रमुख मांग महंगाई भत्ता, आवासीय भत्ता, लॉयल्टी बोनस एवं म्युचुअल ट्रांसफर की है। कोषाध्यक्ष डॉ फैसल सिद्दीकी ने बताया की मांग पत्र में नियमतिकरण संबंधित कोई मांग नहीं रखी गई है आज की महंगाई को देखते हुए सभी मांगे जायज है। आशा संगिनी निर्मला देवी ने बताया कि सरकार हर काम की जिम्मेदारी आशाओं को दे देती है परंतु अभी तक भी आशाओं के लिए न्यूनतम मानदेय तय नहीं किया गया है। जिला महिला चिकित्सालय से डॉ सुदेश वर्मा ने बताया की म्युचुअल ट्रांसफर पर रोक लगाई जाने के बाद से जो महिलाएं घर से दूर काम कर रही है उनको बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड रहा है महिलाओं को नौकरी के साथ-साथ घर की और बच्चों की जिम्मेदारी भी देखनी होती है उसको देखते हुए म्युचुअल ट्रांसफर पर रोक लगाना महिलाओं के साथ अन्याय है।

एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ शमशेर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 5 प्रतिशत की दर से मानदेय वृद्धि की जाती है जबकि महंगाई को देखते हुए प्रति वर्ष 10 प्रतिशत की मानदेय वृद्धि आवश्यक है। एनआरसी की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ आरती ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में काम करने के बावजूद भी किसी भी तरह का स्वास्थ्य बीमा कर्मचारियों को नहीं दिया गया है किसी भी बीमारी की दशा में अत्यंत कम मानदेय के बावजूद इलाज का खर्च भी खुद ही वहन करना पडता है। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष डॉ सचिन जैन कोषाध्यक्ष डॉ फैसल सिद्दीकी जिला महिला चिकित्सालय से डा प्रीति गर्ग, डॉ सुदेश वर्मा, डा फैसल परवेज, आशा संगिनी, निर्मला देवी एवं तुलसी, स्वाति, रेखा, रचना आशा, एनआरसी से डॉ आरती डाइटिशियन नेहा त्यागी, स्टाफ नर्स रेनू रानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से कोऑर्डिनेटर कमल कुमार, अश्वनी कुमार,मोहित कुमार एवं फार्मासिस्ट सचिन कुमार आदि शामिल रहे।



मुजफ्फरनगर: अपनी मांगों को लेकर धरना देते चिकित्सा संविदाकर्मी।

# शनि जयंती पर श्रद्धालुओं ने किया शनिदेव का गुणगान, मांगी मन्नतें

■ शनिधाम मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल मोड़ स्थित सिद्ध पीठ श्री शनि धाम मंदिर प्रांगण में वट अमावस्या एवं शनि जयंती का समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। एक दिवसीय इस आयोजन में प्रात: के समय श्री सुंदरकांड का पाठ प्रेम प्रकाश अरोड़ा व उनकी टीम मानव कल्याण परिषद द्वारा किया गया। इस महायज्ञ के यजमान के रूप में सपरिवार राहुल अग्रवाल रहे। इसके बाद 31 यजमानों द्वारा भगवान शनि देव का घी, नील, दूध, दही, बुरे से अभिषेक कर उनका अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात महा आरती संपन्न हुई। वट अमावस्या व शनि जयंती के अवसर पर पूरे मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया था। समस्त पूजन पाठ में धार्मिक अनुष्ठान पंडित केशवानंद, पंडित संजय कुमार मिश्रा, पंडित संतोष मिश्रा, शिव मिश्रा द्वारा संपन्न कराए गए।

उल्लेखनीय है कि वट अमावस्या के दिन ही भगवान शनि देव का जन्म हुआ था। उपरोक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शरद कपूर ने बताया कि दोपहर में महा आरती के बाद भगवान शनि देव को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया गया और बाद में हिमांशु कुमार के सौजन्य से विशाल भंडारा आयोजित किया गया। सायं काल की आरती के यजमान दिनेश कुमार रहे।

वट अमावस्या व शनि जयंती के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान शनि देव का गुणगान कर अपनी अपनी मन्नतें मांगी। श्रद्धालुओं में सुहागन स्त्रियों की संख्या भारी संख्या में देखी गई। इस आयोजन में आशीष, अनमोल, सतीश, राकेश कुमार, मंजू, नीतू भारद्वाज सांउड वाले आदि का भी उल्लेखनीय योगदान रहा। शनि जयंती समारोह में प्रबंध समिति की ओर से ललित मोहन शर्मा, शरद कपूर, नरेंद्र पवार, मुकेश चौहान, संदीप मित्तल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# पुण्य तिथि पर पंडित नेहरू को कांग्रेसियों ने किया याद

**मुजफ्फरनगर।** आधुनिक भारत के निर्माता पं जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं किसान चिंतक कमल मित्तल ने जिला कांग्रेस कमेटी के भगतसिंह रोड स्थित कार्यालय पहुंचकर स्व. नेता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिला कांग्रेस कमेटी के कैम्प कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतपाल कटारिया, धीरज महेश्वरी, नवीन गर्ग, विनोद धीमान, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सद्दाम सिद्दिकी, एनएसयूआई शहर अध्यक्ष आमिर सैफी, सतीश सहरावत हरीश त्यागी, रिजवान सहित अनेको कांग्रेसी नेताओं में दिवंगत नेता को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला बार संघ के होंडा हाल में भी भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं किसान चिंतक कमल मित्तल, इंद्रपाल मलिक, अशोक त्यागी, हाफिज अमीर अहमद ने पुष्पांजलि अर्पित की।

# प्रेम विवाह की रंजिश में सात हत्याभियुक्तों को उम्र कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रेम विवाह की रंजिश को लेकर औंकार की गोली मार कर हत्या के सनसनी खेज मामले में आरोपी प्रमोद उसके भाई बेटों सहित सात को उम्रकैद व 17-17 हजार रुपये का जुर्माना किया गया।

गत एक मार्च 2023 को थाना मीरां पुर के ग्राम रसूल पुर गाढ़ी मे प्रेम विवाह की रंजिश को लेकर प्रेमी के पिता ओंकार की गोली मार कर हत्या के मामले मे आरोपी प्रमोद भाई आजाद, दो बेटों दीपक अंकुर तथा प्रिंस सूर्य कांत व दीपक को उम्र कैद व 17-17 हजार रुपये जुर्माना किया गया हे आरोपी प्रिंस को शास्त्र कानून मे भी 5 हजार रुपये का जुर्माना किया गया है मामले की सुनवाई अपर जिला सत्र न्यायाधीश 7, रितेश सचदेवा की कोर्ट मे हुई अभियोजन पक्ष की ओर से शासकीय अधिवक्ता नीरज कांत मालिक और वादी की ओर से वकील फरीद अख्तर ने पेर रवि की अभियोजन पक्ष की कहानी के अनुसार घटना से तीन साल पहले आरोपी प्रिंस की बहन प्रीति ओंकार के बेटे अंकित के साथ गांव से भाग कर प्रेम विवाह कालिया था।

इसी रंजिश को लेकर तीन साल बाद एक मार्च 2023 को ओंकार की गोली मारकर हत्या व जानलेवा हमला किया था और तब ओंकार का मकान जला दिया था मामले मे मारे गए। ओंकार के बेटे सचिन ने मामला दर्ज कराया था।

# दो शिक्षकों ने एआरपी बनने से खड़े किए हाथ, 31 को मिलेगा ब्लॉक

**मुजफ्फरनगर।** एआरपी (अकादमिक रिसोर्स पर्सन) की लिखित परीक्षा का परिणाम के बाद सीडीओ के समक्ष हुए साक्षात्कार के बाद भी एआरपी बनने के लिए चयनित शिक्षकों में संख्या घटती जा रही है। साक्षात्कार के लिए पहुंचे 34 शिक्षकों में 33 को ब्लाक आवंटन काउंसलिंग में शामिल किया गया, जिसमें से भी दो शिक्षकों ने एआरपी बनने से हाथ खडे कर दिए हैं। अब केवल जनपद में 31 शिक्षकों को ही एआरपी बनाकर ब्लाक का आवंटन होगा। एआरपी (अकादमिक रिसोर्स पर्सन) की परीक्षा ओएमआर सीट के माध्यम से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्राचार्य संजय रस्तोगी के नेतृत्व में हुई थी। इस परीक्षा के लिए कुल 82 शिक्षकों ने आवेदन किया था, लेकिन 66 शिक्षक-शिक्षिकाओं का ही लिखित परीक्षा के लिए पंजीकरण था। इसमें भी 18 शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल नहीं हुए। इसके बाद 48 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने परीक्षा में भाग लिया था, जिसमें भी 12 शिक्षक एआरपी की परीक्षा में फेल हुए थे और 36 शिक्षक पास हो गए हैं। इसके बाद पास शिक्षकों की माइक्रो टीचिंग हुई, जिसमें एक शिक्षक नहीं पहुंच। केवल 35 ही शामिल हुए। इसके बाद तीसरी प्रक्रिया में सीडीओ कार्यालय में 35 शिक्षकों को साक्षात्कार होना था, जिसके लिए 34 शिक्षक ही शामिल हुए, जिसमें 33 शिक्षकों को ब्लाक आवंटन प्रक्रिया में शामिल किया गया। ब्लाक लेने में भी दो शिक्षक पीछे हट गए, केवल 31 शिक्षक ही एआरपी पद के लिए दावेदारी कर रहे हैं।

डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल एवं यूरोलॉजी सेंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086



मुजफ्फरनगर: गर्मी से बचाव करना ही बेहतर।

# प्रदर्शन कर ई-रिक्शा चालकों ने किया संघर्ष का ऐलान

■ रोजगार बचाने के लिए करेंगे अंतिम सांस तक संघर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय ई-रिक्शा मजदूर यूनियन द्वारा मंगलवार को जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रि को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में ई-रिक्शा चालकों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके उत्पीडन को रोकने की मांग की गई है।

यूनियन के अध्यक्ष सुदेश गौतम ने बताया कि मुजफ्फरनगर जिला छोटा है, और इसमें ई-रिक्शाओं पर रूट निर्धारण बंद होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि एआरटीओ विभाग के कर्मचारी और दलाल फिटनेस, टैक्स, और





ड्राइविंग-लाइसेंस के नाम पर ई-रिक्शा चालकों से कई गुना अवैध वसूली करते हैं। उन्होंने कहा कि जिन ई-रिक्शाओं के कागजात पूरे नहीं हैं, उनके अवैध संचालन पर रोक लगाई जाए और 10 किलोमीटर से बाहर के ई-रिक्शा चालकों के लिए अलग अड्डे बनाए जाएं। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि ई-रिक्शा की बीमा पॉलिसी की फीस कम की जाए और हर ई-रिक्शा चालक का लाइसेंस पंजीकरण अनिवार्य किया जाए। यूनियन ने यह भी कहा कि जो ई-रिक्शा स्कूल में बच्चों को लाने-ले जाने में लगे हैं, वे स्कूल समय के बाद अन्य क्षेत्रों में भी चला सकें।

इसके अलावा, पुलिस द्वारा ई-रिक्शा चालकों पर अवैध चालान काटने की समस्या को भी ज्ञापन में उठाया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में सुदेश गौतम, नरेश कुमार, मौ. नौशाद, ओमपाल, सोहनवीर, मौ. सलमान, अमित पाल, संजय पाल, टीटू पाल, जयकुमार, अशोक उपाध्याय, सतीश, सतबीर, जयवीर, गुड्डू, महेश, जसबीर सहित कई अन्य ई-रिक्शा चालक शामिल रहे।

यूनियन ने स्पष्ट किया कि वह ई-रिक्शा चालकों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रहेगी और उन्हें न्याय और सम्मान दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी।

UPADHYAY NAYAN SAGAR JAIN DEGREE COLLEGE
JAMALPUR JHINJHANA SHAMLI DISTT SHAMLI
(To be affiliated NCTE, Maa Shakumbhari University Saharanpur)
Invite applications for qualified & experienced candidates for the following post.
Applications are invited of faculty members of BA & B.Com. Course.
BA Drawing & Painting, BA Education
B.Com.
Note: Norms & Standards as per NCTE/UGC, UP Govt & Maa Shakumbhari University Saharanpur.
Apply through email with CV, Photo and photocopies of all certificates or Post within 7 Days
Secretary: Vaibhav Jain
Mob: 9568498861
EMAIL: - VAIBHAVJAINUP12@GMAIL.COM

# अतिक्रमण हटाओ अभियान में सख्ताई से हड़कंप

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर पालिका प्रशासन और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने मंगलवार को बुढ़ाना रोड, जीटी रोड पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा अभियान चलाया। एसडीएम खतौली और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान ने इलाके में हड़कंप मचा दिया।

प्रशासन और नगर पालिका की टीम ने सड़क किनारे अवैध रूप से बने अतिक्रमण को हटाया। कार्रवाई के दौरान अल अमायरा, दिल्ली दरबार समेत कई नॉनवेज होटल और दुकानों पर जुर्माना लगाते हुए दर्जनों चालान काटे गए। टीम ने सड़क के किनारे रखे सामान, ठेले और अस्थायी निर्माणों को हटाया और दोबारा अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसा दोहराया गया तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम संजय सिंह ने कहा कि सड़क पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और जनता की सुविधा के लिए यह अभियान आवश्यक था। अतिक्रमण के कारण न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि आम लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है। ऐसे में यह कदम उठाना अनिवार्य था। अभियान के दौरान नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ-साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या विरोध उत्पन्न न हो। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि अतिक्रमण से आम जन जीवन



प्रभावित होता है, और इस पर सख्ती ज़रूरी है। कार्यक्रम में खाद्य निरीक्षक नेपाल सिंह, संदीप अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार, श्रवण कुमार, रंजीत कुमार, सफाई नायक रवि राजकुमार, पपलेश, ज्योति और अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन ने सभी दुकानदारों और व्यापारियों से अपील की कि वे सरकारी नियमों का पालन करें और अतिक्रमण से बचें।

# वहलना कट के पास हादसे में 11 यात्री घायल

**मुजफ्फरनगर।** वहलान कट के पास चालकों की लापरवाही से एक हादसा हुआ। टेंपो ट्रैवलर व गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रैवलर में सवार चालक समेत 11 लोग घायल हो गए। छह घायलों को पुलिस ने बेगराजपुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, जबकि पांच का जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने घायल लोगों के स्वजन को सूचना दे दी है, लेकिन इससे पहले सभी घायल प्राथमिक इलाज के बाद वापस राजस्थान लौट गए। सभी तीर्थ यात्रा पर हरिद्वार के लिए जा रहे थे।

सोमवार को राजस्थान से एक दर्जन से अधिक लोग टेंपो ट्रैवलर से तीर्थ यात्रा पर हरिद्वार जा रहे थे। इसी दौरान राणा चौक के पास वहलान कट के पास गेंहू से भरे ट्रैक्टर-ट्राली से ट्रैवलर की भिड़ंत हो गई। ट्रैवलर में सवार लोगों की चीथ पुकार सुनकर आसपास के लोग आ गए। उन्होंने पुलिस को तत्काल जानकारी दी। सूचना मिलते ही एसआइ पंकज सागर, कांस्टेबल राहुल नागर, अजीत, राहुल, लक्ष्मी नारायण व हेड कांस्टेबल रंजीत मौके पर पहुंचे और प्राइवेट वाहनों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल व बेगरापुर मेडिकल कालेज में भिजवाया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक सुशील कुमार भाग गय, जो सहारनपुर जिले के देवबंद थानाक्षेत्र के जड़ौदा कट का रहने वाला है। सिविल लाइंस थाना प्रभारी ने बताया, हादसे में 60 वर्षीय रमेश, 55 वर्षीय उनकी पत्नी पवन, 35 वर्षीय ललित, 50 वर्षीय पप्पू, तुलसाराम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि मुकेश, 49 वर्षीय श्वेता राम माली, 39 वर्षीय मंजू 41 वर्षीय टेंपो ट्रैवलर चालक दिनेश भारती, 34 वर्षीय अनीता गहलोत व 34 वर्षीय आशा को बेगराजपुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। सभी जालौर राजस्थान के रहने वाले हैं। सिविल लाइंस थाना प्रभारी आशुतोष ने बताया, इलाज के बाद सभी दूसरे वाहन से वापस लौट गए है। दोनों पक्षों में समझौता हो गया। किसी ने तहरीर दी।

## पालिका की तीन स्ट्रीट लाइट उतार ले गए बिजली वाले

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका परिषद् के वार्ड संख्या 43 के सभासद पति एवं भाकियू के पूर्व मंडल महासि. चव शाहिद आलम ने बताया कि उनके वार्ड के अन्तर्गत अम्बा विहार मुख्य मार्ग पर दो दिन पहले स्टेडियम बिजलीघर के लाइनमैन और एल एंड टी कंपनी के कर्मचारियों द्वारा विद्युत सुधार योजना में एलटी लाइन पर एबीसी केबिल बदलने का काम किया गया था। इसी बीच यहां पर जैन मंदिर के सामने दो विद्युत पोल और बचपन प्ले स्कूल के बराबर में लाला रतनलाल के गेट के सामने लगे एक विद्युत पोल से तीन स्ट्रीट लाइट उतार ली गई थी।

## तीन भाइयों पर लगा छेड़छाड़ का आरोप

**बुढ़ाना।** 3 सगे भाइयों पर एक महिला ने उसकी 3 पुत्रियों संग छेड़खानी व विरोध करने पर मारपीट का आरोप लगाया है। उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बुढ़ाना पुलिस को बताया कि उसके पुत्र को ब्लड कैंसर है। जिसके इलाज के लिये उसका पति व छोटा लडका उसके पुत्र का इलाज कराने दिल्ली गये हुए हैं। घर पर वह, उसकी 3 पुत्रियां व उसके बीमार पुत्र को देखने के लिये आई ननद व उनकी लडकी घर पर ही हैं। आज मंगलवार की दोपहर वह और उसकी ननद एक कमरे मे व उसकी तीनों पुत्रियां व ननद की पुत्री चारों एक कमरे सो रहे थे। तभी मौहल्ले का ही रविन्द्र, सतीश व पंकज पुत्रगण हुकम चंद दारु के नशे की हालत में मेरी पुत्रियों के कमरे में घुस गये और मेरी पुत्रियों संग गंदी हरकतें करने लगे। शोर शराबा होने पर में और मेरी ननद कमरे की ओर दोडे तो देखा तीनों भाई मेरी पुत्रियो के साथ जबरदस्ती कर रहे हैं और मेरी पुत्रियो को जमीन पर गिरा रखी हैं। उसने और मेरी ननद ने तीनों भाइयों के चंगुल से पुत्रियों को बडी मुश्किल से छुडाया। मेने उनको बड़ी मुश्किल से भगाया तो वे चले गये मगर कुछ देर बाद वे लाठी डंडे लेकर दोबा. रा उसके घर में घुस गये और गंदी गालियां देते हुए मारपीट की। तब उसकी ननद की पुत्री ने उनके गलत कृत्य की वीडियो बनाई तो उसकी गर्दन पर वार किया जो वीडियो में मौजूद है। अपने आपको विडियो में कैद होता देख तीनों हत्या की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. 10381/08.11.2010 मे नियमो की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम अंकित नही कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम असद त्यागी है भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। नाम पंजीकरण हेतु आवे. दन पत्र संबंधित विभाग मे प्रस्तुत किया गया है।

**मौ. अरशद 434, महमूदनगर मुजफ्फरनगर। मो.6396257564**



मुजफ्फरनगर: किडनी रोगों पर रोशनी डालते विशेषज्ञ चिकित्सक रवि सिंह।

# अच्छी लाईफस्टाईल अपनाने से ही किडनी रहेगी स्वस्थ : डा.रवि सिंह

**किडनी शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज ने आज शहर स्थित गंगाराम अस्पताल के सहयोग से अपनी नेफ्रोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। यह सेवाएं मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के नेफ्रोलॉजी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. रवि सिंह, की उपस्थिति में शुरू की गईं। डॉ. रवि सिंह अब हर महीने के दूसरे और चौथे मंगलवार को दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक मरीजों के लिए प्राथमिक परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे।

ओपीडी सेवाओं के शुभारंभ के अवसर पर डॉ. रवि सिंह ने कहा, हहमें मुज़फ्फरनगर में अपनी विशेष नेफ्रोलॉजी सेवाएं शुरू करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है। यह नई ओपीडी सेवा हमारे उस संकल्प का प्रमाण है, जिसके तहत हम क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्यरत हैं। हमारा उद्देश्य विशेषज्ञ देखभाल और उन्नत उपचार विकल्पों को लोगों के नज़दीक लाना है।

आधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरणों और नवीनतम उपचार तकनीकों से लैस यह ओपीडी सुनिश्चित करती है कि मरीजों को उनके अपने शहर में ही उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं मिल सकें। हमारी नेफ्रोलॉजी विभाग की सेवाएं संपूर्ण हैं कृ जिनमें रोकथाम संबंधी परामर्श से लेकर जटिल सर्जिकल इंटरवेंशन तक सब कुछ एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। यह पहल हमारे समुदाय के स्वास्थ्य को सुखद् करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।ह

इन ओपीडी सेवाओं की शुरुआत के साथ, अब मुज़फ्फरनगर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं होगी। ये नई सेवाएं यह सुनिश्चित करेंगी कि मरीजों को किडनी से जुड़ी समस्याओं के लिए समय पर और प्रभावी उपचार प्राप्त हो सके, जो कि इन बीमारियों के प्रबंधन में अत्यंत आवश्यक है।

# नृत्य प्रतियोगिता में मैपल्स एकेडमी के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के अटल सभागार में आयोजित गायन व नृत्य प्रतियोगिता में मैपल्स एकेडमी के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और कई पुरस्कार जीते। सोलो डांस में एंजेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वैष्णवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जूनियर डांस ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सीनियर डांस ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले और भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई पर आधारित नाटिका का मंचन किया, जिसने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया स

इसी के साथ छात्रों ने ष्तुझे सूरज कहूं या चंदा गीत की विशेष प्रस्तुति दी, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया स



प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने सभी विजेताओं को बधाई दी और कहा कि मैपल्स एकेडमी पढ़ाई के साथ-साथ अन्य कौशलों में भी छात्रों के लिए बहुत कुछ कर रहा है। प्रबंधक समिति के विपिन सिंघल और श्रीमती सोनम सिंघल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि छात्रों को प्रबंधन की तरफ से पूरा सहयोग मिलेगा।

## गैंगस्टर के वांछित अभियुक्त को भेजा जेल

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश प कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में बुढ़ाना कस्बा चौकी इंचार्ज सन्दीप कुमार ने हैड कांस्टेबल शिव कुमार त्यागी और कांस्टेबल मौहम्मद इस्फाक के सहयोग से किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर गश्त करने के दौरान खतौली तिराहे से गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने पुलिस टीम को अपना नाम अरशद पुत्र नूरुद्दीन अली निवासी इस्माईलनगर सुभाष बाजार थाना कोतवाली जनपद मेरठ बताया। पुलिस के अनुसार उक्त अभियुक्त अरशद पुत्र नूरुद्दीन के खिलाफ जनपद मुजफ्फरनगर के चरथावल, ककरौली, शाहपुर और बुढ़ाना कोतवाली में विभिन्न 08 अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त अरशद को लिखा-पढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है।

# हिंसा, झूठ, चोरी, बुरी निगाह व परिग्रह पांच पाप हैं हमें अपने जीवन से इन्हें दूर करने का प्रयास करना चाहिए

**भोजन सामग्री का समझाया गया अलग-अलग अर्थों में महत्व**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जैन संस्कृति एवम नैतिक संस्कार के चतुर्थ दिन श्री चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर पीसनोपाडा खतौली में अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन खतौली व संयुक्त तत्वावधान उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान उत्तर प्रदेश सरकार के सान्निध्य में आयोजित शिविर में मंगलवार को सभी बालकों व बालिकाओ को जिनेन्द्र भगवान की पूजन में चढ़ाए जाने वाली सामग्री का अलग अलग अर्थ समझाया गया इसके बाद बाल कक्षा टीकम गढ़ मध्य प्रदेश के आशीष शास्त्री व इंदौर से पधारे सुमित शास्त्री और विदेह जैन ने ली । बच्चों को बताया गया कि हिंसा झूठ चोरी बुरी निगाह व परिग्रह पांच पाप है हमे अपने जीवन से इन्हें दूर करने का प्रयास करना चाहिए ।उसके बाद हैदराबाद से पधारे डॉ पुनीत जैन का प्रवचन हुआ उन्होने दौलतराम जी द्वारा रचित छहढाला ग्रंथ की छटवीं ढाल का आशय समझाया कि हम अपनी गलती से दुखी हैं

इच्छा आकुलता की जननी है हमे इच्छा को दबाना नही उसे समाप्त करना चाहिए दोपहर में मेरी भावना नामक स्तुति पर प्रवचन करते हुए आशीष शास्त्री ने बताया जिसने राग द्वेष और काम भाव को जीत लिया है और सर्वज्ञ होकर जगत को कल्याण का उपदेश देते हैं ।

वही भगवान होते हैं शाम को प्रवचन के बाद करोड़पति रिक्शा वाला नामक नाटक का मंचन वीतराग विज्ञान पाठशाला के कलाकारों द्वारा हुआ कार्यक्रम में , कलपेंद्र जैन शशांक महलका ,राजकुमार जैन,राहुल जैन,मुकेश जैन हितेश जैन मनोज आढ़ती अनन्त वीर्य जैन मदन जैन निशांत जैन,विनय जैन,सुशील जैन मंडी संजय दादरी, अंकित अशोक संजय जय भगवान ,सुनील ठेकेदार, हरिश्चंद्र जैन कुलदीप,रजनी, शैलबाला, रीतू सोनम विदुषी शिल्पी, संगीता,अंजू,अंजलि मृदुला जैन आदि सैंकड़ो की संख्या में जैंन श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र एवं पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स. क्रमश् 1487/10.02. 12,10076/16.09.13 मे गलती से नाम क्रमश: अथर्व कौशिक व अनिका अंकित करा दिया जबकि वास्तविक नाम अथर्व शर्मा व अनिका शर्मा है। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक, शुभम शर्मा**
**नरोदा अहमदाबाद**
**7060070090**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म रजिस्ट्रेशन स01219/01.02.22 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा नाम विहान चौधरी अंकित नही कराया गया। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**अंकित कुमार, पचेंडा कला मु०नगर 7351497621**

# समाजवादी पार्टी की समीक्षा बैठक में हुआ हंगामा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** समाजवादी पार्टी की खतौली विधानसभा की बूथ, सेक्टर प्रभारियों और संगठन की समीक्षा बैठक मंगलवार को सैनी नगर स्थित सैनी धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पर्यवेक्षक वीरसिंह ने शिरकत की। हालांकि, यह समीक्षा बैठक संगठनात्मक मजबूती की बजाय आपसी टकराव और गुटबाजी की भेंट चढ़ती नजर आई। बैठक के दौरान सैनी बनाम गुर्जर समाज के बीच गहराती खाई खुलकर सामने आई। खासकर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार ने विवाद को और अधिक तीखा बना दिया। सूत्रों से पता चला की सपा प्रदेश सचिव द्वारा बैठक में मौजूद कई महिलाओं तथा श्यामलाल बच्ची सैनी की धर्मपत्नी व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुषमा सैनी का अपमान किया गया। इससे नाराज़ होकर सभी महिलाएं बैठक का बहिष्कार कर बीच में ही निकल गईं। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब प्रदेश कार्यकारिणी प्रभारी बच्ची सैनी व जिला अध्यक्ष जिया चौधरी के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति उत्पन्न हो गई। बैठक में उपस्थित लोगों का कहना था कि यह पूरी स्थिति आगामी विधानसभा टिकट को लेकर सैनी और गुर्जर समाज के बीच बढ़ती खींचतान का नतीजा है।

घटना के बाद नाराज होकर बच्ची सैनी भी बैठक छोड़कर चले गए। बैठक में पार्टी की एकता और अनुशासन पर सवाल उठते नजर आए, जो आने वाले चुनावों में संगठन की दिशा पर असर डाल सकते हैं। समीक्षा बैठक में प्रदेश सचिव इलम सिंह गुर्जर, विनयपाल प्रमुख, जिला महासचिव विकिल अहलावत, बालमुकुंद ग्रेड,प्रदेश कार्यकारणी प्रभारी श्याम लाल बच्ची सैनी, जिला सचिव इकबाल अहमद, नगर अध्यक्ष इरफान टेंपू, इमरान सिद्दीकी, सुषमा सैनी जिलाध्यक्ष महिला सभा, सन्तोष सैनी जिया उपाध्यक्ष, सुमन सैनी नगर अध्यक्ष, निशा कात्यान विधानसभा अध्यक्ष, इमलाक प्रधान, वकीला बेगम, रविकांत त्यागी जिला उपाध्यक्ष, गजेंद्र प्रधान जिला सचिव, पंकज सैनी, वसीम अहमद, अभिषेक गोयल जिला उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, आफाक पठान, देवेंद्र मालिया, ब्लॉक अध्यक्ष नरेश कश्यप, अरशद मुल्तानी, जानसठ ब्लॉक महेद्र सैनी, शादाब परदेशी विधानसभा महासि. चव, दिलशाद मलिक, नीरज शर्मा, दानिश काजी, खीजर क़ाज़ी विधानसभा अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, शमीम अब्बासी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खतौली विधानसभा में सैनी समाज का रहा है दबदबा

बात करें अगर खतौली विधानसभा की टू खतौली विधानसभा में सैनी समाज का दबदबा पिछले दो विधानसभा चुनाव में दिखाई दिया था जब 2017, 2022 के विधानसभा चुनाव में विक्रम सैनी ने अपने प्रतिद्वंद्वी को भारी मतों से हराकर जीत हासिल की थी वही 2012 के विधानसभा चुनाव में भी दूसरे नंबर पर रहे बच्चे लाल सैनी ने चुनाव में अपने प्रतिद्वान दी करतार सिंह भडाना को कड़ी टक्कर दी थी। वही मंगलवार को खतौली में हुई सपा समीक्षा बैठक में आगामी 2027 के चुनाव में सैनी बनाम गुज्जर समाज के टिकट को लेकर राजनीति गरमाई जिसको लेकर जमकर हंगामा हुआ और वही बैठक में सैनी समाज के लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला।



मुजफ्फरनगर: सपा की बैठक में होता जमकर हंगामा।

**आवश्यकता है**

स्ववित्तपोषित **स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज भोपा** मुजफ्फरनगर में हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, एवं चित्रकला विषयों (प्रत्येक में 01) पद हेतु असिस्टेंट प्रोफेसर की आवश्यकता है। प्रत्येक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो सहित 02 प्रतियों में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर रजिस्टर्ड डाक से सचिव, स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज भोपा मुजफ्फरनगर पिन 251308 के नाम से प्रेषित करें या कॉलेज कार्यालय में प्रात: 9:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक सभी कार्य दिवस में उपस्थित होकर जमा करायें। योग्यता विश्वविद्यालय परिनियमावली एवं यू0जी0सी0 द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप

**संपर्क सूत्र 9758815583 , 8859050750**

**दिनेश कुमार (सचिव)**
**स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज भोपा मुजफ्फरनगर**

# क्या बस नाम के ही रह गये हैं गौरक्षक...

## तड़पती रही बीमार गाय, मुस्लिमों ने ली सुध

**बुढ़ाना।** दो दिन से बीमार एक लावारिस गाय को देखकर ऐसा लगा कि गौरक्षक बस नाम के ही रह गये हैं। किसी भी गौरक्षक ने बीमार गाय की सुध नहीं ली। जब इस बात का पता मुस्लिम भाकियू नगर अध्यक्ष मौहम्मद इसरार को लगा तो उन्होंने एसडीएम को सूचना देते हुए बीमार गाय को नगर पंचायत कर्मचारियों की मदद से गौशाला में पहुंचाया और उसका उपचार कराकर जान बचाई।

मिली जानकारी के अनुसार दो दिन से एक गाय बीमार अवस्था में तहसील के पीछे सड़क पर लावा. रिस हालत में पड़ी थी। तब इसकी टहल बस्ती के मुस्लिम लोग ही कर रहे थे। उन्होंने आज मंगलवार के दिन गाय की हालत ज्यादा ही खराब देखी तो इसकी सूचना उन्होंने भाकियू नगर अध्यक्ष मुहम्मद इसरार को दी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर गाय की हालत देख एसडीएम राजकुमार भारती को इसकी सूचना दी तो कुछ ही देर बाद मौके पर पशु विभाग के चिकित्सक और नगर पंचायत के कई कर्मचारी भी पहुंचे। चिकित्सको ने बीमार गाय का उपचार कर गाय को एक वाहन के जरिए गौशाला में भिजवाया। लोग कहते रहे कि शायद गौरक्षक सिर्फ नाम के ही रह गये हैं।

जो बस माहौल खराब करना ही जानते हैं लेकिन गौवंश अगर बीमार हो जाए तो उसकी सुध तक नहीं लेते। बस्ती के मुस्लिम लोगों ने ही बीमार गाय की टहल करते हुए उसको जीवनदान देने का काम किया है। गौरक्षकों की गायों के प्रति कथित प्यार की चर्चा यहां जोरों शोरों पर है।




बुढाना: समर कैंप में प्रतिभाग करती छात्राएं।

# समर कैम्प के समापन के साथ ग्रीष्मकालीन अवकाश हुआ शुरू

**बुढाना।** कस्बे के बड़ौत रोड पर स्थित शिक्षण संस्था दयानन्द इण्टर कालिज में चल रहे समर कैम्प के छठें दिन खेलों के साथ समर कैम्प का समापन कर दिया गया तथा बच्चों का ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू कर दिया गया।

समर कैम्प में खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया। जहां छात्रों ने वालीवाल, क्रिकेट और कबड्डी में रूचि दिखाई तो वही छात्राओं ने खो-खो, बैडमिंटन एवं शतरंज के खेल में अपनी प्रतिभा दिखाई। कॉलेज के शारीरिक शिक्षा के शिक्षक अनुज वेदवान सभी बच्चों को गाइड करते नजर आये। विद्यालय के प्रबंधक तेजपाल सहरावत ने बच्चों को बताया कि खेलों से विद्यार्थी स्वस्थय रहते हैं। संचालिका उमेश सहरावत ने बताया कि खेल भी छात्र जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।समर कैम्प में प्रधानाचार्य संजीव कुमार, प्रवक्ता सोनू कुमार, शारीरिक शिक्षक अनुज वेदवान, नितिन, सिद्धार्थ, नीरज, अमित, अनिता, सीमा का विशेष सहयोग रहा।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र शादाब व उसकी पत्नी समीना मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। ये दोनों मेरे व मेरे परिवार के साथ बदतमीजी व क्रूरतापूर्ण व्यवहार करते है। इस कारण मैने अपने पुत्र शादाब व उसकी पत्नी समीना से सम्बन्ध विच्छेद करते हुए इन दोनों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मै परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। अपने कृत्य व लेन-देन के लिए ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मेहरबान पुत्र हाशिम निवासी म.न.-1429/84 साउथ खालापार थाना खालापार जिला-मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी सम्पत्ति स्थित मौहल्ला सुभाष नगर, सरवट मुजफ्फरनगर का एक पिछला बैनामा क्रमांक 16000 दिनांकित 30.12.2008 जोकि मौ0 अकबर पुत्र श्री इमामू दीन के नाम से है। दिनांक 19.05.2025 को शिव चौक मुजफ्फरनगर के आस-पास कही गिर गया है जो काफी तलाश करने पर भी नही मिला हैं। इसका कोई भी प्रयोग अवैध होगा यदि किसी सज्जन को मिले तो निम्न पते पर भेजने का कष्ट करे।

**अली जान अहमद पुत्र श्री अली हसन निवासी 119, गली न.7, नसीरपुर रोड, मौहल्ला सुभाष नगर, सरवट, मुजफ्फरनगर**

# खाद संकट को लेकर फूटा किसानों का आक्रोश, हंगामा



**जानसठ।** यूरिया और डीएपी द्धडाईऋ खाद की पर्याप्त आपूर्ति न होने से किसानों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। गन्ना समिति कार्यालय पर सैकड़ों किसानों ने धरना प्रदर्शन करते हुए गोदाम और कार्यालय में ताला बंदी कर दी। किसानों का आरोप है कि उन्हें समय पर और पूरी मात्रा में खाद नहीं दी जा रही है, जबकि पहले ही 27 तारीख खाद वितरण की तय की गई थी।

मंगलवार को गन्ना समिति पर दर्जनों किसानों ने खाद की समस्या को लेकर भाकियू एनसीआर अंकुश प्रधान के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर ऑफिस और खाद कर गोदाम पर ताला बंदी की गई। गुस्साए किसानों ने कहा कि खाद लेने के लिए उन्हें ष्तारीख पर तारीख मिल रही है लेकिन खाद नहीं। मौके पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से अंकुश प्रधान (एनसीआर महामंत्री) और जोगेंद्र पहलवान सहित सैकड़ों किसान शामिल थे। धरने के दौरान किसान जब समिति के अधिकारियों से मिलने पहुंचे तो उन्हें वहां मात्र दो कर्मचारी डयूटी पर मिले, जबकि समिति में लगभग 70-80 स्टाफ तैनात हैं। अधिकारियों के नदारद रहने और कर्मचारियों की लापरवाही पर आक्रोशित किसानों ने दोनों कर्मचारियों को बंधक बना लिया। किसानों ने खाद वितरण में अनियमितता, जरूरत के अनुसार खाद न देने और कुछ कंपनियों से सांठगांठ कर महंगी दर पर खाद बेचने के गंभीर आरोप लगाए। किसानों के मुताबिक, 30 की दवाई को 100 में बेचा जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अमले में हलचल मच गई। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही खाद की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। अंकुश प्रधान ने चेतावनी देते हुय किसानों को खाद न मिलने तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा और मांग पूरी न होने पर आंदोलन उग्र भी हो सकता है। किसानों में विदेश मोतला, सचिन चौधरी आदि मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी के टिकट पर आज होगा फैसला

**शाहटाइम्स सवांददाता**
**खतौली।** आगामी विधानसभा 2027 के चुनाव को लेकर समा. जवादी पार्टी ने तैयारियां तेज़ कर दी हैं। खतौली विधानसभा सीट से सपा के प्रत्याशी को लेकर आज बड़ा फैसला लिया जाएगा। समाजवादी पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक खतौली के सैनी नगर स्थित सैनी धर्मशाला में आयोजित की जाएगी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी पर्यवेक्षक वीर सिंह एवं पूर्व ज़िला अध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर मौजूद रहेंगे। इसी बैठक में तय होगा कि इस बार सपा का उम्मीदवार कौन होगा।खतौली से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ नेता श्यामलाल उर्फ़ बच्ची सैनी की दावेदारी को लेकर ज़ोरदार चर्चा है। पूर्व में विधानसभा चुनाव में बच्ची सैनी ने समाजवादी पार्टी की ओर से टिकट पाकर ज़ोरदार टक्कर दी थी और जनता ने उन्हें भरपूर समर्थन भी दिया था। वे मामूली अंतर से चुनाव हार गए थे, लेकिन पूरे चुनाव के दौरान और उसके बाद भी जनता के बीच सक्रिय रहे। बच्ची सैनी की छवि एक जनसेवक की रही है, जो चुनाव खत्म होने के बाद भी लगातार जनता के बीच रहकर उनकी समस्याएं सुनते और समाधान का प्रयास करते हैं। सैनी एवं मुस्लिम समाज में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है, जो उन्हें एक मज़बूत उम्मीदवार बनाती है। क्षेत्र की जनता उन्हें इस बार प्रत्याशी बनाए जाने की उम्मीद के साथ देख रही है। जनता का मानना है कि इस बार अगर बच्ची सैनी को टिकट मिलता है, तो यह सपा के लिए एक मज़बूत दांव साबित हो सकता है।



## क्या अखिलेश यादव के इरादों पर खरे उतरेंगे श्यामलाल उर्फ़ बच्ची सैनी?

**खतौली।** खतौली विधानसभा सीट को लेकर समाजवादी पार्टी में हलचल तेज़ है और एक बार फिर से यह सवाल चर्चा में है कि क्या इस बार भी श्यामलाल उर्फ़ बच्ची सैनी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव के भरोसे पर खरे उतरेंगे? पूर्व में समाजवादी पार्टी की ओर से खतौली सीट से प्रत्याशी रहे बच्ची सैनी ने पार्टी की उम्मीदों को मजबूती दी थी। वे बहुत कम अंतर से चुनाव हार गए थे, लेकिन क्षेत्र की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं में उनका प्रभाव बना रहा। उन्होंने न सिर्फ़ चुनाव में दमदार उपस्थिति दर्ज कराई बल्कि चुनाव के बाद भी लगातार जनता के बीच सक्रिय रहे। बच्ची सैनी का राजनीतिक अनुभव, सैनी और मुस्लिम समाज में उनकी मज़बूत पकड़, और जनता के साथ सीधा जुड़ाव उन्हें एक बार फिर अखिलेश यादव की पसंद बना सकता है। वे पहले भी पार्टी नेतृत्व, विशेषकर अखिलेश यादव का ब्विास जीत चुके हैं, और पार्टी की नीतियों को जमीनी स्तर पर पहुंचाने का काम करते रहे हैं। क्षेत्र की जनता और सपा कार्यकर्ता एक बार फिर बच्ची सैनी को प्रत्याशी के रूप में देखना चाहते हैं, और यही वजह है कि सवाल उठ रहा है ख्र क्या बच्ची सैनी फिर साबित करेंगे कि वे अखिलेश यादव की कसौटी पर खरे उतरने वाले नेता हैं?।

# जमीन विवाद में हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम भुम्मा में रविवार रात जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई, जो देखते ही देखते मारपीट और फायरिंग में बदल गई। इस घटना में महकार पुत्र करन सिंह उम्र 65 वर्ष की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।मृतक के पुत्र बलराम की तहरीर पर जानी उर्फ योगेंद्र पुत्र सतपाल, सोकेंद्र पुत्र सतपाल, सतपाल पुत्र तिर्खा, संतरपाल पुत्र तिर्खा और सुनील पुत्र संतरपाल निवासी ग्राम भुम्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। बलराम के अनुसार, उक्त पांचों अभियुक्त जबरन घर में घुसे और सोकेंद्र ने महकार के सीने में गोली मार दी। योगेंद्र ने सोनी के सिर पर धारदार हथियार से हमला किया, और सुनील ने बलराम पर फायरिंग करने के साथ उसके सिर पर तमंचे की बट से वार कर घायल कर दिया। बताया गया कि कुछ दिन पूर्व जमीन की डोल को लेकर हुआ विवाद था। मुख्य आरोपी सोकेंद्र दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात है और उसी ने 315 बोर के तमंचे से महकार की हत्या की। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार को संत. रपाल पुत्र तिर्खा व सुनील पुत्र संत. रपाल निवासीगण ग्राम भूम्मा को घटायन बक्र्रडर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। अधिका. रियों ने बताया कि सभी जरूरी कानूनी प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस ने गांव में सुरक्षा के मद्देनजर अतिरिक्त बल तैनात किया है।

# श्री राम कॉलेज में बीबीए तृतीय सेमेस्टर के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम से हर्ष



**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के बी0बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा तथा सभी विद्यार्थी अच्छे अंको से उत्तीर्ण हुए। बी0बी0ए0 मे आरती कुमारी ने सबसे अधिक 82.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरमाईनी एवं हेमा सर्राफ ने 81.05 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले साजन कुमार ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आरती कुमारी ने अपनी सफलता पर ईश्वर को धन्यवाद देते हुए कहा कि सफलता का श्रेय गुरुजनों एवं माता-पिता को जाता है। उन्होंने कहा कि गुरुजनों द्वारा दिये गये मार्ग दर्शन एवं ज्ञान के फलस्वरूप जीवन में यह स्वर्णिम दिन आया है। वहीं उन्होंने कहा कि अध्यापकों द्वारा समय-समय पर दिये गये टिप्स परीक्षा में मद्दगार साबित हुए है तथा माता-पिता का सहयोग एवं प्रेरणा महत्वपूर्ण रही है।द्वितीय स्थान पर रही हरमाईनी एवं हेमा सर्राफ ने कहा कि उन्हें महाविद्यालय के अनुशासन और प्रवक्ताओं द्वारा दिये गये टिप्स और महाविद्यालय के शैक्षिक वातावरण के फलस्वरूप ही यह सफलता प्राप्त हुई है।तृतीय स्थान पर रहे साजन कुमार ने कहा कि पुस्तकालय में सभी विषयों पर अनेक पुस्तकें उपलब्ध हैं, जिन्होंने हमें अध्ययन में बहुत मद्द की। सभी ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपनी मेहनत, लगन तथा महाविद्यालय के अच्छे वातावरण को दिया।

इस अवसर पर श्री राम समूह के चेयरमैन डा0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ ने बी0बी0ए0 के सभी विद्यार्थियों की सफलता पर बधाई दी तथा कहा कि हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है जो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे है तथा कॉलेज का नाम रोशन कर रहे है। उन्होनें सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें आगे भी अपने जीवन में इसी प्रकार की सफलतायें अर्जित करते हुये अपने कॉलेज और अपने माता पिता का नाम रोशन करते रहना चाहिये।

इस अवसर पर प्रबंधन खंड के डीन डॉ0 सौरभ मित्तल ने भी अध्यापकों को उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को मिली सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि किसी भी विभाग में विद्यार्थियों की सफलता एवं उज्जवल भविष्य अध्यापकों पर निर्भर करता है।इस अवसर पर विभागाध्यक्ष विवेक कुमार त्यागी ने विभाग के सभी अध्यापकों की मेहनत से पिरोये हुए परीक्षाफल को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग में पिछले सालों से भी ज्यादा सेमिनार तथा विशेषज्ञों के आयोजन का फल आज हमारे छात्रों के बेहतर प्रदर्शन के रूप में दिखाई दे रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी अपने में बेहतर मैनेजर के गुण विकसित कर भविष्य में देश और समाज निर्माण में अपनी सेवाएँ प्रदान करेगें।विभाग के प्रवक्ताओ डा0 अतुल वर्मा, हिमांशु वर्मा, पूनम शर्मा, सागर शुक्ला, शिवानी शर्मा, जतिन सिंघल, ममता मित्तल, निशू वर्मा, नवीन कुमार, कपिल कुमार, हर्ष कुमार, तनु त्यागी, स्वाति तायल, मोनिका और जेबा ताहिर ने छात्रों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

### चोर ने जेनरेटर का बैट्रा चुराया, दो वीडियो वायरल

**बुढ़ाना।** साईकिल पर सवार एक चोर मौका पाकर जेनरेटर में लगा बैट्रा चोरी कर फरार हो गया। आज मंगलवार की सुबह चोरी की इस घटना का पता सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से लगा तो चोर साइकिल के केरियर पर बैट्रा ले जाता दिखाई दिया। इस चोर के घटना के समय के दो अलग अलग वीडियो भी वायरल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी विचार विभाग के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर रघुनंदन त्यागी बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला बड़ा बाजार में रहते हैं। बीती रविवार की सायं लगभग पोने 07 बजे उनके घर के बाहर रक्खे जेनरेटर का बैट्रा एक चोर ने मौका पाकर चोरी कर लिया। चोर साइकिल पर बड़े आराम से बैट्रा रखकर चलता बना। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। घटना का पता आज लगा तो दो वीडियो वायरल हुए। जिनमें चोर 12 सैकेंड की वीडारो में मुंह पर लाल रंग का कपड़ा लपेटे हुए साईकिल के केरियर पर बैट्रा रख रहा है जबकि 15 सैकेंड के वीडियो में उक्त चोर घटनास्थल के आसपास चहलकदमी कर फोन पर किसी से बात कर रहा है। इस घटना की सूचना फिलहाल बुढ़ाना पुलिस को नहीं दी गयी है। उक्त चोरी हुए बैट्रे की कीमत लगभग दस हजार रूपये के आसपास बताई गयी है।

### दुल्हेरा के ग्रामीणों ने की अवैध कब्जा हटाने की मांग

**बुढ़ाना।** दुल्हेरा के ग्रामीणों ने बुढ़ाना एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमे गांव के दबंगो के खिलाफ एकजुट होकर ग्रामीणों ने शिकायत की। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना तहसील क्षेत्र के अंतर्गत गांव दुल्हेरा के कई ग्रामीणों द्वारा आज मंगलवार के दिन बुढाना एसडीएम कार्यालय पर पहुंचकर गांव दुल्हैरा में दबंगों द्वारा सड़क पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए एक प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया गया कि गांव दुल्हैरा के ही सुखपाल, विपिन और मनोज ने उनके गांव में मंदिर जाने वाले रास्ते अवैध कब्जा कर लिया है। अवैध कब्जे के कारण रास्ता संकरा हो गया है। इस रास्ते की गंदे पानी की निकासी भी नही हो पा रही है। पूजा अर्चना के लिए मंदिर में जाने वाले ग्रामीण और महिलाएं परेशान हैं। मंदिर पर आने जाने वाले रास्ते पर अवैध निर्माण कर लिया है। ये गांव में दबंग व झगड़ालू किस्म के व्यक्ति हैं। यही नहीं इन दबंगों के द्वारा मंदिरों में आरती के लिए लाउडस्पीकर को भी नहीं बजने दिया जाता है। अवैध कब्जा करने वालों ने मंदिर की पानी की निकासी भी रोक दी है। ग्रामीणों ने एसडीएम को घशिकायती पत्र देकर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। एसडीएम राज. कुमार भारती ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शिकायत करने वालों में मुख्य रुप से अरविंद, संजीव, ओमकार, रमेश, धीरज, राहुल व हर्षित आदि ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

### मारपीट का आरोप लगाकर कोतवाली में दी तहरीर

**बुढ़ाना।** एक ग्रामीण ने कुछ युवकों पर अकारण ही मारपीट करने का आरोप लगाते हुए बुढ़ाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के जौला गांव के ग्रामीण पारस ने अपने ही गांव के कई युवकों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में एक तहरीर दी है। ग्रामीण पारस ने पुलिस को बताया कि बीती सोमवार की देर रात के समय वह अपने भाई के साथ गली में खडा हुआ था। आरोप है कि गांव के ही कई युवकों ने उनके ऊपर अचानक से हमला बोल दिया। हमले में वे दोनों भाई घायल हो गए। बीच बचाव करने आई एक महिला भी घायल हो गई। ग्रामीण ने कोतवाली में नामजद तहरीर देकर आरोपियों के घ्खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बुढ़ाना पुलिस ने उक्त मामले की जांच शुरु कर दी है।

# महापुरुषों की अंदेखी करती रही गैर भाजपाई सरकारें: गगरेजा



**छपार।** रानी अहिल्याबाई होलकर जयंती पर पुरकाजी विधानसभा भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि अमित गगरेजा ने कहा कि जिन्होंने देश के लिए जान तक दे दी पिछली सरक. ारों ने उनका नाम तक नहीं लिया । छपार के जय भारत इन्टर कालेज में रानी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान विधानसभा पुरकाजी का एक विशाल सम्मेलन आयोजित किया गया।। सम्मेलन में मुख्य अतिथि ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां की रानी अहिल्याबाई होलकर का जन्म एक गरीब परिवार में होने के बाद भी उनका विवाह 10 वर्षकी उम्र में राज घराने में हुआ। अब भाजपा अभियान चलाकर उन सभी के बारे में जानकारी आमजन तक पहचाने का कार्य कर रही हैघ। सुधीर सैनी जिला अध्यक्ष, पूर्व विधायक प्रमोद ऊंटवाल, संयोजक राकेश आडवाणी ने कार्यकर्ताओं को रानी अहिल्याबाई होलकर के बारे में जानकारी दी। राजकुमार त्यागी, रजत चौधरी वह अरुण त्यागी जिला पंचायत सदस्य, जोगेंद्र गुर्जर, सीताराम कश्यप, पवन त्यागी, अंकुर त्यागी, डक्क सतीश, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आसपा नेता अनुज वालिया ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**खतौली।** आज़ाद समाज पार्टी युवा के जिला उपाध्यक्ष अनुज वालिया ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक चौंकाने वाली घोषणा करते हुए चेता. वनी दी है कि यदि उसे और उनके परिवार को न्याय नहीं मिला तो वे धरने के दौरान परिवार सहित आत्मदाह करेंगे। इस बयान के बाद प्रशासनिक खेमे में हड़कंप मचा हुआ है।

अनुज वालिया का आरोप है कि थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा उन पर एक झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है। इसी के विरोध में उन्होंने धरना देने और आत्मदाह की चेतावनी दी है। उन्होंने दावा किया कि जिस समय की घटना को लेकर उन पर मुकदमा दर्ज किया गया है, उस समय वे घटनास्थल पर मौजूद ही नहीं थे। उसके अनुसार, यह विवाद दो महिलाओं के बीच हुआ था, लेकिन जानबूझकर उनका और उनके भाई का नाम इसमें घसीटा गया है। सोमवार को सुरेश पुत्र स्वर्गीय राजपाल, निवासी ग्राम भूपखेड़ी, थाना रतनपुरी ने अनुज वालिया और बादल पर गंभीर आरोप लगाए थे। सुरेश का कहना है कि दोनों ने उनके साथ गाली-गलौज, मारपीट की और धारदार हथियार से हमला किया था।

इसके अलावा उन्होंने वादी की पत्नी के साथ बदसलूकी करते हुए उनके कपड़े फाड़ने का भी आरोप लगाया था। अनुज वालिया का कहना है कि उन्होंने भी इस संबंध में थाना रतनपुरी में तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। इसी के चलते वे न्याय के लिए धरना देने को मजबूर हुए हैं। इस मामले को लेकर बुधवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला अध्यक्ष रजत निठारिया और आज़ाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा के संयुक्त नेतृत्व में एक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरने के दौरान आत्मदाह की चेतावनी के बाद स्थानीय प्रशासन के खेमे में खलबली मची हुई है।

# कोरोना से निपटने को तैयार रहें दवा व्यापारी : सुभाष चौहान

**मुजफ्फरनगर।** देशभर में कोरोना ने एक बार पुनरू दस्तक देनी शुरू कर दी है। नोएडा में 9 नये मामले सामने आने के बाद यूपी में कोरोना के 15 मामले हो गये हैं, जिसके बाद मुजफ्फरनगर कैमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुभाष चौहान ने दवा व्यापारियों की बैठक में कहा कि कोरोना की संभावित स्थिति के मद्देनजर दवा व्यापारियों को जरूरी स्टाक पहले से ही सुनिश्चित कर लेना चाहिए, ताकि जनपदवासियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो। इसके अलावा भी बैठक में अनेक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार जिला परिषद् मार्केट में स्थित मैक्स एंटरप्राईजेज पर मुजफ्फरनगर कैमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक पदाधिकारी एवं दवा व्यापारी शामिल रहे। बैठक में देशभर में कोरोना की पुनरू वापसी पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। इस मौके पर मुजफ्फरनगर कैमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुभाष चौहान ने कहा कि देशभर में कोरोना के लगभग एक हजार मामले सामने आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि नोएडा में 9 नये मामले सामने आने के बाद उत्तर प्रदेश में कोरोना के 15 केस सामने आये हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना के दिन प्रतिदिन बढते मामलों को लेकर दवा व्यापारियों को अपनी तैयारियां पहले से ही पूरी कर लेनी चाहिए और जरूरी दवाओं का स्टाक पहले से ही सुनिश्चित कर लेना चाहिए, ताकि किसी भी जनपदवासी को कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि दवाओं के स्टाक के अभाव में कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं होगी और मरीजों को उचित मूल्य पर ही दवाएं उपलब्ध करानी होंगी। बैठक में दवा लाईसेंस के नवीनीकरण में जो दिक्कतें सामने आ रही हैं, उस पर भी गहनता के साथ विचार-विमर्श किया गया। सुभाष चौहान ने सभी दवा व्यापारियों को आश्वासन दिया कि कम्पनियों के स्तर पर अगर कोई समस्या है और यदि विभागीय स्तर पर भी कोई समस्या है तो उसका समाधान अवश्य कराया जायेगा। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक चेयरमैन प्रमोद मित्तल, संरक्षक डॉ. आर.के. गुप्ता, दिव्य प्रताप सोलंकी, सतीश तायल, पंकज तनेजा, मनीष गर्ग, कुलदीप शर्मा, संदीप शर्मा, मुकेश शर्मा आदि पदाधिकारी और दवा व्यापारी उपस्थित रहे।

## आज हिमानी अग्रवाल सर्किट हाउस व मवाना में करेंगी महिला सुनवाई

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने बताया कि महिलाओं के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था स्थिति और प्रावधानों को समाप्त करने, महिलाओं की गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों एवं अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम करने के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल आज यानी बुधवार को 11 बजे सर्किट हाऊस मेरठ में व एक बजे से मवाना तहसील मेरठ में जनसुनवाई की जायेगी।

# पैसों के लेनदेन में प्रधान पुत्र से जमकर मारपीट दोनों पक्ष से एक महिला सहित चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव सदरपुर में पैसे के लेनदेन को लेकर प्रधान पुत्र एवं ग्रामीण में कहासुनी को लेकर जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष से प्रधान पुत्र तथा दूसरे पक्ष से एक महिला सहित चार लोग घायल हो गये। कुछ हीं देर बाद दोनों पक्ष थाने आ गये।

दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरा. ेप-प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों की डाक्टरी परीक्षण कराने के लिए हस्तिनापुर भेज दिया है। दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर आरा. ेप-प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीर दी है। हालांकि इस मामले में अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी इन्दू वर्मा ने बताया कि क्षेत्र गांव सदरपुर निवासी ग्राम प्रधान पुत्र सहदेव के 10 हजार रुपये गांव के ही प्रवीण कुमार को उधार दिये थे। एक वर्ष होने के बाद भी पैसे वापस नहीं दिये। सोमवार की देर रात्रि प्रवीण तथा रवि रास्ते में जा रहे थे।

तभी सहदेव ने उनसे उधार दिये पैसे की मांग करने लगा, तो दोनों पक्षों में कहासुनी होने के बाद गाली गलौज शुरू हो गई। कुछ ही देर बाद प्रधान पुत्र सुशील भी आ गया जो नशे की हालत में था। उसने भी दूसरे पक्ष को जमकर लाठी डंडे से वार कर दिया। जिसमें प्रवीण, रविता घायल हो गयी। वहीं दूसरे पक्ष ने प्रधान पुत्र सुशील कुमार तथा सहदेव को भी लाठी डंडो से घायल कर दिया।

कुछ देर बाद दोनों पक्ष थाने पहुंच गये। पुलिस ने दोनों की डाक्टरी परीक्षण कराने के लिए हस्तिनापुर भेज दिया है। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई थी।

## प्रेमी संग लाखों के गहने लेकर फरार हुई युवती, एसएसपी से की शिकायत

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम समसपुर से 5 दिन पूर्व एक लड़की को अमरसिंहपुर निवासी एक युवक लेकर फरार हो गया। एसएसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम समसपुर निवासी एक लड़की को ग्राम अमरसिंह पुर निवासी सोनू पुत्र ब्रह्म सिंह ले गया जिसे लड़की अपने साथ लाखों रुपए व गहने भी ले गई काफी तलाशने पर लड़की का कोई सुराग नहीं मिलने पर वे थाने आए जहां उनकी सुनवाई नहीं हुई जिसके बाद दर्जनों महिला पुरुष मंगलवार को एसएसपी से मिले तथा कार्रवाई की मांग की एसएसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बाईक चेकिंग अभियान से परेशान दुकानदारों ने दिया धरना

**मोरना।** बेहड़ा सादात चौराहे पर आयेदिन पुलिस द्वारा दुकानों के सामने खड़ी बाइको का चालान काटने अनावश्यक बाईक चेकिंग अभियान चलाने से घटती ग्राहकों की संख्या व ठप्प होते व्यापार की समस्या से अवगत कराते हुए दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर अनावश्यक चेकिंग अभियान को बंद करने की मांग की है।सीओ भोपा डॉ रविशंकर मिश्रा को ज्ञापन देकर धरना समाप्त किया गया।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात के व्यापारियों ने मंगलवार सुबह दुकानें बंद कर जौली-बिजनौर मार्ग चौराहे पर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। व्यापारियों का कहना था कि पुलिस चौराहे पर चेकिंग के नाम पर दुकानदारों, आसपास गांव के किसानों व आम जनता का शोषण कर रही है। आरोप है कि कुछ पुलिसकर्मी बाजार में स्थित दुकानों के सामने खड़ी ग्राहकों की बाइकों का भी चालान कर देते हैं। पुलिसकर्मी अपनी बाइकें दुकानों के सामने खड़ी करते हैं। यदि कोई दुकानदार ऐसा करने से मना करता है, तो पुलिसकर्मी उसे गालियां देते हैं। चौराहे पर चेकिंग होने से डर के कारण दुकानों पर ग्राहक नहीं आते। जिससे व्यापारियों को काफी परेशानी हो रही है। दुकानदार शानू, जव्वार, मनव्वर, खालिद, डॉ विजयपाल, डॉ सोनू, नकुल, दीपक, शुभम, सतीश, राकेश, आशु, प्रवेज आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# अवि राणा ने मेरठ में जीता स्वर्ण पदक




**शाहटाइम्स सवांददाता**
**खतौली।** मैपल्स एकेडमी के प्रतिभाशाली छात्र अवि राणा ने मेरठ में आयोजित 7वीं ओ.पी. गुप्ता मेमोरियल रोलर स्केटिंग चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम ऊँचा किया।

इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने अवि राणा एवं उनके परिवार को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह सफलता उनके अथक परिश्रम और समर्पण का प्रतिफल है। प्रबंधक विपिन सिंघल एवं सोनम सिंघल ने भी अवि राणा को बधाई दी और कहा कि मैपल्स एकेडमी हमेशा अपने छात्रों को खेलों और अन्य सह-पाठ्ड्क्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि यह सफलता न केवल अवि राणा की व्यद्गिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरी अकादमी के समर्पण और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का प्रमाण भी है। विद्यालय को पूर्ण ब्विास है कि उनके छात्र भविष्य में भी इसी तरह की शानदार उपलब्धियां प्राप्त करते रहेंगे।

# जैविक मेले में किसानों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी



**मोरना।** गांव खरपोड़ मे नमामि गंगे जैविक खेती परियोजना परियोजना के द्वितीय चरण में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष का जैविक किसान मेले का आयोजन किया गया।जिसमें कृषि विशेषज्ञयो द्वारा जैविक खेती के बारे मे महत्वपूर्ण जानकारी किसानो को दी गयी।

मोरना ब्लॉक् के गांव खरपोड में आयोजित मेले का शुभारम्भ की विधायक मिथलेश पाल द्वारा किया गया।द्वितीय चरण में चयनित ग्राम पंचायत दरियाबाद और छछरौली कासमपुर खोला और केलापुर जसमोर के किसानों ने बड़ी संख्या मे भाग लिया गया कृषि वैज्ञानिक डॉ.सुरेंद्र सिंह और डॉ. संजीव कुमार कृषि विज्ञान केंद्र चित्तौड़ा के द्वारा जैविक खेती पर विस्तार पूर्वक जानकारी किसानों को दी गई कार्यक्रम के अध्यक्ष उप कृषि निद. ेशक के द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर के विकासखंड मोरना और जानसठ में 20 समूह का गठन किया गया है। 1000 किसानों का चयन करते हुए 400 हेक्टेयर भूमि पर जैविक ख ा े त ी किसानों के द्वारा की जा रही है डीबीटी के माध्यम से अनुदान धन. राशि प्रथम वर्ष में 12000 द्वितीय वर्ष में 10000 और तृतीय वर्ष में 9000 किसानों के खाते में भेजा जाता है।जैविक विधि से अच्छा उत्पादन करने वाले किसानो को मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी विट्रो बायोटेक्नोलॉजी के जेपी राय जिला प्रभारी पूनम देवी समूह प्रभारी अनिकेत राठी और जितेंद्र कुमार जिला प्रभारी शील बायोटेक लिमिटेड अंकित कुमार सहायक विकास अधिकारी कृषि विकासखंड मोरना अकुल शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुणपाल शुकदेव देव फार्मर प्रोडडूसर कंपनी की अध्यक्ष बबली देवी सुरेंद्र कुमार ज्ञान सिंह कृषक मनोज कुमार संजय कुमार जयवीर वीरेंद्र धन सिंह पूर्व एसएमएस भारत वीर सिंह सतीश यामीन शकील सतपाल सरिता राजेश ग्राम प्रधान खरपौड घसीटा सिंह आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# फॉरेंसिक साइंस को लेकर पुलिस लाइन में हुई कार्यशाला





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** फॉरेंसिक विशेषज्ञो द्वारा तीन नवीन कानून, फॉरेंसिक साइंस के सम्बन्ध में रिजर्व पुलिस लाइन शामली के सभागार कक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन शामली के सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम की अध्यक्षता में फॉरेंसिक विशेषज्ञो द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन शामली के सभागार कक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें तीन नवीन कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम), आग्नेय आस्त्र में सावधानी बरतने, एनडीपीएस एक्ट, अभिलेख सम्बन्धी अभियोग व पुलिस फोटोग्राफी आदि के सम्बन्ध में विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफ.एस.एल) निवाडी गाजियाबाद से आए वैज्ञानिक अधिकारी रमेश लोधी, मुकुल सिंह, दीपक चौधरी द्वारा विस्तार से कानूनों का पालन करने वैधानिक प्राविधान व फॉरेंसिक साइंस से सम्बन्धित विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अमरदीप मौर्य, क्षेत्राधिकारी थानाभवन जितेन्द्र सिंह यादव, फील्ड यूनिट टीम प्रभारी प्रमोद कुमार व समस्त थाना प्रभारी शाखा प्रभारी व अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बीएसएम स्कूल में दी ड्राइवर महावीर सिंह की विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में बीते दस वर्षों से अपनी सेवाएं समर्पित करने वाले ड्राइवर महावीर सिंह का सेवानिवृत्त होने पर एक गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार में उन्हें सम्मानजनक विदाई देते हुए उनके समर्पण, कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी की सराहना की। समारोह में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने महावीर सिंह को भावभीनी शुभकामनाएं दी और एक स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके प्रति अपना आभार प्रकट किया। विद्यार्थियों और शिक्षकों की आंखों में भी भावुकता साफ झलक रही थी। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि महावीर सिंह न केवल विद्यालय के जिम्मेदार कर्मचारी रहे बल्कि उन्होंने अपने कार्य को पूरी लगन, ईमानदारी और समयबद्धता के साथ निभाया। विद्यालय के बच्चों की सुरक्षा और समय की पाबंदी को लेकर उनकी प्रतिबद्ध ता अनुकरणीय रही है। यह हमारे विद्यालय के अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर मैनेजर छाया सिंह, चौयरमेन सूर्यवीर सिंह, उप प्रधानाचार्या आशु पंडित आदि मौजूद रहे।

# सड़क की मरम्मत से खुशी की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** लोक निर्माण विभाग द्वारा टूटी सड़क की मरम्मत कार्य करने पर कस्बे के लोगों खुशी की लहर है। पिछले चार वर्षों से टूटी सड़क में बने गढ्ढों से उड़ती धूल से सड़क किनारे बसे लोगों का जीना मुहाल था। सड़क मरम्मत कार्य से लोगों को धूल के साथ गढ्ढों से भी मुक्ति मिलेगी।

झिंझाना से ऊन मार्ग पिछले करीब 4 वर्षों से टूटा पड़ा हुआ है, जिसको लेकर लोगों ने धरने प्रदर्शन भी किए, लेकिन मार्ग को नहीं बनाया गया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी बदलने पर इस मार्ग के जल्द बनने की लोगों में उम्मेद जगी थी, रोड़ का कार्य शुरू नहीं हुआ। चार वर्ष पूर्व थानाभवन से झिंझाना तक टेंडर प्रक्रिया हो चुकी थी, लेकिन ठेकेदार की हठधर्मिता के चलते कस्बा सहित क्षेत्र के लोगों को टूटी सड़क से गुजरना पड़ रहा था। Gat सप्ताह पूर्व गांव जमालपुर निवासी राजू की सड़क गढ्ढे के कारण दुर्घटना में हुए मौत के बाद लोक निर्माण विभाग ने संज्ञान लेते हुए सड़क का पैचिंग कार्य शुरू कराया। कस्बे के नियाजुद्दीन, साजिद, बिलाल, शफकत हुसैन, मातलूब आदि ने कहा कि सड़क के गढ्ढे भरने से धूल के साथ साथ वाहनों के शोर शराबे से निजात मिलेगी।

# निराश्रित बेसहारा पशुओं को दिया जा रहा संरक्षण

**लखनऊ/शामली।** भारत वर्ष में प्राचीनकाल में पशुपालन और कृषि साथ-साथ होते रहे है। मानव सभ्यता के विकास के साथ ही पशुपालन की महत्ता बढ़ती रही। जिस व्यक्ति के पास जितने अधिक पशु होते थे, वह उतना ही आर्थिक रूप से सम्पन्न माना जाता था।

पशु खेती, दुग्ध, सवारी, बोझ ढोने, खाद्य पदार्थों के उत्पादन आदि के लिए उपयोगी रहे हैं। कृषि और पशुपालन एक दूसरे के पूरक रहे हैं। देश मे 20वीं सदी के सातवें दशक के अंत में हरित क्रांति आने के बाद कृषि क्षेत्र के उपकरणों एवं उन्नतशील बीजों व रासायनिक उर्वरकों के आगमन से खेती के काम में आने वाले बैलों की कमी आने लगी।

दुधारू पशुपालन लगातार होता रहा है। जो पशु उपयोगी नहीं रहें, उन्हें पशुपालकों द्वारा छोड़ दिया गया और ऐसे पशुओं को जंगल में छोड़ने पर उनका कुनबा बढ़ता गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने पशुओं, गाय को संरक्षण देने के लिए विशेष योजना बनाई है। मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत तथा पोषण-मिशन हेतु इच्छुक कृषकों पशुपालकों के निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों से अधिकतम 04 गोवंश प्रति लाभार्थी पशुपालकों की सुपुर्दगी में दिए जा रहे हैं। इसके लिए प्रति गोवंश 50 रूपए प्रतिदिन की दर से पशुपालकों को पशुओं के भरण-पोषण हेतु दिया जा रहा है।

प्रदेश में पशुपालन प्रत्एक परिवार में होता रहा है। गांवों में गाय, बैल, भैंस, बकरी, भेड़, सुअर आदि आर्थिक लाभ के पशुओं का पालन होता रहा है।

कृषि के बाद ग्रामीणों के आर्थिक विकास में पशुपालन का महत्वपूर्ण योगदान है। विभिन्न प्रकार की जैव विविधता से परिपूर्ण उत्तर प्रदेश में पूरे देश का सर्वाधिक 16 प्रतिशत से अधिक पशुधन है। प्रदेश में 20वीं पशुगणना 2019 के अनुसार प्रदेश में 190.20 लाख गोवंश, 330.17 लाख महिषवंश, 9.85 लाख भेड़, 144.80 लाख बकरी, 4.09 लाख सूकर एवं अन्य पशुधन सहित कुल 691.98 लाख पशुधन है।

# पुण्यतिथि पर जवाहर लाल नेहरू का स्मरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा भारत के पूर्व प्रथम प्रधानमंत्री, भारत रत्न, स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की 62वी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उनके जीवन चरित्र पर भी प्रकाश डाला गया।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अपने कैम्प कार्यालय पर महान स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर भगवान से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की। ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि देश में नवरत्न कंपनियों की स्थापना से लेकर भाखड़ा बांध के निर्माण में पंडित जवाहर लाल नेहरू का योगदान रहा है। आधुनिक भारत के निर्माता की नींव में उनके योगदान और विज्ञान प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। वैभव गर्ग ने कहा कि देश के ज्यादातर उच्च शिक्षण संस्थान नेहरू के समय में ही स्थापित हुए। इस अवसर पर बाबू खान, ओमबीर उपाध्याय, रविन्द्र आर्य, प्रवीन तरार, सुरेन्द्र सरोहा, शेखर पाल, ज्योति प्रसाद शर्मा, ठाकुर लाखन सिंह, अमित डिंपल शर्मा, सुरेशपाल सैनी, चौधरी तेजपाल गुर्जर, सोमदेव सिंह



आदि मौजूद रहे।

# जनपद में चल रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ एडीएम को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** किसान मजदूर संगठन द्वारा जनपद में चल रहे भ्रष्टाचार व किसानों के विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए एडीएम को ज्ञापन दिया गया। जिसमें आठ सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग की गई।

मंगलवार को किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने एडीएम सतएन्द्र सिंह को ज्ञापन देकर बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा आरडीएस योजना के अन्तर्गत एल एंड टी कंपनी को जनपद में विद्युत सुधार का कार्य दिया गया गया। जिसमें विभाग और कंपनी के अधिकारियों द्वारा पुराने तार व नए खबे बदलने में घोटाला किए



जाने की आशंका है। दिल्ली-देहराद.ून, राजमार्ग, शामली-अंबाला राजमार्ग में अंडरपास की ऊंचाई काफी कम रखी गई है, जिससे किसानों को परेशानी होगी। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पिछले सालों में बनाई गई सडकों की कमैटी द्वारा गुणवत्ता की जांच की जाए। अनियमितता पाए जाने पर दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

बजात हिन्दुस्तान थानाभवन शुगर मिल से बकाया भुगतान तुरंत कराया जाए। तहसीलों में कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा जनता का उत्पीडन बंद किया जाए। रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार पर लगात लगे। उन्होने मांगे पूरी न होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर महिपाल सिंह, नरेन्द्र सिंह, महक सिंह, चौधरी आसकरण, जमील, इमरान, शहजाद पुंडीर, नरेश सिंह तोमर, बिजेन्द्र, ठाकुर रामचरण सिंह पुंडीर आदि मौजूद रहे।

# तालीम की गुणवत्ता परखने पहुंचे उलेमा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थानाभवन क्षेत्र के गांव मरगूबगढ स्थित मदरसा दारूल उलूम में बच्चों की तालीम की गुणवत्ता जानने के लिए बाहर से आए उलेमाओं ने जांच की। मंगलवार को मदरसे में जमीअत उलेमा-ए हिन्द के पदाधिकारी पहुंचे। जिला सदर मौलाना साजिद कासमी ने कहा कि यह मदरसा हजरत हकीमुलउम्मत मौलाना अशरफ अली साहब थानवी रहमातुल्लाह अलैहि की बयादगार है। जिसमे महाना तालीमी जायजा हुआ।

मौलाना मुफ्ती साजिद कासमी ने बच्चों का इंटव्यू लिया और उनको पढाए जा रहे सब्जेक्ट के बारे में जानकारी ली। इस दौरान बच्चों ने पूछे गए सवालों के जवाब दिए। इस अवसर पर मौलाना अब्दुल लतीफ कासमी, मौलाना मुफ्ती हसन नोमानी, मौलाना सुऐब साहब आदि मौजूद रहे।

# हिन्दू महिला महाविद्यालय शामली के बच्चों ने कमाया नाम

**शामली।** मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपूर के परीक्षा परीणाम घोषित हुआ, जिसमें हिन्दू महिला महाविद्यालय शामली का बी कॉम प्रथम सेमेस्टर, व 5 सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत् रहा। महाविद्यालय की छात्राओं ने इस वर्ष की परिक्षाओ में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। छात्राओं ने अपने कठिन परिश्रम और समर्पण से उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए है। बी कॉम प्रथम सेमेस्टर परीक्षा में प्रिया चौधरी ने 73.15 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी कॉम 3 सेमेस्टर परीक्षा में अमीषा गोयल ने 80.56 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी कॉम 5 सेमेस्टर परीक्षा में अदिति गर्ग ने 77.52 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। हमारे शिक्षको, ऑफिस स्टाफ और विद्यार्थियो के समर्पण कठिन परिश्रम के बिना ए सम्भव नहीं हो पाता। प्राचार्य मंजू गर्ग ने उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई दी।





# शिविर में सिखाया योगासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को शहर के नगर पालिका में योग शिविर का आयोजन किया गया। नगर पालिका की उपरी मंजिल पर दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट के तत्वाधान में एक नियमित योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने किया। योग शिविर में शिक्षकों द्वारा सूक्ष्म क्रियाएं कराई गई, जिसमें आसन प्राणायाम, ध्यान का प्रशिक्षण दिया गया।

जिससे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ पहुंचेगा। बताया कि योग हमारी प्राचीन पद्धति है। जिसे पूरा विश्व फॉलो कर रहा है और भारतवर्ष को भी बढ़-चढ़कर इसे फॉलो कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करना चाहिए। आज की व्यस्ततम



जीवन शैली व खान-पान से अनेक दोष पार्किंसन, डिप्रेशन, हृदय रोग, फैटी लीवर, कमर दर्द, घुटने दोष, हाई बीपी, लो बीपी, डायबिटीज, रोग शरीर को प्रभावित कर रहे हैं। इस अवसर पर ऋषि पाल गोयल, अजय शर्मा, सरवन संगल, रमेश बजाज, जयपाल इंसा, अरविंद मलिक, राजेश गुलाटी, साक्षी गुलाटी, मनीष चौधरी, अरविंद पांच.ाल, प्रदीप पुंडीर, आदेश जैन, विदुषी शर्मा, ध्रुप शर्मा, सौरव गर्ग, रामकुमार, अक्षय मलिक आदि मौजूद रहे।

# पंचवर्षीय योजना के तहत सौ दिवसीय उद्यमिता विकास खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण दस जून से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राजकीय फल संरक्षण केन्द्र, शामली धर्मेन्द्र राठी ने बताया कि जनपद शामली के बेरोजगार युवक, युवतियों व कृषक भाइयों को यह जानकर हर्ष होगा कि उद्यान एव खाद्य प्रसंस्करण-विभाग लखनऊ उ.प्र. के अधीन राजकीय फल सरक्षण एवं प्रशिक्षण-केन्द्र शामली द्वारा 12वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत 100 दिवसीय उद्यमिता विकास खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसूचित जाति के लाभार्थियों में 10 जून से कराया जाना प्रस्तावित है। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उद्यमिता विकास हेतु बेरोजगार युवक व युवतियों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के समस्त पहलुओं से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्राप्त कर उन्हें अपनी खाद्य प्रसंस्करण-इकाईया स्थापित करने हेतु प्रेरित करना ताकि उन्हें आय का स्रोत सुलभ हो सके। इच्छुक अभ्यर्थी इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाएं तथा स्वावलम्बी बनें और अपने परिवार के विकास के साथ-2 अन्य बेराजगार युवकों व युवतियों की बेरोजगारी दूर कर माननीय मुख्यमंत्री उ.प्र. व प्रधानमंत्री भारत सरकार के सपनों को साकार कर देश के उत्थान एवं समृद्ध बनाने में सहयोग करें। उक्त प्रशिक्षण हेतु आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता कक्षा 10 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण में मौसम के अनुसार प्राप्त फल एवं सब्जियों से निर्मित स्वादिष्ट पदार्थ जैसे-जैम, जेली, टमाटर सॉस, टमाटर केचप, अचार, चटनी, टॉफी, मुरब्बा, शर्वत, स्क्वैश, कैण्डी आदि का सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक कार्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरान्त परिक्षा कार्यक्रम कराकर सफल प्रशिक्षार्थियों को जनप्रतिनिधि के माध्यम से प्रमाण पत्र वितरित कराए जाएंगें। इसके बाद इच्छुक प्रशिक्षार्थियों से इकाई हेतु प्रस्ताव तैयार कराएं जाएंगे।

# सीएमओ ने किया पोस्टमार्टम हाउस का औचक निरीक्षण

**शामली।** मंगलवार को सीएमओ डा। अनिल कुमार ने कस्बा बनत स्थित पोस्टमार्टम हाउस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने फ्जिर रूम, शव विच्छेदन रूम, पोस्टमार्टम चिकित्सक कक्ष आदि की जांच की, जहां गंदगी फैली देख सीएमओ ने कडी नाराजगी जाहिर की। पोस्टमार्टम हाउस के बाहर भी गंदगी के ढेर लगे थे। यही नही पोस्टमार्टम हाउस में झाडू नही लगाई गई थी। जिस पर सीएमओ ने संबंधित को आगामी तीन दिवस पर साफ सफाई कराकर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के समय अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा। अतुल बंसल, चीफ फार्मासिस्ट धर्मदास, वार्ड ब्यॉक हनीफ अहमद, स्वीपर देवीशरण आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली के आद.ेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 3 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण दीपक पुत्र कालूराम निवासी ग्राम बुटराडी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, कालूराम उर्फ कालू सिंह पुत्र चन्द्रभान निवासी ग्राम बुटराडी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली व सुमित पुत्र कालूराम निवासी ग्राम बुटराडी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली हैं।

### कच्ची शराब के साथ पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली रामस.ेवक गौतम के आदेशानुसार अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारीध्बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 2 अभियुक्तों को अवैध 20 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण मोबीन पुत्र आलिम निवासी ग्राम घोटापुर थाना नकुड जनपद सहारनपुर, इन्सार पुत्र मेहन्दी निवासी ग्राम इस्सोपुर खुरगान थाना कैराना जनपद शामली है।

### गंगा नदी एवं अन्य नदियों के संरक्षण अभियान को लेकर बैठक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन/शामली।** नगर पंचायत थानाभवन अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा व अध्यक्ष श्रीमती मुशयदा पत्नी हाजी राव जमशेद द्वारा दिए निर्देशों के अनुपालन मे गंगा नदी एवं अन्य नदियों के संरक्षण के निरन्तर अभियान के अंतर्गत, थानाभवन वार्ड नव 16, सैय्यदान मे मुल्लापुर रोड पर वार्ड निवासी शगुन फर्नीचर के स्वामी जितेन्द्र राणा के यहां सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे अपने आस पास की सड़क, नाली-नालो, तालाब एवं कस्बे से लग कर निकलने वाली कृष्णा नदी की सफाई पर विशेष ध्यान आकर्षित किया गया। साथ ही वार्ड में कृष्णा नदी के घाट पर नगर पंचायत थाना भवन के सफाई मित्रों द्वारा एक विशेष सफाई अभियान चलाया गया व वार्ड की गलियों व नाला-नालियों पर सफाई अभियान चलाकर सफाई कराई गई। इस अभियान में मनीष कुमार शर्मा,फैजान उमर पाशा एवं काला, तिलक, भगत, गौरव, पंकज, रोहित, रिंकू, मोनू, रिजवान आदि सफाई मित्रों ने प्रतिभाग किया।

### अलग-अलग मामलों में अर्थदंड की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में 2 अलग-अलग मामलों में 2 अभियुक्तों को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई सजा व 7500ध्- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। 1. वर्ष 2009 में अभियुक्त राममेहर पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम करौंदा हाथी थाना बाबरी जनपद शामली के विरुद्ध थाना आदर्शमंडी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय एडीजी/एफटीसी, कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए 2 वर्ष का साधारण कारावास व 5,000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है। 2. वर्ष 2009 में अभियुक्त शहजाद पुत्र सालिम निवासी मौहल्ला अफगानान कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय एसडी/एसीजेएम शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 2500/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस का अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है।

### भारतीय भाषा समरकैंप का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे भारतीय भाषा समर कैंप के चौथे दिन का आयोजन गुजराती भाषा को समर्पित रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों को गुजरात की भाषा, संस्कृति और जनजीवन से अवगत कराने के लिए कई रोचक और ज्ञानवर्धक गतिविधियां आयोजित की गई। प्रधानाचार्या आशु त्यागी ने बताया कि इस समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध भाषाई विरासत से जोड़ना है। गुजराती भाषा दिवस के अंतर्गत बच्चों को न केवल वहां बोली जाने वाली भाषा से परिचित कराया गया, बल्कि उन्हें गुजरात की संस्कृति में प्रयुक्त दैनिक जीवन की वस्तुओं के गुजराती नामों से भी परिचय करवाया गया। कार्यक्रम संचालिका सैयद लुबना और हिमांशु वत्स के मार्गदर्शन में छात्रों को गुजराती भाषा में उपयोग होने वाले शब्दों के उच्चारण, अर्थ और प्रयोग की जानकारी दी गई। उदाहरण स्वरूप: मिर्च-मर्चा, मटर वटाणा, प्याज-डूंगरी, हल्दी-हल्दड, सेब-सफर्जन आदि की जानकारी दी। पानी पाणी, घर-घरुं खिड़की बारी इन शब्दों को जानने और दोहराने की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने भाषा के प्रति गहन रुचि और आनंद प्रकट किया। गतिविधियों में क्विज, कार्ड गेम और अभिनय के द्वारा गुजराती शब्दों का उपयोग करते हुए संवाद प्रस्तुत किए गए, जिससे भाषा-शिक्षण आनंददायक और प्रभावी बना। विद्यालय परिसर गुजराती संस्कृति की झलकियों से सजा रहा पारंपरिक वेशभूषा, सजावट और गुजराती लोकसंगीत ने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया। इस अनुभव से विद्यार्थियों में भारतीय भाषाओं और संस्कृतियों के प्रति आत्मीयता और सम्मान की भावना का विकास हुआ।

### तीन जुआरी नकदी सहित किए गिरफ्तार

**झिंझाना।** पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ लगाते हुए तीन जुआरी को नगदी सहित गिरफ्तार किया, जिनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर चालानी कार्यवाही की है। मंगलवार को स्थानीय पुलिस सार्वजनिक स्थान पर जुआ लगाते हुए तीन जुआरी अली मौहम्मद पुत्र आलम अली, जुनैद पुत्र अख्तर निवासीगण अब्दालनगर थाना झिंझाना, गुल्फान पुत्र फरमान निवासी भडी भरतपुरी थाना झिंझाना को 3840 की नगदी सहित गिरफ्तार किया।

# सुनिश्चित की जाए निर्बाध विद्युतापूर्ति: मनीष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। आमजन को किसी भी स्थिति में असुविधा न होने दी जाए।

जिला मजिस्ट्रेट श्री बंसल आज कलेक्ट्रेट सभागार में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने एवं आगामी 29 मई को प्रस्तावित कार्य बहिष्कार के सम्बन्ध में विद्युत एवं पुलिस अधिकारियों सहित संयुक्त संघर्ष समिति के सभी घटक सगंठनों के पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कहा कि बिजली आवश्यक सेवाओं में है और इसमें किसी भी प्रकार की बाधा को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत विभाग के कार्यों में सहयोग करें एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए निरंतर निगरानी रखें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रदेश में राजस्व वसूली, निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं लाइन हानियों के दृष्टिगत पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों में वृहद् सुधार हेतु शासन द्वारा सैद्धान्तिक अनुमोदन प्रदान किया गया है तथा इस प्रक्रिया में कॉरपोरेशन के किसी भी अधिकारीध्कर्मचारी को अनुमन्य सेवा लाभ, पदोन्नति, वेतन, इत्यादि की किसी भी सुविधा को कम नहीं किया जायेगा तथा सम्पूर्ण जॉब एवं सेवा शर्तों का प्रोटेक्शन दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम-1966 के तहत एस्मा लागू हैं। किसी भी दशा में विद्युत आपूर्ति प्रभावित न हो, अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। बैठक में संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया कि कार्य बहिष्कार में विद्युत आपूर्ति को सामान्य बनाये रखने के लिए अधिकारी व कर्मचारी कार्य करते रहेंगे तथा विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नही होने दिया जायेगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, मुख्य अभियन्ता विद्युत राजेश कुमार, पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ वर्मा, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, अधीक्षण अभियन्ता एवं अधिशासी अभिययन्ता सहित संगठनों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पंडित नेहरू को कांग्रेसियों का नमन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 61 वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने नमन किया।

कांग्रेस महानगर कार्यालय पर आयोजित बैठक में पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने पंडित नेहरू को विश्व शांति के अग्रदूत, विश्व गुटनिरपेक्ष आंदोलन के प्रणेता व विकास पुरुष बताते हुए उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने पंडित नेहरू को आधुनिक भारत के शिल्पकार बताते हुए उनके योगदान को याद किया। महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि पंडित नेहरू ने देश की आजादी के बाद जिस विकसित भारत का सपना देखा उसी के लिए कार्य किया।इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिओम मिश्रा, सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, अमर दीप जैन, नीरज कपिल, इकराम खान, गुलशेर अल्वी, नसीब खान, आरिफ मंसूरी, बरकत अंसारी, वार्ड अध्यक्षगण तालिब मलिक, इम्तियाज अहमद, काजी जैद, राकेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** खंड विकास नागल के पंचायत राज विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रणव चौधरी के नेतृत्व में कस्बे मे भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा मे सैकडो लोगों ने भाग लिया।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करते हुए प्रणव चौधरी ने कहा कि आज हमारे देश की गौरवशाली सेना ने अपना पराक्रम दिखाते हुए जिस प्रकार से दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब देकर उसे सबक सिखाने का काम किया है वह सराहनीय है। देश की सरकार व सेना ने विश्व को दिखा दिया है कि वह किसी से डरने वाले नही है बल्कि दुश्मन को उसके घर मे घुसकर मारने वाले है। तिरंगा यात्रा खंड विकास कार्यालय से शुरू होकर ब्लाक चौराहा,गुरूद्वारा रोड,मुख्य बाजार, शिव चौक ,बस स्टैंड से होते हुए वापस खंड विकास कार्यालय पर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा में खंड विकास अधिकारी प्रेम सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रवीण शर्मा, बालेश कुमार, अरविंद कुमार, सतीश सैनी, तेजपाल, बाबूराम, नैनसिंह, राजसिंह, बिरम सिंह प्रधान, नईम प्रधान, शिवम चौधरी, दीपक गुप्ता, विपिन कुमार हांडा, मनोज चौधरी,सुरेंद्र कुमार, मुशर्रफ अली, मांगेराम ,पवन कुमार, शमीम अहमद सहित ब्लाक कर्मचारी, प्रधान एंव क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

## आमने सामने की टक्कर में चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** खेड़ा अफगान में सोमवार की रात करीब दस बजे इदगाह के निकट बुलेट और एपाची बाइक की आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

अंबेहटा पुलिस के उपनिरीक्षक रणबीर सिंह शर्मा ने बताया कि दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हुई है। एक घायल रिंकू सैनी पुत्र जय सिंह सैनी निवासी गंगोह की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है। गंगोह निवासी प्रदीप सैनी का इलाज पीजीआई में चल रहा है। सहारनपुर निवासी शौएब पुत्र बिलाल ,सावेज पुत्र अनवर गंभीर रूप से घायल है जिनका इलाज देहरादून अस्पताल में चल रहा है। अभी तक किसी के पक्ष की ओर से घटना के संबंध में तहरीर नहीं दी गई है।

# टोल प्लाजा पर भाकियू का धरना प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** भाकियू तोमर के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर सैयद माजरा टोल प्लाजा पर धरना-प्रदर्शन किया। यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर, युवा जिला अध्यक्ष सौरभ त्यागी और नीरज राणा के नेतृत्व में कार्यकर्ता टोल प्लाजा पहुंचे और एक लेन पर धरना शुरू किया। थानाध्यक्ष सचिन पुनिया ने कार्यकर्ताओं को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे।

यूनियन पदाधिकारियों का कहना है कि इस रूट पर कई महीनों से निर्माण कार्य चल रहा है और सड़क की हालत इतनी खराब है कि वाहन चलाना मुश्किल हो रहा है। रसूलपुर फ्लाईओवर से गागलहेडी तक सड़क टूटी होने के कारण धूल उड़ रही है, फिर भी टोल वसूला जा रहा है, जो अनुचित है। कार्यकर्ताओं ने 60 किलोमीटर से कम दूरी पर बने टोल प्लाजा को बंद करने, हाईवे पर यात्रियों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने, 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले यात्रियों को मुफ्त आवागमन और टोल कर्मियों द्वारा वाहन चालकों के साथ दुर्व्यवहार पर रोक लगाने की मांग की। सैयद माजरा टोल प्लाजा पर कर्मचारियों पर यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार के आरोप पहले भी लग चुके हैं। हालांकि, टोल मैनेजर अवनीश मिश्रा और राजन तिवारी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कुछ लोग भाकियू के फर्जी पहचान पत्र दिखाकर बिना टोल दिए निकलने की कोशिश करते हैं, जिससे टोल को रोजाना लाखों का नुकसान होता है। धरने में जिला महामंत्री पप्पू, बेहट तहसील अध्यक्ष अलीम, प्रदेश उपाध्यक्ष नवाब सिंह, मुजफ्फराबाद ब्लॉक अध्यक्ष जुल्फिकार, पुंवारका ब्लॉक अध्यक्ष सत्तार मलिक, सुलतान अध्यद (वरिष्ठ उपाध्यस भाकियू तोमर) अदनान अरमान (युवा प्रदेश महासि. चव भाकियू तोमर) सुबोध राणा कमालपुर रियाज, सुंदरलाल, महबूब अंसारी, अतिउर रहमान, अदनान, राजेंद्र सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। मांगों से संबंधित ज्ञापन थानाध्यक्ष सचिन पुनिया को सौंपा गया।

# पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के आदर्श अपनाएं: अजीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कॉंग्रेस नगर अध्यक्ष अजीम मलिक ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आजाद और वैज्ञानिक सोच, लो. कतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और शिक्षा से उजास आलोकित भारत का सपना देखा था और उसे पूरा करने में लगे रहे। हमें उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए।

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जवाहरलाल नेहरू दूरदर्शी नेता और मानवतावादी चिंतक थे।उन्होंने आजाद और वैज्ञानिक सोच,लो. कतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और शिक्षा के उजास आलोकित भारत का सपना देखा था।आजादी के बाद देश के विभाजन की विभीषिका के दर्द को सहा।आजादी के बाद जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कल्पनाओं को साकार करते हुए कारखाने, स्कूल, बांध और अनुसंधान केंद्र बनाए। पंडित जवाहर लाल नेहरू की राजनी. ति केवल सत्ता नहीं बल्कि वैचारिक यात्रा थी। उनका विश्वास था कि विविधता में भारत की शक्ति है। अने. कता में एकता ही शक्ति है। अजीम मलिक ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी भारत का डंका बजाया था।आज हमें पंडित जवाहर लाल नेहरू के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। एकता में अनेकता की शक्ति के बल पर दुनिया भर में अपने देश को श्रेष्ठ बनाने की जरुरत है।

# वाटर कूलर व हैंडपम्प तलाशने में जुटा प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** एक ओर जहां चिल. चलाती धूप और भीषण गर्मी से जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वही दूसरी ओर ऐसे हालात प्यास से जूझ रहे राहगीरों और कस्बेवासियों के लिए पीने का पानी के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने भी नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लगे वाटर कुलर और हैंडपंपों की जानक. ारी मे जुट हुआ है अधिकारियों के पीने का पानी उपलब्ध करवाया जाना भी संजीवनी का काम करता है।

उल्लेखनीय है कि 25 मई से नौतपा शुरू हो चुका है जिससे क्षेत्रवासियों को भीषण गर्मी से जुझना पड़ सकता है। चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों के बीच राहग. ीरों को भी सफर करना मुश्किल होता है। ऐसे में स्थानीय तहसील प्रशासन द्वारा पेयजल और हिटवेव से बचने के लिए व्यवस्थाएं की गई है।



आज एसडीएम मानवेंद्र सिंह ने राहगीरों और ग्रामीणों को पानी के पीने की व्यवस्था को लेकर अधीनस्थ अधिकारियों के साथ मीटिंग में समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद एस डीएम मानवेंद्र सिंह ने ताया कि तहसील मुख्यालय, ब्लॉक और नगर पंचायत बेहट व नगर पंचायत छुटमलपुर में सार्वजनिक स्थलों पर वाटर कूलर लगवाए गए है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगे वाटर कुलर और सभी हैंडपंप सुचारू रूप से काम कर रहे है, यदि कही से शिकायत मिलती है तो ब्लॉक के माध्यम से उन्हें शीघ्र ही सही करा दिया जाता है। आमजन को भीषण गर्मी से बचाने को लेकर एसडीएम मानवेंद्र सिंह ने कहा कि हीटवेव को लेकर हो एडवाइजरी जारी की गई है उसका प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिद्ध पीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर में दर्शनों के लिए शनिवार और रविवार को ज्यादा भीड़ उमड़ती है, श्रद्धालुओं के लिए भी पेयजल और धूप से बचाव के टीनसेड और वाटर कूलर और टैंकर्स की व्यवस्था की गई है। आमजन गर्मी से बचने के लिए आवश्यक कार्य के लिए ही अपने घरों से निकले अगर कही पीने के पीने की परेशानी हो रही है तो उसकी जानकारी मुझे या अपने गांव के ग्राम प्रधान तथा ग्राम सचिव को बताए।

इस दौरान तहसीलदार पुष्पांकर देव, नयाब तहसीलदार भूपेन्द्र सिंह,मुकुल सागर के अलावा मनीष कुमार, पेशकर राजेन्द्र कराजस्व निरीक्षक मौजूद रहे।

# शनि देव जयंती पर प्रसाद का वितरण



**चिलकाना।** शनि देव जयंती के उपलक्ष में शिव मंदिर के प्रांगण में हवन पूजन कर किया प्रसाद का वितरण किया गया।

मंगलवार को ग्राम चौरी मंडी के शनि देव मंदिर में शनि देव जयंती के उपलक्ष में हवन पूजन का कार्य पंडित दीप चंद शर्मा, मंदिर के महन्त आत्मानंद गिरि व ग्रामवासियों द्वारा सामूहिक रूप से कराया गया। इस दौरान पंडित दीपचंद शर्मा ने कहा कि शनि देव न्याय के देवता हैं। उनकी पूजा आराधना करने से व्यक्ति को किसी प्रकार का कष्ट नहीं होता वह हमारे न्यायधीश हैं। उनकी पूजा सभी दोषो को दूर करने वाली है। इस अवसर पर चौधरी आजाद सिंह, बंसीलाल, पंकज रोहिला, सागर चौहान, डॉक्टर महावीर सैनी, नितिन गुप्ता, निशांत त्यागी, विक्रांत त्यागी, प्रमोद गुप्ता, रजत उपाध्याय आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

## एक नजर

### बैट्री चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**नागल।** स्थानीय पुलिस ने बैटरी चोरी का खुलासा करते हुए दो आरो. पियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के तीन बैटरे तथा एक मोबाइल बरामद किया है। सोमवार को गांव उमाही निवासी शाहनवाज ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर घर में रखा काले रंग का बैटरा चोरी कर लिया है। मंगलवार सुबह गांव कोटा के निकट

हाईवे पर पुलिस टीम संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच काले रंग की एक बैटरा लेकर आ रहे दो युवकों से बैटरा संबंधित पूछताछ की गई। संतोष जनक जवाब न मिलने पर थाना लाकर उनसे सख्ती से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम अशफाक उर्फ पाका निवासी उमाही थाना नागल तथा राजा त्यागी निवासी बलियाखेड़ी थाना गागलहेड़ी बताया । उन्होने यह काले रंग की बैटरा शाहनवाज के घर से चोरी करना कबूल किया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर अन्य दो नीले रंग के बैटरे तथा एक चोरी का मोबाइल भी बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए न्यायालय पेश कर दिया।

### चोरों ने बनाया मंदिर को निशाना

**चिलकाना।** क्षेत्र में बेखौफ चोर आये दिन किसी न किसी चोरी की घटना को अंजाम देने पर लगे हुए है। यह अज्ञात चोर पुलिस के लिए बडी चुनौती बने हुए हैं। देर रात इन्ही अज्ञात चोरों ने एक मंदिर को निशाना बनाते हुए मंदिर के कमरे में रखा कीमती सामान उड़ा लिया है। सूचना मिलने के पश्चात पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की है।

सोमवार व मंगलवार की मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने ग्राम बड़गांव स्थित संत रविदास मंदिर को अपना निशाना बनाया लिया। अज्ञात चोर मंदिर में बने कमरे से इनवर्टर, बैंटरा व एक गैस सिलेंडर लेकर फरार हो गये। मंगलवार की सुबह चोरी की वारदात का पता लगने पर ग्राम प्रधान राजबीर द्वारा फोन के माध्यम से डायल 112 पुलिस को मामले की जानकारी दी गई।

सूचना मिलने पश्चात डायल 112 पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। बतातें चलें कि थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। बेखौफ चोर आये दिन कभी बाईक, तो कभी बंद पड़े मकानों व किसानों के ट्यूबवेल के कमरों को अपना निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

### छापे में पकड़े गए बिजली चोर

**नानौता।** विधुत विभाग तथा विजिलेंस टीम द्वारा संयुक्त चौकिंग अभियान चलाया गया जिसमें कई लोगों के यहा चोरी से बिजली चलती हुई पकड़ी गई विधुत उप खंड अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि लोड कम करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है

नगर के मौहल्ला कानूनगोयान, छत्ता, फल मंडी, शेखजादगान में विजिलेंस तथा विधुत विभाग के जेई संजीव कुमार के नेतृत्व में दिन निकलते ही विधुत चौकिंग अभियान चलाया गया। अचानक सुबह सवेरे चले इस अभियान से बिजली चोरी करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। एसडीओ धर्मेंद्र कुमार इस दौरान कटिया डाल कर खुलेआम बिजली चोरी करते पाए गये कई लोगो पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि महीने भर रात्रि तथा दिन में यह अभियान नानौता नगर सहित पूरे क्षेत्र में जारी रहेगा जहा ऐसे अभियान से बिजली चोरी रोकने में सहायता मिलेगी वही अत्यधिक लोड से मुक्ति मिलेगी

# हिस्ट्रीशीटर वाहन चोर पकड़ा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान एक हिस्ट्रीशीटर आरोपी वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से चोरी की गई एक स्प्लेंडर बाईक बरामद की गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी की अगुवाई में पुलिस टीम ने 26 मई को देर रात्रि के समय चौकिंग के दौरान 01 हिस्ट्रीशीटर आरोपी वाहन चोर तौय्यब उर्फ काला पुत्र इकबाल निवासी ग्राम पीरमाजरा फिरोजाबाद थाना चिलकाना को ग्राम दुमझेडा जाने वाले कच्चे रास्ते के निकट से गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से चोरी की 01 बाईक बरामद की गयी है। बरामद बाईक के संबंध में पूर्व से ही थाना बुडीया, जिला यमुनानगर हरियाणा मे चोरी का मुकदमा दर्ज है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस पूछताछ पर आरोपी ने बताया है कि वह कम पढा लिखा, मजदूरी पेशा व नशा करने का आदि है। नशे की जरूरत पूरी करने के लिये वह बाईक चोरी कर सस्ते दामो में बेचकर अच्छा मुनाफा कमा लेता है।

उक्त बाईक उसने विगत 10 अप्रैल को ग्राम दमोड़ा खादरी हरियाणा के निकट से चोरी किया था। जिसको बेचने के लिए आज वह जा रहा था तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ पूर्व से भी अवैध शस्त्र रखने, नशा तस्करी, लूट, चोरी, धोखाधड़ी करने आदि के सम्बन्ध में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी वाली टीम में एसआई अंकित कुमार, हैड कांस्टेबल संजीव कुमार, कांस्टेबल पुनित यादव व रोहित शामिल रहे।

# अहिल्याबाई के जीवन से लें प्रेरणा: नरेश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** भाजपा के पूर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा है कि अहिल्याबाई होलकर हमारे समाज की एक विदुषी वीरांगना रही हैं जिनके बलिदान को समाज कभी भूला नहीं पायेगा। उन्होंने कहा कि हमारी भावी पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

उक्त विचार उन्होंने एक फार्म हाउस पर माता अहिल्याबाई होलकर के तिरिशताब्दी स्मृति अभियान के अन्तर्गत आयोजित जन्म जयंती समारोह कार्यक्रम में बोलते हुए कहे उन्होंने मात अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए वर्तमान और भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए माता अहिल्याबाई होल्कर के असली इतिहास को पढ़ने और पढ़ाने पर भी बल दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यकारणी सदस्य साहब सिंह पुंडीर ब्लाक प्रमुख चौधरी विश्वास, मुजफ्फरनगर के पूर्व जिला अध्यक्ष रूपेंद्र सैनी ने कहा है कि माता अहिल्याबाई होलकर ने समाज के सभी वर्गों के लिए काम किया है और अपनी संस्कृति को बचाने के लिए जीवन भर संघर्ष करते हुए अपने जीवन की जो आहुति दी है। जिला पंचायत सदस्य हंसराज गौतम, बोबी कर्णवाल, मुकेश चौहान पूर्व चेयरमैन ठाकुर जसबीर सिंह, प्रधान प्रदीप गुप्ता लतीफपुर भूड़, भाजपा नेत्री मंजु शर्मा एडवोकेट,वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश गाबा, व्यापारी नेता सुनील राजदेव उर्फ बिट्टू , मास्टर भानु प्रताप सिंह आर्य, रजनीश राणा, मुकेश राणा, सोहन मुखिया,गौरव राणा, बबलू कुमार एडवोकेट ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए मिशन 2027 को फतह करने पर बल दिया है। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय सैनी, सुभाष सैनी, दुबे सिंह कांबोज, लोकेश त्यागी, मंडल अध्यक्ष बिजेंद्र सैनी, डॉ सतेन्द्र सिंह, मुकेश चौहान, अमित सैन, रजत त्यागी,बोकी राणा, देवेन्द्र राणा, अजय सिंघल, अशोक शर्मा, पंकज शर्मा आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे हैं।

# हर्षोल्लास से मनाई अहिल्याबाई जयंती




**गंगोह।** सामाजिक न्याय की प्रतीक अहिल्याबाई होलकर का जंयती हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाई गईध् इस अवसर पर समाज व संगठन को मजबूती देने, व्याप्त बुराईयों का त्याग करने का भी आह्वान किया गया।

समारोह का आयोजन बाईपास मार्ग स्थित एक गार्डन पर आयोजित किया गया। सोमवार शाम कार्यक्रम का शुभारंभ सामाजिक न्याय की प्रतीक अहिल्याबाई होलकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने अपने प्रेरक विचारों और अनुभवों से सभा को ऊर्जावान और जागरूकता से परिपूर्ण किया। अहिल्याबाई होलकर के न्यायप्रिय, दानशील और लोककल्याणकारी व्यक्तित्व पर भी विस्तृत प्रकाश डाला गया। सभी ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। समाज व संगठन को मजबूती देने, व्याप्त बुराईयों का त्याग करने का भी आह्वान किया गया। वक्ताओं में उच्च न्यायालय नैनीताल से आए लोक पाल जी, युवा पाल समाज सेवा एवं उत्थान समिति उत्तर प्रदेश के अमन पाल, प्रदेश अध्यक्ष ओपिन पाल, पूर्व अध्यक्ष शक्ति सिंह सब्दलपुर, प्रदेश सचिव महेश पाल, कवि पप्पू लखनौर, संरक्षक अधिवक्ता तपन सिंह, डा. के पी सिंह ननौता, पार्षद सोपिन पाल सहारनपुर आदि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी बलजीत सिंह जींद ने की। कार्यक्रम में नगर व क्षेत्र से समाज के लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

## इन्टरशिप मिली

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय के छात्रों को आईआरडीई, डीआरडीओ में इंटर्नशिप का अवसर प्राप्त कंप्यूटर साइंस विभाग स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय को गर्व है कि बैच 2022-26 के होनहार छात्रा वंशिका शर्मा, विभा राठी व छात्र हिमांशु पांचाल तथा हरिओम को इंस्ट्रूमेंट्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट रायपुर देहरादून में इंटर्नशिप का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है।

डॉ. तरुण शर्मा ने बताया कि यह उपलब्धि इन विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिभा का प्रतीक है। इस इंटर्नशिप के माध्यम से उन्हें रक्षा अनुसंधान के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा, जो उनके करियर को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह व कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह ने सभी छात्र छात्राओं को अनेक शुभकामनाएं दी।

# सुल्तानपुर के लोगों के लिए समस्या बना आधार कार्ड बनवाना

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर एवं ग्रामवासियों के लिए आधार कार्ड बनवाना एक बड़ी समस्या बन गया है। आधार कार्ड बनवाने के लिए लोग लगातार लाईन में लगकर धक्के खा रहे हैं तब भी आधार कार्ड नही बन पा रहे है। संबंधित विभाग व सरकारी कर्मचारी इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

बताते चलें कि चिलकाना नगर का डाकघर ही सम्पूर्ण क्षेत्र में एकमात्र ऐसा स्थान है जहां पर आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं, लेकिन यहां की मशीन खराब रहने के कारण आये दिन आधार कार्ड बनवाने वाले लोगों की लंबी-लंबी कतारे यहां लगी रहती है। महीनों तक चक्कर काटने व लाईन में लगने के बाद भी इन लोगों की समस्या का कोई हल नही हो रहा है, जो कि बहुत ही गंभीर व चिंता का विषय है। आज के समय में बिना आधार कार्ड के कोई भी कागजी व सरक. ारी प्रक्रिया असम्भव सी है। आधार कार्ड के बिना हर कोई व्यक्ति मानो आधारहीन सा ही है। सरकारी, अर्द्धसरकारी व निजी संस्थाओं में हर जगह आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। इसी आधार कार्ड को बनवाना क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी समस्या बन चुका है। बार बार डाकघर के चक्कर लगाने के बाद भी लोगों को निराशा हाथ लग रही है। आधार कार्ड न होने की वजह से कई लोगो को सरकारी योजनाओं का लाभ भी नही मिल पा रहा है। यदि नगर में आधार कार्ड बनाने की मशीन सही हो तो क्षेत्र के लोगों को आधार कार्ड बनवाने के लिए सहारनपुर के चक्कर नही काटने पड़ेंगे और उनको होने वाली परेशानियों से बचाया जा सकता है।

सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान स्वामी के खिलाफ

# ग्रामीणो ने एसडीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ग्रामीणों ने सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के स्वामी पर राशन वितरण में गड़बड़ी करने एवं उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया।

गांव अब्दुल्लापुर के ग्राम प्रधान जानू कुमार के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के स्वामी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी युवराज सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत अब्दुल्लापुर व मायापुर में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान नितिन नामक व्यक्ति संचालित करता है। आरोप है कि पिछले कई महीनों से



राशन वितरण नहीं किया गया। इतना ही नहीं जब राशन वितरण होता है तब माप तौल में गड़बड़ी की जाती है और सरकारी मानकों के विरुद्ध लोगों से धनराशि वसूली जाती है। आरोप है कि दुकान संचालक उपभोक्ताओं के साथ जमकर अभद्र व्यवहार भी करता है जिसके चलते ग्रामीण बेहद परेशान हैं। ज्ञापन में जांच कराते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने एवं सस्ते गल्ले की दुकान किसी अन्य व्यक्ति को आवंटित किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में प्रवीण, नीरज, राजबल, ओमी, मोहन, मंजू देवी, मांगेराम, चंद्रपाल, दयावती, विपिन, सुदेश आदि शामिल रहे।

# विद्यार्थियों में आत्मविशवास के लिए ऐसे आयोजन जरूरी है: रेखा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दून वैली पब्लिक स्कूल में आयोजित हर्ष विद्या रत्न अवॉर्ड 2025 कार्यक्रम में मेघावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के साथ ही विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रीति को 5100 रूपये का नगद पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया।

दून वैली पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती रेखा, स्कूल के चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता, प्रधानाचार्य डॉ. सीमा शर्मा ने संयुक्त रूप से पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलित एवं स्कूली बच्चों ने स्वागत गान प्रस्तुत कर किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती रेखा ने विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से



छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा मिलता हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाए और स्कूल के साथ समन्वय बनाए रखें। स्कूल के चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता ने कहा कि स्कूल की प्राथमिकता विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने के साथ ही बच्चों का किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहा.




रिक ज्ञान भी कराना आवश्यक है ताकि वे देश के विकास मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों मे उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में श्रीमती सुमन सिंघल, अनुराग सिंघल, श्याम कुमार अग्रवाल, राजीव गुप्त, प्रमोद कुमार, देवेंद्र कुमार आदि स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# तेंदुआ की आमद की खबर से ग्रामीणो में दहशत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** तेंदुआ गांव के खेतों में दिखाई देने के दूसरे दिन भी पकड़ में नहीं आ सका है। जिसके चलते गांव के आसपास के ग्रामीण दहशत के माहौल में है। हालांकि वन विभाग की टीम ने गांव में ही डेरा डाल रखा है और तेंदुए की तलाश में जूटे हुए है। हालाकिं चर्चा यह भी है कि तेंदुआ संभावित खेतों के रास्ते ही कहीं ओर निकल गया है।

नगर से करीब पांच किमी दूर गांव बास्तम में सोमवार की सुबह खेतों पर काम कर रहे किसानों ने एक तेंदुए खेतों के बीच बैठा हुआ देखा था जिसके बाद गांव में सनसनी फेल गई थी। सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस प्रशासन की टीम ने गांव पहुंच तेंदुए की तलाश शुरू कर दी थी। आखिरी बार सोमवार की दोपहर तेंदुआ राजबाहे से निकल कर सडक पार कर खेतों में जाता हुआ कैमरे में कैद हुआ था। जिसके बाद सर्च ऑपरेशन और तेज कर दिया गया था। लेकिन दूसरा दिन बीत जाने के बावजूद भी तेंदुआ पकड़ में नहीं आ सका है। जिससे गांव वाले दहशत में है। वन विभाग के अधिकारियों ने सुरक्षा के मद्देनजर ग्रामीणों से शाम होने के बाद बिना किसी जरूरी काम के घरों से बाहर न निकलने की अपील की थी, जिसके चलते सोमवार की शाम से ही गांव में सन्नाटा पसर गया था और पूरी रात ग्रामीणों की दहशत के साय में कटी। हालांकि पुलिस और वन विभाग की टीम रात भर सक्रिय रही। टीम को उम्मीद थी कि जिन संभावित स्थलों पर जाल और पिंजरे लगाए गए हैं सुबह होने पर तेंदुआ या तो किसी जा या फिर पिंजरे में कैद मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मंगलवार को भी वन विभाग की टीम वन विभाग की एसडीओ संवेदना चौहान, वीरेंद्र सिंह, और रेंजर विशाली चौधरी के नेतृत्व में गांव में ही डेरा डाले रही लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। चर्चा है कि संभवत तेंदुआ खेतों के रास्ते ही किसी अन्य स्थान पर चला गया है। वहीं, वन विभाग की टीम का कहना है कि जाल और पिजरे अभी भी लगे हुए हैं यदि क्षेत्र में कहीं भी तेंदुआ है तो उसे अवश्य पकड़ लिया जाएगा।

# अध्यक्ष बनने पर किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विशाल सैनी समिति का अध्यक्ष बनने पर आयोजित मानव कल्याण मंच के कार्यक्रम में राजू सैनी का अंग वस्त्र व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

मानव कल्याण मंच के संस्थापक अरुण अग्रवाल के शिवपुरी स्थित निवास पर आयोजित कार्यक्रम में राजू सैनी को अंग वस्त्र व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजू सैनी ने स्वागत करने के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी नगर वासियों के लिए कोई भी कार्य होगा उसके लिए सदैव तत्पर रहूंगा कार्यक्रम में सभासद रविंद्र चौधरी ने कहा कि देश को नए युवा व उच्च विचार वाले समाजसेवी व्यक्तियों की आवश्यकता है कार्यक्रम के अंत में



मंच संस्थापक अरुण अग्रवाल ने राजू सैनी को आगामी भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

डिस्काउंट फार्मेसी के स्वामी रो. हित अग्रवाल ने कहा कि हमें उम्मीद है की हमारे युवा पदाधिकारी देवबंद नगर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में विकास देशवाल, अमित सिंघल एड., मानव कल्याण मंच के अध्यक्ष सुशील कर्णवाल, कोषाध्यक्ष सुनील बंसल, बलवीर सैनी, राजीव शर्मा आदि मंच सदस्य व पद अधिकारी शामिल रहे।

# बच्चो ने पूल पार्टी में मचाया धमाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मेपल्स एकेडमी में प्री-नर्सरी से कक्षा पांच तक के बच्चों के लिए पूल पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। पूल पार्टी में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने रेन डांस किया। विभिन्न खेल, नृत्य, संगीत और मस्ती भरे कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने ठंडे पानी की बौछारों के बीच खूब मस्ती की। पूल पार्टी के साथ ही बच्चों के लिए फ्रूट एवं जूस पार्टी की भी व्यवस्था की गई। बच्चों ने ताजे फल खाकर और जूस का खूब आनंद लिया। प्रधानाचार्या डा. चित्रा जोशी ने गर्मियों की छुट्टियों में समय का सही सदुपयोग करने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। उत्कर्ष वत्स, अंकुर राठी, मनोज कुमार, गौरव कुमार, रामकुमार, सिम्मी मखीजा, लवी त्यागी, आंचल




गर्ग, प्राची, आन्या, दीपिका, शिल्पा, शिल्पी रस्तौगी आदि मौजूद रहे

## रेलवे ओवरब्रिज के निकट व्यक्ति का शव मिला

**नागल।** कस्बे के पांडौली रोड स्थित रेलवे ओवरब्रिज के निकट एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

थाना प्रभारी रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम करीब सात बजे पुलिस को पांडौली रोड पर एक शव पडा मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर जाकर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

# शहीद व्यापारी नेताओं को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शहीद हुए व्यापारी नेताओं को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल देवबंद इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इंडस्ट्रीयल स्टेट स्थित के एल जनता इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक राज सिंघल ने कहा कि शासन प्रशासन में जो व्यापार मंडलों को सम्मान मिल रहा है वह इन शहीदों के बलिदान का ही परीणाम हैं। पूरा व्यापारी समाज उनके प्रति कृतज्ञता पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है. बलिदान देने वालों में लखनऊ के हरिश्चंद्र अग्रवाल बुलंदशहर के हरिशंकर अग्रवाल एवं नित्यानंद कौशिक प्रतापगढ़ के अशोक कुमार खंडेलवाल कानपुर के लवकेश ओमर एटा के मुन्ने मियां जौनपुर के अशोक राय गाजियाबाद के कमल जैन कासगंज के रमेश बिंदल हरिद्वार के अजय गुप्ता मैनपुरी के अमित गुप्ता मुजफ्फरनगर के रमेश पवार गोपाल पोद्दार आदि मुख्य रूप से शामिल है।

कार्यक्रम में नगर इकाई के अध्यक्ष अश्वनी मित्तल महामंत्री चौधरी सतवीर सिंह कसाना कोषाध्यक्ष वरियाम खान ने कहा की व्यापार मंडल बिक्रीकर के सर्वो के




विरोध से प्रारंभ हुआ था शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए आज हमें व्यापारी हित के लिए सक्रिय और संघर्षरत रहने की शपथ लेनी चाहिए.युवा अध्यक्ष रविंद्र चौधरी महामंत्री विकास पुंडीर अनुज गर्ग ने कहा की व्यापारी हित में हमें व्यापार मंडल को और अधिक मजबूती प्रदान करनी चाहिए.अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अश्वनी मित्तल एवं संचालन नगर महामंत्री चौधरी सतवीर सिंह कसाना ने किया.

## महिला समेत अवैध गांजा तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में गांजा बरामद

**कंकरखेड़ा।** थाना कंकरखेड़ा क्षेत्र में लंबे समय से चल रहा गांजे का कारोबार को पुलिस ने दो अवैध गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित गांजा बरामद किया गया है। थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और चैकिंग के दौरान अजय उर्फ रोहटा फाटक पुत्र राजकुमार निवासी शीतला माता मन्दिर के पास जवाहर और सलमा पत्नी दिलीप निवासी शीतला माता मन्दिर के पास जवाहर को गोल्ड कोस्ट कालोनी की पिछली निर्माणाधीन दीवार व टावर के पास से मय अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया।

# खनन माफियाओं के हौंसले बुलंद बेखौफ चीरा जा रहा है धरती का सीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** खनन माफियाओं के हौसले दिनों दिन बढ़ रहे हैं। खनन विभाग मूकदर्शक बनकर यह सब देख रहा है। थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा कालोनी निर्माण कार्यों के लिए प्रतिदिन 700 से 800 ट्रॉली मिट्टी जेसीबी मशीन से खुदाई कर मंगाई जा रही है। इस कार्य में करीब 20 डम्फर व ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगी हुई हैं, जो दिनभर मिट्टी की अवैध ढुलाई कर रही हैं।

इन खनन माफियाओं का नाम दीपक व अफसर प्रकाश में आया है। क्षेत्र में खनन माफिया के बढ़ते रसूख के आगे प्रशासन का कद बौना लगने लगा है। क्योंकि अब खनन माफिया रात के अंधेरे का इंतजार नही करते बल्कि दिन में ही प्रशासन की सेटिंग से अवैध खनन धड़ल्ले चालू है। रात्रि व दिन को जेसीबी मशीन से खनन किया जा रहा है। दिन में इसका बाजार गुलजार हो रहा। क्षेत्र वासियों में चर्चा है कि खनन माफिया के तार अधिकारियों से जुड़े हुए है। मानों किठौर क्षेत्र में तो खनन माफिया अपना साम्राज्य स्थापित कर लिए हैं। या फिर यूं कहा जाए कि प्रशासन के समांतर ही अपना एक निजाम तैयार कर लिया है जिसके आगे न सिर्फ स्थानीय पुलिस प्रशासन बल्कि जिले में बैठे हुए जिम्मेदार आला अधिकारी भी बेबस हो गए हैं। खनन माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि स्थानीय लोगों को इससे निजात पाने के लिए कोई उपाए नही सूझ रहा है। स्थानीय प्रशासन खनन स्थल तक तो पहुंचता है लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेजकर ही जिम्मेदारी का निर्वहन पूरा कर लिया जाता है। दिन व रात में जेसीबी मशीनों से बालू और मिट्टी का खनन और दिन के उजाले में उसे बेचकर प्रशासन को चुनौती दी जा रही है। लेकिन प्रशासन को न तो खनन नजर आ रहा है और न ही इसे करने वाले लोग। नतीजा ग्रामीणों में फिर एक बार प्रशासन के प्रति आक्रोश है। यह आक्रोश किस रूप में सामने आता है यह तो भविष्य में हीं पता चलेगा। एसडीएम का कहना है कि कुछ लोगों को चिन्हित किया गया है। इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शीघ्र ही टीम बना कर यह काम शुरू होगा।

### दिन-रात होता है खनन

खनन माफिया की दबंगाई ऐसी है कि यह लोग दिन-रात मिट्टी की खुदाई कर कस्बे में प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा काटी जा रही कॉलोनी का भराव किया जा रहा है। धड़ल्ले से चल रहे अवैध खनन की प्रशासन को खबर तक नहीं है। ऐसे में प्रशासन की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। वहीं लोगों में भी इस मामले को लेकर काफी रोष है।

**कैंट की सियासत में साईकिल कि हलचल...**

# सपा को मजबूत करने के लिए घर-घर पहुंच रहे पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि

- **योगेश वर्मा के घर हुई कैंट सीट को लेकर बड़ी बैठक, भारी तादाद में जुटे कार्यकर्ता**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ की कैंट विधानसभा को भाजपा का मजबूत किला माना जाता है। यहां पर भाजपा का प्रत्याशी घोषित होते ही उसे जीता हुआ माना जाता है और इसकी वजह से इसे भाजपा का अभय किला भी कहा जाता है लेकिन समाजवादी पार्टी इस बार मेरठ के अंदर इस अभय किले में ही अपनी साइकिल की सवारी करने के लिए बड़े सपने देख रही है जिसको लेकर समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि लखनऊ से चलकर मेरठ पहुंचे है और वह मेरठ और कैंट विधानसभा के अलग-अलग कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं। इसी कड़ी में वह दलित समाज के बड़े नेता पूर्व विधायक योगेश वर्मा के आवास पर पहुंचे, जहां पर कैंट विधानसभा के पदा. धिकारियों से कैंट की सियासत को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि ने कहा कि कैंट के अंदर अब तक के हालात को देखते हुए और यहां के जातीय आंकड़ों पर नजर डालने के बाद ऐसा लगता है जैसे यहां कोई मेहनत नहीं की गई है। इस दौरान पूर्व विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि जब वह मेरठ से मेयर बने तो कैंट से भरपूर वोट मिला था और इस कैंट में भी भाजपा को बड़ी चोट दी गई थी।

आपको बता दें कि दलित समाज यहां पर बड़ी तादाद में है। साथ ही मुस्लिम समाज भी 60-70 हजार की तादाद में है। इसी के साथ जाट और अन्य समाज भी जो पीडीए को मजबूत स्थिति में देखना चाहता है वह कैंट में मजबूत है। ऐसे में अगर कार्यकर्ताओं को मजबूत किया जाए और बूथ के हिसाब से कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाए तो यहां पर बहुत कुछ हो सकता है। कैंट के अंदर समाजवादी पार्टी साइकिल की रफ्तार से कमल को कुचल सकती है। इस दौरान सभी ने कैंट को मजबूत बनाने के लिए एकजुटता दिखाई और कहा कि इस बार कैंट में भाजपा का कमल नहीं खिलेगा बल्कि यहां पर पीडीए की साइकिल चलेगी। योगेश वर्मा ने भी घर पर आए सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी का आभार जताया और कहा कि वह अपने समाज को एकजुट करेंगे और कैंट में समा. जवादी पार्टी को मजबूत बनाते हुए काम करेंगे। वहीं सपा के पूर्व मंत्री जुगल किशोर ने भी उम्मीद जताई कि इस बार समाजवादी पार्टी कैंट में मजबूती के साथ आगे आकर सीट जीतेगी और 2027 में मेरठ से ही सपा की सरकार बनाने का आगाज किया जाएगा।

### महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी दिखे नदारद

एक लंबे समय से समाजवादी पार्टी में महानगर अध्यक्ष पद संभाल रहे आदिल चौधरी इस मीटिंग से नदारत दिखे। हालांकि पूर्व मंत्री जुगल किशोर अलग-अलग कार्यकर्ताओं के घर जा रहे हैं अलग-अलग लोगों से बात कर रहे हैं ताकि महानगर के अंदर पार्टी को मजबूत बनाया जा सके। ऐसे में कई लोगों ने कहा कि महानगर के अंदर पार्टी के कमजोर होने की सबसे बड़ी वजह यही है कि महानगर अध्यक्ष का पद एक ही व्यक्ति के नाम रिजर्व कर दिया गया है। ऐसे में जो लोग पार्टी को अपने खून से सीचना चाहते हैं उनकी मेहनत पार्टी के अंदर कोई मायने नहीं रखती है और उन्हें एक व्यक्ति के रसूख के चलते पद नहीं मिल पाता है। फिलहाल जुगल किशोर वाल्मीकि संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने में लगे हैं लेकिन उसके बावजूद भी लंबे समय से महानगर अध्यक्ष का पद संभाले आदिल चौधरी पूरी तरह नदारद दिख रहे हैं।

# गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी पहुंची सेमीफाइनल में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी में चल रहे अरुण सिंह अन्ना मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को जीटीबी क्रिकेट एकेडमी और जीटीबी स्कूल के बीच मैच खेला गया। इसमें गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 240 रन बनाए। इसमें रिहान ने 48, कार्तिक ने 49, अनमोल ने 38 और शौर्य ने 31 रन बनाए। गेंदबाजी में अनमोल ने तीन विकेट, दिव्य ने दो विकेट लिए, रो. नित ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीटीबी क्रिकेट एकेडमी ने 18.4 ओवर में 8 विकेट पर 241 रन बनाकर मैच जीता। इसमें रोनित ने 90, दिव्य ने 40, अभिजीत और अजहर ने 30 30 रन बनाए। गेंदबाजी में रिहान ने 3, अनमोल ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच दिव्य उर्फ ड्रिंक्स और रोनित को संयुक्त रूप से दिया गया। आयोजन सचिव क्रिकेट कोच अतहर अली ने बताया कि आज बृहस्पतिवार को टूर्नामेंट का अंतिम लीग मैच खेला जाएगा।



# कासमपुर सांत्वना देने पहुंचे प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** कासमपुर व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेश लोधी के पिता के स्वर्गवास होने पर कासमपुर व्यापार मंडल के प्रतिनिधि एवं प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह कैंट विधायक अमित अग्रवाल एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी सांत्वना देने पहुंचे। हालांकि, स्वर्गवास की सूचना पर कासमपुर बाजार पूर्ण रूप से बंद रहा। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा नेता संजीव मंगवाना, शक्ति सोनकर, रोहित ठाकुर, राहुल लोधी, कुलदीप चौधरी, ओमवीर सिंह, अशोक, सबलोक, हंसराज, गुंजन, पिंटू सिंह, श्याम, सुंदर गोयल, महेश लोधी, किरण पाल सिंह, मास्टर राकेश चौधरी, नवाब सिंह तोमर, भंवर सिंह, इंदर सेन लोधी और कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

# पार्टी की विचारधारा से लोगों को जोड़ने के लिए जाएं गांव-गांव: प्रदीप नरवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को मेरठ में कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी किए गए संगठन सर्जन प्रोग्राम की समीक्षा बैठक की गई व जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करी गई जिसमें अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गौरव भाटी व संचालन महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने किया।

जिसमें प्रदीप नरवाल ने संगठन सृजन एवं संविधान बचाओ अभियान के तहत मेरठ मे हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर के जिला/शहर प्रभारी, निवर्तनमान प्रदेश के उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिवगण एवं नवनियुक्त सयोंजक एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित कर जिलेवार हर जिले के साथ अलग-अलग बैठक करी अपने संबोधन में प्रदीप नरवाल ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पर खासतौर पर ध्यान देते हुए यूपी में संगठन सर्जन अभियान की शुरुआत करी है।

जिसमें हमें शहर से लेकर देहात तक हर गली हर गांव में लोगों से जाकर मिलना है और उनको पार्टी की नीतियों के बारे में अवगत कराते हुए उन्हें पार्टी से जोड़ना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष गौरव भाटी, महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा, पुरुषोत्तम नगर, नसीम कुरैशी, चौधरी यशपाल जी, विनोद मोगा, बदरुद्दीन कुरैशी, तुक्कीमल खटीक, प्रवीण चौधरी, बिजेंद्र यादव, दीपक भाटी चोटी वाला, इरफान कुरैशी, मुकेश यादव, संजीव शर्मा, उदयवीर त्यागी, शबी खान, डॉ. जफरुल्लाह, सय्यद रेहानुद्दीन, सपना सोम, अरुण कौशिक, उवैस अंसारी, विपिन सोनकर आदि मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री का किया स्वागत

**मेरठ।** सिवाल खास विधानसभा प्रत्याशी मनिंदर पाल सिंह के आवास कोणार्क कालोनी पर उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं मेरठ जिले के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह के आगमन पर पुष्प गुलदस्ते भेंटकर स्वागत किया। जिला अध्यक्ष शिव कुमार राणा, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, पूर्व विधायक सतबीर त्यागी, कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन विमल शर्मा, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, जिला महामंत्री हरीश चौधरी, दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र चौधरी, पूर्व प्रधान ब्रजवीर सिंह, गौरव चौधरी, वीपेंद्र सुधा वाल्मीकि, जयवीर राणा, नरेश तोमर, पंकज चौहान, मनोज चौधरी, आदेश फौजी, सचिन मालिक, विक्रांत देशवाल, ब्रजवीर सैनी आदि मौजूद रहे।

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र मौहम्मद शाकिर मेरे कहने में नहीं हैं गतल संगत में पड़ने के कारण उसका अच्छा व्यवहार नहीं है इससे दुखी होकर मैंने अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिये है भविष्य में मैं व मेरा परिवार उसके किसी भी लेन देन व कृत्य का जिम्मेदार नहीं होगा।

मौहम्मद अरशद खान
पुत्र सुभान खान
निवासी मौ0 पठानपुरा देवबन्द
जिला सहारनपुर

# IPL समापन समारोह के लिए खास तैयारी

**● ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनेगा, सीडीएस, थल सेना अध्यक्ष के साथ ही वायुसेना और नौसेना प्रमुख को भी न्योता**




**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2025 सीजन अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। गुरुवार से प्लेऑफ के मुकाबले खेले जाएंगे और फिर तीन जून को आईपीएल के 18वें सत्र का खिताबी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के समापन समारोह की तैयारियां शुरू कर दी है और इसके लिए खास योजना बनाई है। बीसीसीआई ने आपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने का फैसला किया है और इसके तहत बोर्ड ने समापन समारोह के लिए सीडीएस, थल सेना अध्यक्ष के साथ ही वायुसेना और नौसेना प्रमुख को भी न्योता दिया है।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, बोर्ड हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है, जिनके आपरेशन सिंदूर ने वीरतापूर्ण प्रयास से राष्ट्र की रक्षा की और हमें प्रेरित किया। सम्मान के रूप में हमने समापन समारोह को सशस्त्र बलों को समर्पित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, हमने भारतीय सेना के तीनों सेना प्रमुख, शीर्ष रैंक के अधिकारी और जवानों को आप. रेशन सिंदूर की सफलता के लिए अहमदाबाद में होने वाले फाइनल मुकाबले के लिए आमंत्रित किया है। देशभक्ति की भावना को और बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम में सैन्य बैंड द्वारा प्रस्तुति दिए जाने की संभावना है, जिसके बाद एक संगीत समारोह का आयोजन किया जाएगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक लाख से अधिक दर्शकों की उपस्थिति को देखते हुए बीसीसीआई को उम्मीद है कि समापन समारोह एक सफल कार्यक्रम रहेगा। सैकिया ने कहा, भले ही क्रिकेट राष्ट्रीय जुनून है, लेकिन हमारे देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब आईपीएल के दौरान सशस्त्र बलों को समर्पित कोई समारोह आयोजित किया जाएगा। 2019 में बीसीसीआई ने चेन्नई में टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह के लिए सैन्य बैंड को आमंत्रित किया था और पुलवामा आतंकी हमले के बाद सशस्त्र बलों के लिए 20 करोड़ रुपये का योगदान देने का भी संकल्प लिया था। मालूम हो कि पुलवामा हमले में 44 सीआरपीएफ जवान बलिदान हुए थे। भारत ने सात मई को आपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के ठिकानों पर सटीक हमले किए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई थी। इसके बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की, जिनका भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया। इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचा, जिनमें एयर बेस, रडार साइट्स, और कमांड सेंटर शामिल हैं। इससे घबराए पाकिस्तान ने 10 मई को भारत के सामने सीजफायर का प्रस्ताव रखा, जिसे दोनों देशों ने आपसी चर्चा के बाद लागू कर लिया। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का प्रभाव आईपीएल पर भी पड़ा था और टूर्नामेंट को एक सप्ताह के लिए स्थगित करना पड़ा था।सीजफायर के बाद आईपीएल 17 मई से दोबारा शुरू हुआ, लेकिन इसके कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा।

तय कार्यक्रम के अनुसार, आईपीएल का फाइनल 25 मई को कोलकाता में खेला जाना था, लेकिन बाद में संशोधित कार्यक्रम जारी हुआ जिसके तहत फाइनल मुकाबला तीन जून को अहमदाबाद में कराने का फैसला लिया गया। सशस्त्र बलों के सम्मान में कुछ मुकाबलों से पहले राष्ट्रगान भी बजाया गया था।




## सूर्या ने सचिन का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**● आईपीएल-18 के 69वें मैच में मुंबई से किसी भी सीजन के टॉप स्कोरर बने सूर्या कुमार यादव**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव ने मुंबई इंडियंस (एमआई) के 2 रिकॉर्ड तोड़े। पहले सूर्या ने सचिन तेंदुलकर के 14 साल पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। वे एमआई के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बने। इसके बाद सूर्या ने सनथ जयसूर्या के रिकॉर्ड को तोड़ा। वे किसी सीजन में मुंबई के लिए सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बैटर भी बने। आईपीएल-18 के 69वें मैच में पंजाब किंग्स (सीएसके) ने मुंबई इंडियंस (एमआई) को 7 विकेट से हरा दिया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने जीत का टारगेट 18.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। मुंबई इंडियंस के लिए किसी एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सूर्यकुमार यादव टॉप पर पहुंच गए। उन्होंने अब तक 14 मैचों में 640 रन बना लिए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था, जिन्होंने 2010 में 618 रन बनाए थे। सूर्यकुमार ने खुद ही इस सूची में तीसरा स्थान भी हासिल किया है, जब उन्होंने 2023 में 605 रन बनाए थे। सचिन तेंदुलकर एक बार फिर इस सूची में 553 रन (2011) के साथ चौथे स्थान पर हैं। उनके बाद लेंडल सिमंस ने 2015 में 540 रन बनाए थे। वहीं रोहित शर्मा ने 2013 में 538 रन बनाकर इस सूची में छठा स्थान हासिल किया है। आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा बार 25 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अब सूर्यकुमार यादव के नाम है। उन्होंने 2025 सीजन में अब तक 14 बार 25+ रन बनाए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड केन विलियमसन के नाम था, जिन्होंने 2018 में 13 बार यह कारनामा किया था। इसी आंकड़े तक शुभमन गिल भी पहुंचे थे, जब उन्होंने 2023 सीजन में 13 बार 25+ रन बनाए थे। अब टी-20 क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा बार 25+ रन बनाने का रिकॉर्ड भी सूर्यकुमार यादव के नाम है। उन्होंने साउथ अफ्रीका के तेम्बा बावुमा के लगातार 13 बार के 25+ रन का रिकाड्र्स तोड़ा। सूर्यकुमार यादव मुंबई इंडियंस के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले प्लेयर बने। वे अब तक 32 छक्के जड़ चुके हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सनथ जयसूर्या के नाम था, जिन्होंने 2008 में 31 छक्के लगाए थे। तीसरे स्थान पर ईशान किशन हैं, जिन्होंने 2020 में 30 छक्के जड़े थे। वहीं किरोन पोलार्ड (2013) और हार्दिक पांड्या (2019) ने 29-29 छक्के लगाकर इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। पंजाब-मुंबई के बीच टॉस से पहले एक रोमांचक वाकया सामने आया। एमआई के कप्तान हार्दिक पांडया जब टॉस के लिए बीच मैदान पर आ रहे थे, तब वे थोड़ी कन्फ्यूज दिखाई दिए। इसके लिए उन्होंने सूर्यकुमार यादव को बुलाया और अपनी दो में से एक उंगली चुनने के लिए कहा। सूर्यकुमार यादव ने इसके बाद उनसे कहा- बैट फर्स्ट। इसका मतलब ये था कि अगर आप टास जीतें, तब आपको टीम के लिए

## इंग्लैंड की गोलकीपर मैरी इयरप्स ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास

**■ 2022 में यूरो जीतना मेरे जीवन का सबसे अच्छा दिन था: मैरी**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड महिला फुटबॉल टीम की गोलकीपर मैरी इयरप्स ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। इयरप्स ने स्विट्जरलैंड में लियोनेस में होने वाली यूरोपीय चैम्पियनशिप की शुरुआत से पांच सप्ताह पहले आज अपने संन्यास की घोषणा की है।

इयरप्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि यह मेरे लिए सही समय है कि मैं हट जाऊं और युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने का मौका दूं। उन्होंने कहा कि 2022 में यूरो जीतना मेरे जीवन का सबसे अच्छा दिन था। उन्होंने कहा कि अपने देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। काश मैं इसे हमेशा के लिए कर पाती, सभी अच्छी चीजों का अंत होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूं कि इस बार फिर हमारी टीम ऐसा करे। इयरप्स ने इंग्लैंड के लिए आठ वर्षों में 53 सीनियर मैच खेले। इयरप्स को 2023 में बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर चुना गया था।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आयोजित 2023 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए गोल्डन ग्लव जीता था। उन्होंने 2022 और 2023 में सर्वश्रेष्ठ फीफा गोलकीपर का पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इंग्लैंड फुटबॉल टीम की मैनेजर सरीना विगमैन ने कहा कि मुझे उम्मीद थी कि मैरी इयरप्स इस गर्मी में टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, इसलिए उनके संन्यास की घोषणा से निश्चित रूप से मैं निराश हूं।





## पैरा एथलीट महेंद्र गुर्जर व सुमित अंतिल ने भाला फेंक स्पर्धा में जीते स्वर्ण पदक

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** भारतीय पैरा एथलीट सुमित अंतिल और महेंद्र गुर्जर ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धाओं की दो श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीते। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) से प्राप्त जानक. ारी के अनुसार पैरालंपिक में दोहरा स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित अंतिल ने नॉटविल वर्ल्ड पैराएथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में पुरुष एफ 64 श्रेणी में 72-35 मीटर भाला फेंक कर में शीर्ष स्थान हासिल किया। महेन्द्र गुर्जर ने एफ 42 वर्ग में 61-17 मीटर भाला फेंक कर विश्व रिकॉर्ड बनाने के साथ स्वर्ण पदक जीता हैद्य उन्होंने शुरुआती दो प्रयास 56-11 और 55-51 मीटर भाला फेंका। उल्लेखनीय है कि स्विट्जरलैंड के नॉटविल में 23 से 26 मई तक विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 का आयोजन किया गया था।

## पीवी सिंधु-प्रणॉय सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में



**सिंगापुर, वार्ता।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय ने सिंगापुर ओपन में मंगलवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। यहां खेले गए महिला एकल वर्ग के मुकाबले में सिंधू ने कनाडा की वेन यु झांग को

**■ महिला एक वर्ग में सिंधु ने कनाडा की खिलाड़ी को हराया**

सीधे सेटों में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। सिंधू ने 31 मिनट तक चले मुकाबले में झांग को 21-14, 21-9 से हराया। इसी के साथ भारतीय शटलर का पहले राउंड में हार का सिलसिला समाप्त हो गया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू अगले दौर में मुकाबला टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की यू फेई से होगा। पुरुष एकल में भारत के एचएस प्रणय ने डेनमार्क के रासमस गेम्के के खिलाफ वापसी करते हुए एक घंटे 12 मिनट में 21-19, 16-21, 14-21 से मुकाबला जीत लिया।

एक घंटा 12 मिनट तक चले मुकाबले में पहला गेम हारने के बाद प्रणॉय ने शानदार वापसी करते हुए दोनों गेम में जीत हासिल करते हुए प्री-क्वार्टर में प्रवेश किया। इस बीच, हार के साथ मालविका बंसोड़ और अनमोल खरब का अभियान समाप्त हो गया। मालविका संघर्षपूर्ण मैच में थाईलैंड की सुपनिदा कटेथोंग से 21-14, 18-21, 11-21 से हारी।

## मैग्नस कार्लसन ने डी गुकेश को हराया

**■ महिला वर्ग में भारत की हम्पी ने वैशाली को हराकर शुरूआत की**

**नॉर्वे, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज के पहले दौर में भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश को मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, महिला वर्ग में भारत की हम्पी कोनेरू ने वैशाली रमेशबाबू को हराकर दिन की शुरुआत की।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने सफेद मोहरों के साथ खेलते हुए नॉर्वे शतरंज के पहले दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराया और चार घंटे से अधिक समय तक चले मैच में अपनी विशेषता का प्रदर्शन करते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए। यह मुकाबला 55 चालों के बाद समाप्त हुआ, जिसमें कार्लसन ने भारतीय खिलाड़ी की एक चूक का फायदा उठाते हुए मैच अपने पक्ष में कर लिया। महिला वर्ग में भारत की हम्पी कोनेरू ने वैशाली रमेशबाबू के खिलाफ निर्णायक जीत दर्ज की। हम्पी ने शांत और सटीक खेल का प्रदर्शन करते हुए अंतिम चरण में वैशाली की गलती का फायदा उठाते हुए जीत हासिल की। अमे. रिका के हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारुआना के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। खेल के दौरान नाकामुरा ने ड्रॉ का प्रस्ताव रखा, लेकिन कारुआना ने काले मो. हरों से खेलते हुए मुकबला जीत लिया। वेई यी और अर्जुन के बीच हुआ मुकाबला ड्रॉ रहा। इसके बाद 'आर्मागेडन' नामक शानदार खेल में अर्जुन ने वेई यी के दबाव से निकलते हुए जीत दर्ज की।

## इंग्लैंड ने विंडीज को किया क्लीन स्वीप

**■ इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को 17 रनों से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम की**

**■ हीथर नाइट ने नाबाद 66, नेट साइवर ने 37 और ऐमी ने 22 रन बनाए**

**चेम्सफर्ड, वार्ता।** हीथर नाइट (नाबाद 66) के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज पर 17 रनों की जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली है। यहां वेस्टइंडीज की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 144 रनों का स्कोर खड़ा। हीथर नाइट ने 47 गेंदों में (नाबाद 66) रनों की पारी खेली। नेट सायवर ब्रंट ने (37) और एमी जोंस ने (22) रन बनाये। वेस्टइंडीज की ओर से हेली मैथ्यूज ने तीन विकेट लिए। जायडा जेम्स और जे क्लैक्सटन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे टिक नहीं खेल सके। वेस्टइंडीज की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गवांती रही। हेली मैथ्यूज ने 54 गेंदों में (75) रनों की पारी खेली। इसके अलावा रीलेआना ग्रिमोंड (15) और शबीका गजनबी (14) रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 127 रन ही बना सकी और 17 रनों से मुकाबला हार गई। इंग्लैंड के लिए लॉरेन बेल, एमिली आरलट, शार्लेट डीन और ललसी स्मिथ ने दो-दो विकेट लिए। तीन मैचों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाली वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज को 'प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया।

## रिंडरकनेच को हराकर सिनर ने फ्रेंच ओपन में अपने अभियान की शुरुआत की

**पेरिस, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फांस के आर्थर रिंडरकनेच पर जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत की। कोर्ट फिलिप चैटरियर में सोमवार को तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम मैच खेल रहे इटली के सिनर ने अपने फांसीसी प्रतिद्वंद्वी रिंडरकनेच को 6-4, 6-3, 7-5 से हराया। दूसरे दौर में सिनर का मुकाबला फ्रांस के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रिचर्ड गैस्केट से भिड़ेगे। मैच के बाद सिनर ने कहा कि पहले दौर के मैच कभी भी आसान नहीं होते। मैं विशेषकर तीसरे सेट में इस स्थिति से निपटने के तरीके से बहुत खुश हूं। उसने सर्विस के दौरान कुछ गलतियाँ कीं, जिससे मुझे कुछ मदद मिली।



## गुलवीर ने 10 हजार मीटर में जीता सोना




**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** भारतीय एथलीटों ने मंगलवार को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीते। दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित चैंपियनशिप में भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता और सर्विन सेबेस्टियन ने 20 किमी पदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में अन्नू रानी चौथे स्थान पर रहने के बाद 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पोडियम स्थान से चूक गईं।

पुरुषों की तीन हजार मीटर, पांच हजार मीटर और 10 हजार मीटर में भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर ने गुमी में 10 हजार मीटर स्पर्धा 28:38-63 का समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं जापान के मेबुकी सुजुकी ने (28:43:84) समय के साथ रजत और बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप ने (28:46:82) समय के साथ कांस्य पदक जीता।

### फ्रिट्ज हुए उलटफेर का शिकार सितसिपास, बडोसा अगले दौर में

**पेरिस, वार्ता।** फ्रेंच ओपन 2025 के दूसरे दिन जर्मनी के डेनियल अल्टमायर ने उलटफेर करते हुए चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वही स्टेफानोस सितसिपास और पाउला बडोसा ने अगले दौर में जगह बना ली हैं। यहां रोलांड गैरोस के क्ले कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में जर्मनी के डेनियल अल्टमायर चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज को 7-5, 3-6, 6-3, 6-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। डेनियल अल्टमायर ने आक्रामक और रणनीतिक खेल का प्रदर्शन करते हुए फ्रिट्ज की लय को बाधित कर निर्णायक जीत दर्ज की। अब अल्टमायर का अगले दौर में चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा से मुकाबला होगा। एक अन्य मैच में पांचवीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास ने अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी को 7-5, 6-3, 6-4 से हराकर क्ले-कोर्ट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं महिलाओं के ड्रॉ में, पाउला बडोसा ने चुनौतीपूर्ण शुरुआत से उबरते हुए पूर्व विश्व नंबर वन नाओमी ओसाका को 6-7(1), 6-1, 6-4 से हराया। दिन के सबसे प्रभावशाली प्रदर्शनों में से एक गैर-वरीयता प्राप्त स्पेन की जेसिका बूज़ास मानेरो का था, जिन्होंने नौवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की एम्मा नवारो को एक घंटे से भी कम समय में 6-0, 6-1 से हराया।

# ईदगाह व मस्जिद मदरसों में ही अदा हो ईद उल अजहा की नमाज

## जिलाधिकारी व एसएसपी ने ली शांति समिति से जुड़े लोगों की बैठक, विभागों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि ईदगाह और मस्जिद मदरसे के परिसर में ही ईद उल अजहा की नमाज अदा की जाये। उन्होंने संबंधित विभागों को साफ सफाई, विद्युत, पेयजल की व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिये।



जिलाधिकारी आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण के साथ कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आगामी ईद-उल-अजहा के पर्व के दृष्टिगत शांति समिति एवं कानून व्यवस्था की बैठक ले रहे थे। जिलाधिकारी ने कहा कि नमाज ईदगाह और मस्जिद मदरसे के परिसर में ही अदा की जाए, सार्वजनिक स्थानों पर न हो। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि हम सभी को हर-हालत में कानून का पालन करना है कोई नई परम्परा शुरू न करें। उन्होंने कहा कि कुर्बानी सायं 3 बजे तक कर ली जाए जिससे वेस्टेज का डम्प उसी दिन हो सके। यदि कुर्बानी 3 बजे के बाद की जाती है तो उसके वेस्टेज को सुरक्षित कर लिया जाए और अगले दिन उसका निस्तारण कराया जाए। इसके लिए उन्होंने निर्देश दिए कि वेस्टेज के लोडिंग हेतु सिस्टम निर्धारित करते हुए उसी दिन वेस्टेज का डम्प किया जाए। पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि निरन्तर वीडियोग्राफी कराते रहे। वेस्टेज को पूर्णतः ढककर ही ले जाया जाए, और ध्यान रखें कि वेस्टेज सडक पर न गिरे। सुनिश्चित किया जाए कि डम्पिंग एरिया पूर्ण रूप से कवर हो। डम्पिंग के लिए जेसीबी स्थल पर खडी रहे। नगर निगम को स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि पशु मण्डी स्थल चिन्हित कर लिया जाए। पशु मण्डी में ओवर रेटिंग न हो और जो निर्धारित रेट हो उसे फलेक्सी पर प्रदर्शित किया जाए।

श्री बंसल ने कहा कि व्यवस्था बनाना प्रशासन का काम है लेकिन उसमें सहयोग करना और साफ-सफाई बनाए रखना आपकी भी जिम्मेदारी है।

जनपद के साथ स्थानीय तहसील प्रशासन को पूरी सावधानी एवं सतर्कता बरतनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रतिबन्धित जानवरों की कुर्बानी न दी जाए। उन्होंने नगर निगम समेत समस्त ईओ एवं एसडीएम को निर्देशित किया कि साफ-सफाई एवं पानी की समुचित व्यवस्था रखी जाए। विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि इस मौक पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी। उन्होंने सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक और थाना अध्यक्ष को निर्देश देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहते हुए शांति व्यवस्था को बनाए रखे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, एसपी सिटी व्योम बिंदल, एसपी यातायात सिद्धार्थ वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, पूर्व मंत्री सरफराज खान, जामा मस्जिद प्रबंधक मौलाना फरीद मजा. हिरी, जयनाथ शर्मा, महेन्द्र कुमार तनेजा, राजेश जैन, ब्रित चावला और अमीर खान सहित समस्त एसडीएम, ईओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बीमार: इकरा

## कैराना सांसद का मैडिकल कॉलेज में निरीक्षण, भर्ती मरीजों से ली जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी से कैराना सांसद इकरा हसन ने आज शेखुल हिंद मैडिकल कालेज का औचक निरीक्षण कर भर्ती मरीजों का हाल जाना और उनसे वहां मिलने वाले उपचार की जानकारी ली। उन्होंने मैडिकल कालेज प्रशासन को समुचित उपचार किये जाने की चेता. वनी देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बीमार चल रही है।



सांसद इकरा हसन ने मेडिकल कॉलेज द्वारा दी जा रही सभी व्यवस्थाओं ओर सुविधाओं के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी ली और मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर मरीजो को दिए जाने वाले उपचार और व्यवस्थाओं में सुधार लाने के सख्त निर्देश जारी दिये। मरीजो से मिली असुविधा की जानकारी प्राप्त होने के बाद और लगातार शिकायतें मिलने की वजह से सांसद ने अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देश दिए कि किसी भी मरीज के उपचार में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी नहीं तो इसके परिणाम अच्छे नहीं होंगे। सांसद ने कहा कि इस वक्त उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवायो का बद से बतर हाल चल रहा है। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी व पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़,ा नाजिम प्रधान, सलीम अख्तर, अनीश प्रधान, चौधरी मेहरबान, तंवर, साजिद चौधरी, वि. स. अध्यक्ष आशीष मौजूद रहे।

# मलिन बस्तियों में हो विकास: इसरार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी ने नगर की विभिन्न बस्तियों की जर्जर सडकों के निर्माण व विकास कार्यो की मांग को लेकर नगर निगम में एक ज्ञापन सौंपा।

सपा प्रदेश सचिव इसरार चौधरी के नेतृत्व में सौंपे गये ज्ञापन में मोहल्ला दानिश कॉलोनी, रोहिणी गार्डन, महफूज गार्डन, रमजानपुरा और रामगढ़ की सड़कों की बदहाल स्थिति व बुनियादी सुविधाओं को पूरा किये जाने की मांग की गई। इसरार चौधरी ने कहा कि दलित, मालिन और अल्पसंख्यक बहुल बस्तियों को जानबूझकर विकास से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम की यह नीति साफ तौर पर भेदभावपूर्ण है और यह संविधान की समानता की भावना के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही इन उपेक्षित बस्तियों में सड़क निर्माण और अन्य बुनियादी सुविधाओं का कार्य शुरू नहीं किया गया, तो समा. जवादी पार्टी चुप नहीं बैठेगी। पार्टी चरणबद्ध तरीके से धरना-प्रदर्शन करेगी। इस दौरान अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव कर्म सिंह, डॉ. फैयाज, सलमान मलिक आदि मौजूद रहे।

### करंट से युवक की मौत

**नागल।** बिजली का करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। गांव खजूरवाला निवासी मोबिन 18 पुत्र मुंतजीर उत्तराखंड के लक्सर ब्लाक मे जल निगम द्वारा बनाई जा रही पानी की टंकी मे पाइपलाइन फिटिंग का काम करता था। सोमवार की रात जब वह सोने के लिए बिजली के पंखे का तार लगाने लगा तो उसे जोरदार करंट लगा जिसमे वह बुरी झुलस गया। चिकित्सालय लाये जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को उसे गमगीन माहौल मे सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। कुछ समय पहले ही उसके बाप की मृत्यु हो गई थी। परिवार के पालन पोषण की जिम्मेदारी का बोझ उसके कंधे पर था।

# सड़कों व नालियों से महरूम गीता विहार कॉलोनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वार्ड 33 की गीता विहार कालोनी के लोगों ने आज जनसुनवाई में प्रार्थना पत्र देकर सडक निर्माण कराये जाने की मांग की है।

प्रार्थना पत्र में क्षेत्र के लोगों का कहना था कि गीता विहार कालोनी में नाली व सडक की समस्या काफी पुरानी है। जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। बारिश के दिनों में यह समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है और घर से बाहर निकलना भी दूभर हो जाता है। क्षेत्र के लोगों का कहना था कि इस संबंध में पार्षद को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन आज तक समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ, जबकि इस कालोनी के आसपास की सभी सडके बन गई है।



गृह कर देने के बावजूद भी नगर निगम से कोई मूलभूत सुविधा नहीं मिल रही है। जिसके कारण यहां के लोगों को गांव से भी बदतर जिंदगी जीने को मजबूर होना पड रहा है। उन्होंने कालोनी में सडकें व नालियों का निर्माण कराये जाने की मांग की।

इस दौरान पीयूष, मुकेश, सतेंद्र, राहुल, जसबीर, पारूल, विनोद, विकास, अमरनाथ पांडेय, प्रियंका, विक्की, गौरव शर्मा समेत भारी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

### उपचार के दौरान निधन

**चिलकाना।** सरसावा के निकट सड़क दुर्घटना में घायल हुए नथमलपुर गांव निवासी भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष युवा नेता पुष्पेंद्र बौधियान का ईलाज के दौरान निधन हो गया।

बतातें चलें कि पुष्पेंद्र बौधियान को चंद्रशेखर आजाद का बेहद करीबी माना जाता था। वह भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के शुरुआती दिनों से ही जुड़े हुए थे। वह संगठन व पार्टी के लिए संघर्ष करने के साथ ही जनता की भी निःस्वार्थ सेवा करते आ रहे थे। इसी कारण आज उनके समर्थकों व परिजनों के साथ ही सैंकड़ो की संख्या में अन्य लोग भी उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। पुष्पेंद्र अपने पीछे पत्नी सहित 2 छोटे छोटे बच्चों को छोड़कर इस दुनिया से चले गए है।

# गुरु तेग बहादुर स्कूल के मेधावी बच्चे सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था गुरू तेगबहादुर पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सीबीएसई बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। गुरू तेग. बहादुर पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंध समिति के प्रधान स. सुजसबीर सिंह, स. प्रभजीत सिंह, स. परमिंद्र सिंह कोहली, स. अमनप्रीत सिंह, मैनेजर स. सतविंद्र सिंह माकन, स. जसप्रीत सिंह चुघ, स. मनप्रीत सिंह मखीजा, स. जसपाल सिंह, स. मदीप सिंह दुआ, स. जसपाल सिंह चावला, स. कुशींद्र सिंह, स. नरिंद्र पाल सिंह ने संयुक्त रूप से सीबीएसई बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षाओं में सर्वोच्च प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो व प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया। सर्वोच्च प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में 10वीं कक्षा के मिनाक्षी गवरी 96 प्रतिशत नबिया 92 प्रतिशत, शगुन 91.6 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं में दिव्यम भट्ट 96.2 प्रतिशत बिजनेस स्टडीज विषय में शत-प्रतिशत, गौरव सूरी 95.6 प्रतिशत संध्या सैनी 91.8 प्रतिशत वेदांत शर्मा 90.6 प्रतिशत, उदय वर्मा 90.6 प्रतिशत, प्रियांशी जोशी 89.8 प्रतिशत शामिल हैं। सफल छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और विध्यालय के सकारात्मक माहौल को दिया है। प्रबंधक स. सुजसबीर सिंह व प्रधानाचार्य स. इंद्रपाल सिंह ने सफल हुए विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की। उन्होंने कहा कि सफल हुए विद्यार्थी भविष्य में भी इसी तरह सफलता हासिल करते रहें और अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन करते रहें। कार्यक्रम में स. जयपाल सिंह, स. मनप्रीत सिंह, स. हरिंद्र सिंह चड्ढा, स. इंद्रजीत सिंह गुरकिरपा, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राओं के माता-पिता एवं स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।



# विद्युत उपखण्ड में भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** विद्युत उपखण्ड पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सम्मानित लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

मंगलवार को तल्हेडी बुजुर्ग स्थित विधुत उपखण्ड पर बड़े मंगलवार के उपलक्ष में देश की प्रगति व सुख-समृद्धि को लेकर शुद्ध मन्त्रों उच्चारण विधि द्वारा हवन पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विधुत उपखण्ड अधिकारी सन्तोष कुमार द्वारा बाहर से आए आगंतुको का अभिवादन करते हुए उन्हें प्रसाद वित. रित किया गया। प्रसाद वितरित करते हुए एस डी ओ सन्तोष कुमार ने बताया कि बड़े मंगलवार के उपल्क्ष में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें समस्त देशवासियों की कुशलता हेतु मंगल कामना की गई है।उन्होंने कहा कि तल्हेडी विधुत विभाग द्वारा क्षेत्र के उपभोक्ताओं की हर समस्या का समयानुसार निदान किया जा रहा है। लेकिन उसके बावजूद भी किसी व्यक्ति को विधुत सम्बंधित समस्या हो तो वह कार्यालय पहुंचकर उसका समाधान करा सकता है।

इस दौरान जेई बबलू कुमार, भाकियू नेता भूरा त्यागी,टीजीटू इमरान, लाइनमैन चंचल, फकरुद्दीन, संदीप कुमार, मोहित और पवन कुमार आदि के साथ समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# बूथ कमेटियां संगठन की रीढ: हरिभूषण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रभारी हरिभूषण खटीक आने वाला समय सपा का है जिसके लिये हमें मिलकर कार्य करना होगा।

हरिभूषण खटीक आज सपा कार्यालय पर संगठन की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बूथ कमेटियां पार्टी की रीढ़ का काम करता हे इसलिए पार्टी ने एक बूथ पांच यूथ के कार्यक्रम को मजबूती लेकर चलना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि समीक्षा कागजी नहीं बल्कि धरातल पर की जाएगी। हम चार दिन जिले मे कैम्प करेंगे लिहाजा जिसकी कमेटी मे कमी पेशी हो वह पूरी कर ले। जिलाध्यक्ष चौ अब्दुल वाहिद ने कहा कि बूथ कमेटियो मे शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारीयों को पदमुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने वरिष्ठ नेताओ से बूथ पर कार्यकर्ताओ का सहयोग करने का आह्वान किया।



हरि भूषण खटीक ने पूर्व मंत्री विनोद तेजीयन के साथ रामपुर मनिहारान के विभिन्न ग्राम पंचायतो बसेड़ा, साधानसिर आदि मे बूथ की वास्तविक स्थिति को देखा। प्रभारी ने ग्राम पहाड़पुर मे पार्टी के जिला सचिव फिरोज अहमद की माता व सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जगपाल दास के निवासी पर जाकर परिवार को सात्वना दी।

कार्यक्रम मे प्रदेश सचिव मनीष गुर्जर, पूर्व विधायक मनोज चौधरी, सपा महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, युवाजन सभा जिलाध्यक्ष ठाकुर विलास राणा, पूर्व जिलाध्यक्ष मजाहिर हसन मुखिया, प्रधान नाथी राम सैनी, अब्दुल गफूर, अच्छन यादव, सतीश कुमार, महेंद्र राकेश, काशिफ अलवी, राजकुमार गाठेड़ा, गौरव यादव, जीशान प्रधान, रजनीश सैनी, प्रदीप पवार, जीतेन्द्र राणा बाबा, महजबी खान, गुलशन खान, फैसल सलमानी टिंकू अरोड़ा, रफत खान, वेदपाल पटनी नदीम अंसारी मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

# मेयर डा. अजय ने किया सड़कों का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 15 में दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इन सड़कों के निर्माण पर करीब 80 लाख रुपये लागत आयेगी।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने वार्ड 15 में दो महत्वपूर्ण सड़कों पिछत्तर सिंह जी के निवास से सोफिया स्कूल तक तथा हनुमान मंदिर से एल.पी. एस. स्कूल तक की सड़कों का वेद मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना सड़क पर गेंती चलाकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहर के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज जिन दो सड़कों का निर्माण कार्य शुरु किया गया है, उनके निर्माण पर 80 लाख रुपये की लागत आयेगी। इन सड़कों के निर्माण से जहां वार्ड 15 के समग्र विकास को नई दिशा और गति मिलेगी वहीं क्षेत्रवासियों, स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों और श्रद्धालुओं को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

इस दौरान पार्षद सुनील पंवार, भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, मंडल अध्यक्ष संदीप धीमान, गौरव दुबे, मनजीत व विकास शर्मा आदि शामिल रहे।

### जन कल्याण यज्ञ आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गांव कुंडा कलां में स्थित पुलिस चौकी में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा उपरांत जनकल्याण यज्ञ का आयोजन किया गया।

पं. कपिल शर्मा की देखरेख में कुंडा कलां चौकी इंचार्ज महीपाल सिंह व कोतवाली प्रभारी पीयूष दीक्षित ने पूजन व यज्ञ सम्पन्न कराया और क्षेत्र में प्यार, सदभावना आपसी भाईचारे और साम्प्रयिक सौहार्द की कामना से यज्ञ में पुर्णाहुति दी। आहुति देने वालों में तमाम देहात के लोग शामिल रहें। आयोजित भंडारे में बडी संख्या में बिना किसी भेदभाव के सर्वसमाज के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी पीयूष दीक्षित ने जहां अपने हाथों से सबकों भोजन कराया, वही सबकों मिलजुल कर कार्य करने की सलाह दी। उनका कहना था कि पुलिस आम नागरिक की सेवा को 24 घंटे तत्पर है।

# जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रधानाचार्य पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए हिंदू युवा वाहिनी व छात्र संघ ने जिला विद्यालय निरीक्षक में अपनी मांग का ज्ञापन सौंपा।

उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर कहा कि जनता इंटर कॉलेज अहमदपुर ब्राह्मण के प्रधानाचार्य द्वारा एक व्यक्ति के साथ अभद्रता की गई। उन्होंने कहा कि विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उसके साथी शिक्षकों के द्वारा की गई अभद्रता के सबूत मिटाने के लिए सीसी कैमरो के फुटेज डिलीट कर दिए हैं।

इस दौरान विश्व हिंदू महासंघ के सचिव प्रदेश सचिव संजय वर्मा छात्र नेता राहुल शर्मा व वैभव पंडित,अर्जुन पंडित सागर शर्मा अनुभव शर्मा आकाश शर्मा अंकुश बाटला एडवोकेट सुरेंद्र कोरी एडवोकेट मनीष मंगलम श्रीमती उमा बाटला केवल कृष्ण टिंकू गुर्जर रोहित त्यागी मनीष राणा हिमांशु शर्मा अंगद शर्मा शिवा कटारिया रोहित कुमार टिंकू सोनकर सुशील राणा मुकेश दीक्षित राजेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

ज्ञात रहे की उक्त अधिकारी ने प्रधानाचार्य को वार्ता के लिए बुलाया था लेकिन आज प्रधानाचार्य वार्ता के लिए नहीं आए तो वह संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक के यहां पहुंच गए और संयुक्त शिक्षा निदेशक ने जिला विधालय निरीक्षक को मौके पर बुलाकर वार्ता करने के लिए आदेश किया।

# पार्षद फजलुर्रहमान के प्रयास से नाले से पानी निकासी का काम शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वार्ड 57 के पार्षद फजलुर्रहमान ने नगर निगम की जनसुनवाई में पहुंचकर इस्लामिया इंटर कालेज के सामने कच्चे नाले को पक्का कराये जाने की मांग की है।



पार्षद फजलुर्रहमान ने बताया कि इस्लामिया इंटर कालेज के सामने पानी की निकासी के लिये जो कच्चा नाला बना हुआ है। बरसात में पानी के तेज बहाव होने के कारण स्कूल की करीब 60 फीट दीवार बाधित हो गई है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पहले भी मेयर व नगर आयुक्त से मुलाकात की गई और ज्ञापन दिये गये थे। देर शाम पार्षद फजलुर्रहमान ने बताया कि निगम द्वारा इस्लामिया इंटर कालेज के पास से पानी निकालने के लिये पंप लगा दिया गया है।

# जनसुनवाई में दो शिकायतें निस्तारित

**अपर नगर आयुक्त ने दिये जनसुनवाई में आये प्रार्थना पत्रों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम में जनसुनवाई के दौरान आयी शिकायतों को अपर नगरायुक्त ने गंभीरता से लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर उनका शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आज आयी 9 शिकायतों में से सफाई सम्बंधी दो शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। गीता कॉलोनी की महिलाओं ने अधिकारियों को अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए कॉलोनी में सड़क व नाली निर्माण की जरुरत बतायी।

वार्ड 6 वर्धमान कॉलोनी निवासी रविंद्र कुमार ने मकान के पास नाली की साफ सफाई कराने तथा वार्ड 7 यंग तिरंगा क्लब के जावेंद ने रेंच के पुल से मिगलानी बिल्डिंग तक नाले की साफ सफाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व कर्मचारी को भेजकर तुरंत सफाई करा दी गयी। इसके अलावा वार्ड 62 पक्का बाग के जावेद अख्तर ने नाले की साफ सफाई तथा वार्ड 39 पेपर मिल रोड के शौकत अली ने डेराबंदा नवाज के पीछे तालाब की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा वार्ड संख्या 13 लक्ष्मणपुरी कॉलोनी के अशोक शर्मा ने अपने भवन का गृहकर जलकर का बिल ठीक कराने, वार्ड 18 राम. विहार कॉलोनी के गिरवर सिंह ने श्रीराम वेलफेयर सोसायटी को टैक्स मुक्त करने तथा वार्ड 9 न्यू लक्ष्मीपुरम कॉलोनी के अरविंद कुमार ने सर्वे बिल में पता ठीक कराये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर अपर नगरायुक्त ने क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षकों को जांच कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। वार्ड संख्या 33 न्यू रुप विहार निवासी हरेंद्र वर्मा ने पानी की लीकेज ठीक कराने के लिए तथा वार्ड 4 सिद्धार्थ नगर के सचिन कुमार ने आईटीसी रोड पर अवैध रुप से किये जा रहे डेरी संचालन को बंद कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# पीएम का गुजरात दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय गुजरात के दौरे पर हैं। मंगलवार को उनका दूसरा दिन था। इन दो दिनों में उन्होंने वहां जमकर रोड शॉ किए और हजारों करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास भी किए। उन्होंने जहां 24 हजार करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया, तो वहीं दूसरे दिन मंगलवार को गांधीनगर में महात्मा मंदिर में पांच हजार 536 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। अपना अंतिम रोड शो उन्होंने गांधीनगर में किया। अपने रोड शॉ के दौरान उन्होंने अपने तमाम भाषण ऑपरेशन सिंदूर को ही केंद्र में रखकर दिए। उन्होंने गांधीनगर में कहा कि हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय कर 22 मिनट मे ध्वस्त कर दिया और यह सब कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे। जाहिर सी बात है यह उनका विपक्ष पर कटाक्ष था और यह उरी आतंकवाद के संबंध में बोल रहे थे। जब उरी आतंकी हमले के बाद पीओके में सैनिक कार्रवाई की गई थी, तब विपक्ष ने उनकी सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाए थे और इसके सबूत मांगे थे। पीएम मोदी विपक्ष पर कोई भी हमला करने से नहीं चूकते। मौका कोई भी हो, जहां भी उन्हें जरा भी कोई गुंजाइश दिखाई देती है, वह विपक्ष को भेजने में देर नहीं लगाते। जैसाकि उन्होंने गांधीनगर में कहा भी कि वह पिछले दो दिनों से गुजरात में हैं और सोमवार को वडोदरा, दादोर, भुज, अहमदाबाद में रोड शॉ करने के बाद मंगलवार की सुबह गांधीनगर आए हैं। उन्होंने अपने स्वागत से ओतप्रोत होकर कहा कि ऐसा लग रहा है कि देशभक्ति का ज्वार गर्जना करता सिंदूरिया सागर, लहराता तिरंगा और सभी के हृदय में मातृभूमि के लिए अपार प्रेम है और यह सिर्फ गुजरात में नहीं बल्कि हिन्दुस्तान के कौने कौने में है। जैसी उनकी शैली है कि वह हर आज की घटना को गुजरे नेताओं के साथ जोड़ देते हैं, उन्होंने यहां भी जोड़ा और कहा कि 1947 में जब मां भारती के टुकड़े हुए, कटनी चाहिए थी जंजीरें लेकिन काट दी गई भुजाएं और देश के तीन टुकड़े कर दिए गए। उसी रात पहला आतंकवादी हमला कश्मीर में हुआ। मां भारती का एक हिस्सा आतंकवादियों के बलबूते मुजाहिदों के नाम पर पाकिस्तान ने हड़प लिया। उनके अनुसार अगर मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया होता और स. वल्लभ भाई पटेल की बात मान ली होती, तो आज पीओके हमारे पास होता। उन्होंने दोहराया कि वल्लभ भाई पटेल की इच्छानुसार जब तक पाक के कब्जे वाला कश्मीर वापस नहीं आता, तब तक सेना नहीं रुकनी चाहिए थी, लेकिन उनकी बात नहीं मानी गई और यह सब 75 साल से चला आ रहा है। विपक्ष प्रधानमंत्री के गुजरात के दौरे को चुनाव के नजरिये से देख रहा है। वैसे देखा जाए तो विपक्ष पूरी तरह गलत भी नहीं है। यूं भी भाजपा का यह अपना एक इतिहास बन गया है कि वह हर घटना को इवेंट में बदल देता है। विपक्ष भी यह आरोप लगा रहा है। सिंदूर ऑपरेशन का भी पीएम मोदी राजनीतिकरण कर रहे हैं।

## भारतीय मुसलमान पाकिस्तान से ज्यादा देशभक्त



नकल करने के लिए दिमाग की जरूरत होती है, लेकिन पाकिस्तान के पास वो भी नहीं है, पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने हाल ही में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को एक फोटो दी, पाकिस्तान के राष्ट्रपति वहां पर मौजूद थे और नेशनल असेंबली के स्पीकर भी वहां पर थे, ये स्टूपिड जोकर भारत के साथ में प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं, उन्होंने 2019 की चीनी सेना की ड्रिल की एक फोटो दी थी, जिसमें दावा किया गया था कि यह भारत पर जीत है, पाकिस्तान भारत के खिलाफ धर्म का मुद्दा नहीं उठा सकता, भारत में पाकिस्तान से ज्यादा मुस्लिम आबादी है और भारतीय मुसलमान पाकिस्तान से कहीं ज्यादा ईमानदार और देशभक्त हैं, पाक जो कुछ भी कह रहा है, उसे चुटकी भर नमक के साथ भी न लें।

**-असदुद्दीन ओवैसी, एआईएमआईएम चीफ**

# हमारा बूढ़ा होता नेतृत्व कितना बीमार है, कैसे पता चलेगा






नागरिकों को इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि देश की औसत आयु से लगभग दो गुना उम्र के जो लोग इस समय सत्ताओं पर काबिज हैं या उसे हासिल करने के लिए संघर्षरत हैं वे किसी न किसी गंभीर या गंभीर बन जाने वाली बीमारी से पीड़ित हो सकते हैं। यह भी कि उन्हें उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के नाम पर उपलब्ध कराए गए लौह आवरण की आड़ में वे जितने आश्वस्त नजर आते हैं हकघीकघ्त में उतने होंगे नहीं।

देश की आधी से ज्यादा आबादी 28.8 से कम आयु की है। मोदी के मंत्रिमंडल की औसत उम्र 58 साल है। यानी जिस औसत आयु के लोग मंत्रिमंडल में हैं उनकी संख्या देश की 140 करोड़ की आबादी में सिर्फ 15 करोड़ के करीब है। इसी तरह सांसदों की औसत आयु भी 56 साल है। हमारे 52 प्रतिशत सांसद 55 से ऊपर के हैं। यानि एक युवा देश का नेतृत्व बीमारियों के कगार पर खड़े बूढ़े होते हाथों में है। पवित्र नदियों में भी धवल अथवा भगवा वस्त्र धारण कर स्नान करने वाली इन आत्माओं के शरीरों की अंदरूनी वास्तविकता बहुत मुमकिन है उनकी सेवा में चौबीसों घंटे तैनात रहने वाले चिकित्सकों को भी या तो पता नहीं हो या उन्हें बताई ही नहीं गई हो। सत्ताओं में काबिज नेताओं की औसत नींद को लेकर भी कई तरह के दावे किए जाते हैं। आकलन यही है कि उनकी कुल जमा नींद चार-पांच घंटों से ज्यादा की नहीं होती होगी। शीर्ष पर पहुंचने या शीष को बचाए रखने की चिंता या प्रतिस्पर्धा के कारण भी पर्याप्त नींद नहीं हो पाती है। सत्ता में सालों की संख्या जैसे-जैसे बढ़ती जाती है नींद के घंटे भी उतने ही कम होते जाते हैं और बीमारियां बढ़ती जाती हैं।

हमारे देखते-देखते के ऐसे कई उदाहरण हैं कि शीर्ष से बिदा होते ही सारे समर्थक एक साथ गायब हो जाते हैं और सारी बीमारियां इस तरह प्रकट होने लगती हैं कि 'देश-सेवा' का ज्यादा वक्त नहीं मिल पाता। जिज्ञासा हो सकती है कि एक ऐसे कठिन समय जब कि देश युद्धकालीन परिस्थितियों से गुजर रहा है इस तरह के अपशकुनी विषय चर्चा में क्यों लाए जाने चाहिए? कारण यह है कि ऐसे ही नाजुक मौकों पर नेतृत्व कर रहे लोग सबसे ज्यादा तनावग्रस्त पाए जाते हैं और कुछ अलग तरह की जुबानें बोलने और अनपेक्षित व्यवहार करने लगते हैं। इस सबसे उनकी असली मानसिक और शारीरिक क्षमताओं के संकेत जनता को प्राप्त होते हैं। हाल की कुछ घटनाओं का अध्ययन करें तो ऐसा खुले आम सड़कों पर प्रकट भी हो रहा है। विषय को चर्चा में लाने के पीछे एक और बड़ा कारण दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश ने प्राप्त कराया है। अमेरिका जैसे ताकतवर और सुविधा संपन्न मुल्क के (पूर्व) राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान सूंघ तक नहीं पड़ने दी कि उनका प्रोस्टेट कैंसर फोर्थ स्टेज तक पहुंच गया है। पूरा अमेरिका इस बात पर आश्चर्य व्यक्त कर रहा है कि जिस राष्ट्राध्यक्ष को दुनिया की श्रेष्ठतम चिकित्सा सुविधा निजी स्तर पर उपलब्ध थी वह इतनी गंभीर बीमारी के साथ न सिर्फ पद पर बना रहा दूसरी बार भी चुनाव लड़ने के लिए राजी हो गया। आरोप यह है कि सत्ता में बने रहने के लिए बाइडन की शारीरिक (मानसिक?) कमजोरियों पर पर्दा डाला गया। जनता के दबाव के चलते बाइडन द्वारा अंततः चुनावी मैदान से हटने की घोषणा के बाद कमला हैरिस को ट्रम्प से मुकघबले के लिए सौ दिन के करीब ही मिल पाए। हैरिस की पराजय तो बाइडन ने ही तय कर दी थी। ट्रम्प ने तो सिर्फ उस पर अपनी मोहर लगाई। पूछा जा रहा है कि चार साल के शासनकाल के दौरान सत्तर साल से अधिक की उम्र के होने के बावजूद बाइडन के प्रोस्टेट कैंसर की जांच क्यों नहीं की गई? बताया गया है कि राष्ट्रपति पद संभालने के सात साल पहले यानि 2014 में इस बीमारी के संबंध में खून की आखिरी बार जांच हुई थी। राष्ट्रपति-पद पर बने रहने के दौरान प्रोस्टेट को छोड़कर उनकी दूसरी सभी मेडिकल जांचें हर साल होती रहीं। बाइडन इस समय 82 साल के हैं। बताया जाता है बाइडन का कैंसर हड्डियों में फैल गया है जिसे दवाओं के जरिए नियंत्रित ही किया जा सकता है ,समाप्त नहीं।

अमेरिका के मुकाबले भारत में योग्य चिकिसक ज्यादा हो सकते हैं पर सुविधाएं तो वहां जैसी निश्चित ही नहीं होंगी। कहा जाता है किसी समय हमारे एक ताकतवर मुख्यमंत्री अपने दांतों के इलाज के लिए भी अमेरिका जाते थे। बहुत मुमकिन है हमारे यहां के सक्षम राजपुरुष और उद्योगपति अपने घुटनों और रीढ़ की हड्डियों के इलाज के लिए अभी भी अमेरिका जाते हों। देश की गरीब जनता को राजनीति के अपने सिद्ध पुरुषों की गंभीर बीमारियों का तब तक पता नहीं चल पता जब तक किसी प्रकरण में गिरफ्तारी के अदालती आदेश के कारण उन्हें अस्पतालों में भर्ती नहीं होना पड़ जाए या फिर सत्ता से बेदखली नहीं हो जाए। सोच कर बता सकते हैं कि सैंकड़ों की संख्या में उच्च पदों पर बैठे राजने.

**हाल की कुछ घटनाओं का अध्ययन करें तो ऐसा खुले आम सड़कों पर प्रकट भी हो रहा है। विषय को चर्चा में लाने के पीछे एक और बड़ा कारण दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश ने प्राप्त कराया है। अमेरिका जैसे ताकतवर और सुविधा संपन्न मुल्क के (पूर्व) राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान सूंघ तक नहीं पड़ने दी कि उनका प्रोस्टेट कैंसर फोर्थ स्टेज तक पहुंच गया है। पूरा अमेरिका इस बात पर आश्चर्य व्यक्त कर रहा है कि जिस राष्ट्राध्यक्ष को दुनिया की श्रेष्ठतम चिकित्सा सुविधा निजी स्तर पर उपलब्ध थी वह इतनी गंभीर बीमारी के साथ न सिर्फ पद पर बना रहा दूसरी बार भी चुनाव लड़ने के लिए राजी हो गया। आरोप यह है कि सत्ता में बने रहने के लिए बाइडन की शारीरिक (मानसिक?) कमजोरियों पर पर्दा डाला गया।**

ताओं की किसी एक भी बीमारी के बारे में जनता को जानकारी है क्या? क्या ये लोग पूरी तरह स्वस्थ हैं और बीमार सिर्फ जनता है?

(लेखक कई अखबारों में समूह संपादक रहे हैं और वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

**स्क्रीन की थकान को कम करने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके, आंखों की रोशनी पर नहीं पड़ेगा असर आज के समय में लगभग हर कोई स्क्रीन पर घंटों समय बिताता है। यह तो वह लैपटॉप आदि पर काम किया करते हैं, या फिर अपने फोन पर स्कॉल करते हैं या अपनी पसंदीदा सीरीज देखते हैं। आजकल स्क्रीन पर अधिाक समय बिताना रोजमर्रा का हिस्सा बन गया है। जोकि स्क्रीन थकान की समस्या बन सकता है। यह एक ऐसी आधुनिक असुविधा है, जिसकी वजह से सिरदर्द, तनाव, मानसिक थकान और ब्लर्रेड विजन होती है।**

# गर्मियों में डाइजेशन की समस्या से बचें

अक्सर गर्मियों के मौसम में तापमान बढ़ने की वजह से लोगों को तरह-तरह की समस्याएं होती हैं। वहीं इस मौसम में डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं होना आम बात है। डाइजेशन सबंधी समस्याओं में डायरिया, पेट फूलना, एसिडिटी और फूड पॉइजनिंग आदि शामिल है। यह समस्याएं अधि. कतर बाहर का खाना या फिर मसालेदार खाना खाने से होती है। जिसको कई बार पचाना काफी मुश्किल हो जाता है। वहीं कई बार ठंडे या मीठे ड्रिंक का बार-बार सेवन करने से भी पेट संबंधी समस्या हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनको अपनाने से आप पेट संबंधी समस्याओं से बच सकते हैं।



**मौसमी फल खाएं**

गर्मियों के मौसम में आप मौसमी फल जैसे- खरबूजा, तरबूजा और खीरे आदि को अपना डाइट में शामिल करना चाहिए। क्योंकि यह सभी फल हाइड्रेटिंग होते हैं और साथ ही खाने को पचाने में भी सहायता करते हैं।

**घर का खाना खाएं**

गर्मियों में बाहर का खाना खाने से बचना चाहिए। क्योंकि यह आपको बीमार बना सकता है। इसलिए इस मौसम में घर का खाना दाल, चावल, रोटी और दही जैसे हल्के खाने को डाइट में शामिल करें। यह आपके पेट को हेल्दी रखने में मदद करता है।

**हेल्दी ड्रिंक्स**

गर्मी के मौसम में आप छाछ, पानी, नींबू पानी और नायिरल पानी आदि पिएं। इससे आप हाइड्रेटेड रहेंगे। वहीं अनहेल्दी ड्रिंक्स का सेवन नहीं करना चाहिए।

**न खानें बाहर का खाना**

बिरयानी, पनीर से बनी चीजें, मांसाहारी फूड और आइसक्रीम आदि का सेवन करने से फूड पॉइजनिंग हो सकता है। हालांकि यह कई लोगों को खाना पसंद होता है, लेकिन इस मौसम में यह आपको बीमार बना सकता है।

**पेट को रखें ठंडा**

इस मौसम में पेट को ठंडा रखने के लिए आप अपनी डाइट में पुदीना, सौंफ और दही आदि को शामिल कर सकते हैं।

**स्वच्छता अपनाएं**

पेट के इंफ्केशन से बचने के लिए अपने हाथों को अच्छे से धोएं। वहीं कुछ भी खाने से पहले हाथों को धोना न भूलें।


इन छोटी-छोटी आदतों को अपनाकर आप गर्मियों के मौसम में भी पेट को हेल्दी रख सकते हैं। वहीं पाचन संबंधी समस्याओं से भी बच सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कौन हैं वक्फ बोर्ड संसदीय समिति के चेयरमैन जगदंबिका पाल




बहुत चर्चित वक्फ संशोधन विल की चर्चा खूब है। संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। कहना न होगा कि वक्फ विल की चर्चा के साथ इसके चेयरमैन सांसद जगदंबिका पाल की भी उतनी ही चर्चा है। जगदंबिका पाल की चर्चा इस बात को लेकर है कि इस विल के संशोधन के लिए वे और उनकी टीम ने देश भर में भ्रमण कर सरकार का पक्ष रखा और मुस्लिमों को भरसक भरोसा दिलाया कि इससे उनका कहीं कोई नुकघ्सान नहीं है बल्कि इससे वक्फ की संपत्तियों का लाभ जो अभी अपेक्षाकृत प्रभाव शाली मुसलमानों तक सीमित है,वह अब गरीब मुसलमानों तक पहुंच सकेगा। बहर हाल सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई पर गौर करें तो पूरी बहस चेयरमैन जगदंबिका पाल के तर्क और उदाहरण पर केंद्रित है। सुप्रीम कोर्ट में संशोधित वक्फ कानून की वैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई चल रही है। बड़ा सवाल संशोधित वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम सदस्यों के शामिल करने को लेकर है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि क्या सरकार हिंदू धार्मिक न्यासों में मुस्लिम समुदाय के लोगों को सदस्य बनाने की अनुमति देगी। वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के क्रम में आई सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर विमर्श शुरू हो गया है। इस मामले में वक्फ बिल को लेकर बनी संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल का तथ्यों पर आधारित बयान सामने आया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को पूर्व के मामलों में आए फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड कोई धार्मिक संस्था नहीं है। इसलिए, उसमें गैर मुस्लिम का सदस्य बनाया जाना कोई मुद्दा नहीं हो सकता है। प्रशासनिक



संस्थाओं में अधिकारियों का रखने का नियम पहले से है। बतौर इस समिति के चेयरमैन जगदंबिका पाल का यह बयान सुर्खियों में है। यूपी के सिद्धार्थनगर जिले की मुस्लिम बाहुल्य डुमरियागंज संसदीय सीट से चार बार के सांसद जगदंबिका पाल के लिए इस समिति का चेयर बनना इसलिए हैरत अंग्रेज है क्योंकि वे चाहे कांग्रेस में रहे हों या भाजपा में,भारी मात्रा में उन्हें मुस्लिम वोट मिलता ही मिलता है।

2024 का लोकसभा चुनाव उनके लिए बहुत मुश्किल था क्योंकि सपा व कांग्रेस गठबंधन से पूर्वांचल के बाहुबली रहे स्व।पंडित हरिशंकर तिवारी के बड़े पुत्र जो सांसद भी रहे हैं, भीष्म शंकर तिवारी उनके खिलाफ मैदान में थे। यह चुनाव यदि जगदंबिका पाल जीत पाए तो इसके पीछे मुस्लिम वोटरों का योगदान था। जगदंबिका पाल यूं तो मात्र एक सांसद का नाम है, लेकिन इनके राजनीतिक सफर पर गौर करें तो सामने आएगा कि राजनीति की विपरीत धारा को अपनी ओर मोड़ लेने में माहिर राजनीति के खिलाड़ी का नाम भी है जगदंबिका पाल! इतना ही नहीं लोकसभा के सभी 543 सदस्यों में यदि बतौर जनप्रतिनिधि के रूप में ष्सांसदष्तलाशेंगे तो शायद ही कोई दूसरा जगदंबिका पाल नजर आए। 1950 में बस्ती जिले के एक गांव में पैदा हुए जगदंबिका पाल की शिक्षा एमए एल एल बी है। शिक्षा हेतु ज्यादा तर वक्त लखनऊ में बीता। उस वक्त छात्र राजनीति के रास्ते राजनीति में प्रवेश करने का चलन था। इसी रास्ते जगदंबिका पाल भी राजनीति में कदम बढ़ाए। कांग्रेस इनके राजनीति की पाठशाला रही है। इन्हें स्व।संजय गांधी का बेहद करीबी माना जाता रहा। उस वक्त कांग्रेस में आगे बढ़ना आसान नहीं था,एक से एक टांग खींचने वाले थे। बस्ती तो ऐसे लोगों का गढ़ था। इनके राजनीतिक जीवन में बड़ी मुश्किल यह थी कि इन्हें आगे बढ़ने का आसान रास्ता कभी नहीं मिला। विपरीत परिस्थितियों में ही इन्हें अपनी काबिलियत को साबित करना पड़ा। भाजपा में भी इनकी राह आसान न रही। केवल परिक्रमा वादी राजनीतिज्ञ होते तो अबतक कबका बियाबान में जा चुके होते। बस्ती से लगातार कई बार के एम एल और मंत्री होते रहे जगदंबिका पाल 2004 में कांग्रेस के टिकट पर पहली बार सिद्धार्थनगर जिले की डुमरियागंज सीट से सांसद का चुनाव लड़ें। इस चुनाव में करीब पौने दो लाख वोट पाकर वे हार गए थे लेकिन अगली बार यानी 2009 के लोकसभा चुनाव में अपनी जीत पक्की भी कर गए। पिछले कई चुनावों से कांग्रेस यहां 50 वोट नहीं पार कर पा रही थी। पौने दो लाख वोट हासिल कर वे कांग्रेस आलाकमान के आंख का तारा बन ही गए, डुमरियागंज के लोगों को भी लगा उन्हें कोई दमदार नेता मिल गया। 2004 के चुनाव में सिद्धार्थनगर के कांग्रेस पदाधिकारियों ने भितरघात न किया होता तो यह चुनाव वे जीत गए होते लेकिन हार जाने वाले इस चुनाव से उन्हें बड़ी सीख मिली। उन्होंने पूरे पांच साल तक सिद्धार्थनगर की डुमरियागंज सीट पर ऐसी मेहनत की कि सभी बूथों पर अपनी टीम खड़ी कर दी। इसका परिणाम 2009 में सामने आया और वे कांग्रेस के सांसद हो गए। आज भी पार्टी संगठन के अलावा उनका स्वयं का संगठन जो उनकी सफलता का असल कारण है।

2014 के लोकसभा चुनाव आते आते उन्होंने कांग्रेस को अलविदा कह दिया और भाजपा ज्वाइन कर ली। जगदंबिका पाल ने भाजपा उस वक्त ज्वाइन की जब इस संसदीय सीट से भाजपा के एक से एक दावेदार थे। 2014 में लाख मोदी लहर थी लेकिन यदि उनकी बूथ वार अपनी टीम न होती तो यह राह आसान नहीं था क्योंकि सारे के सारे भाजपाई पाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिए थे। इतना ही नहीं विरोध का आलम यह था कि कई बार के भाजपा विधायक और उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य मंत्री रहे जय प्रताप सिंह ने अपनी पत्नी को कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़वा कर पाल के खिलाफ खुलकर आ गए थे। कहने का मतलब यह है कि राजनीति में मुकाम हासिल करना आसान नहीं है। ऐसा केवल जगदंबिका पाल जैसी राजनीतिक शख्सियत ही कर पाएगा। सबके बस की बात नहीं है। 2024 का लोकसभा चुनाव जगदंबिका पाल के लिए काफी मुश्किल था। ब्राह्मण वोटरों के छिटकने का खतरा था बावजूद इसके जगदंबिका पाल ने इस चुनाव को भी अपने पक्ष में करके बड़े-बड़े चुनाव विशेषज्ञों को चौंका दिया। अखिलेश यादव के सर्वे में डुमरियागंज की सीट उनके खाते की थी। राजनीति में चर्चा के केंद्र में बने रहना भी कोई जगदंबिका पाल से सीखें। वक्फ पर बनी जेपीसी का चेयर मैन बनना आसान नहीं था। लेकिन खाटी भाजपाइयों के बीच से यह जिम्मेदारी जगदंबिका पाल को मिली तो यह यूं ही नहीं था। कांग्रेस की राजनीति के शुरुआती दिनों की बात है। जगदंबिका पाल एक दुर्घटना में घायल हो गए थे। संजय गांधी को खबर लगी तो वे लखनऊ मेडिकल कालेज में उन्हें देखने आए। संजय गांधी यह देखकर अचंभित हुए थे कि जिस कांग्रेस के सिपाही को वे देखने आए वह घायल अवस्था में भी उनके स्वागत में मेडिकल कालेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किए बैठा है। याद नहीं आता कि पूरे उत्तर प्रदेश में कोई ऐसा सांसद हो जिसे उसके क्षेत्र में इस छोर से उस छोर तक नाम से कोई जानता हो, चेहरे से पहचानना तो बड़ी बात है लेकिन जगदंबिका पाल जरूर ऐसे सांसद हैं जिसे उनके क्षेत्र डुमरियागंज का बच्चा-बच्चा चेहरे से भी और नाम से भी बखूबी पहचानता है। सिद्धार्थनगर से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे दूरस्थ शहरों के लिए रेल गाड़ियों की सुविधा उपलब्ध कराने की वजह से स्थानीय लोग इन्हें अपना रेलमंत्री मानते हैं।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ओवैसी ने पाक आर्मी चीफ को बताया जोकर

## बोले: नकल के लिए अक्ल चाहिए, इनके पास वो भी नहीं

**कुवैत।** एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कुवैत में पाकिस्तानी के आर्मी चीफ को स्टूपिड जोकर बताया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि नकल करने के लिए दिमाग की जरूरत होती है। लेकिन पाकिस्तान के पास वो भी नहीं है। ओवैसी ने कुवैत में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि कल पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को एक फोटो दी।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति वहां पर मौजूद थे और नेशनल असेंबली के स्पीकर भी वहां पर थे। ये स्टूपिड जोकर भारत के साथ में प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं। उन्होंने 2019 की चीनी सेना की ड्रिल की एक फोटो दी थी, जिसमें दावा किया गया था कि यह भारत पर जीत है। ओवैसी ने कहा पाकिस्तान भारत के खिलाफ धर्म का मुद्दा नहीं उठा सकता, क्योंकि भारत में पाकिस्तान से ज्यादा मुस्लिम आबादी है और भारतीय मुसलमान पाकिस्तान से कहीं ज्यादा ईमानदार और देशभक्त हैं। ओवैसी बोले: पाकिस्तान को सीरियसली न लें ओवैसी ने कहा कि अक्सर स्कूल में क्या होता था कि अच्छे पढ़ने वाले बच्चे के पास में जाकर बैठता था। तो नकल करने के लिए भी अक्ल चाहिए। इन नालायकों को अकल भी नहीं है। आप खुद सोच सकते हैं कि आपके खुद के देश के प्रधानमंत्री, प्रेसिडेंट, स्पीकर ऑफ नेशनल असेंबली वहां पर मौजूद हैं। आपके सो काल्ड फील्ड मार्शल भी वहां पर थे। वह चीनी ड्रिल की एक फोटो दे रहे हैं। पाकिस्तान जो कुछ भी कह रहा है, उसे चुटकी भर नमक के साथ भी न लें। पाक को एआईएमआईएम की ग्रे लिस्ट में डालना चाहिए एआईएमआईएम सांसद ने कहा है कि पाकिस्तान को एक बार फिर फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एआईएमआईएम) की ग्रे लिस्ट में लाया जाना चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि पाकिस्तान को जो 2 अरब डालर का आईएमएफ लोन मिला है, वह उसका इस्तेमाल सेना और आतंकी संगठनों को समर्थन देने में कर सकता है। आने से किसी देश की वित्तीय गतिविधियों पर सख्त निगरानी होती है। पाकिस्तान की हरकतें देखकर उसे दोबारा इस लिस्ट में शामिल करना जरूरी है। ओवैसी उस सर्वदलीय डेलीगेशन का हिस्सा है, जो पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान का असली चेहरा बेनकाब करने के लिए विदेश के दौरे पर है। इससे पहले वह बहरीन भी पहुंचे थे। यहां पर भी उन्होंने पाकिस्तान पर निशाना साधा था। ओवैसी ने कहा था कि हमारी सरकार ने हमें यहां इसलिए भेजा है, ताकि दुनिया को पता चले कि भारत पिछले कई सालों से किस खतरे का सामना कर रहा है। हमने कई निर्दोष लोगों की जान गंवाई है। यह सब समस्या पाकिस्तान से ही पैदा होती है।



- फेक फोटो दिखाजीत का झूठा दावा किया
- कहा: पाक भारत के खिलाफ धर्म का मुद्दा नहीं उठा सकता भारत में पाक से ज्यादा मुस्लिम आबादी



नई दिल्ली। दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्रों से मुलाकात के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भारत का संदेश लेकर सिंगापुर पहुंचा

**सिंगापुर।** जापान और दक्षिण कोरिया के नेताओं और थिक टैंकों के साथ सफल विचार-विमर्श के बाद, भारत का एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को सिंगापुर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जनता दल-यूनाइटेड नेता और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा कर रहे हैं।

यह बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के विरुद्ध भारत के दृढ़ रुख को प्रस्तुत करने तथा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी गतिविधियों के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने के लिए यहां पहुंचा ताकि वैश्विक नेताओं से अपील की जा सके कि अब आतंकवादी संगठनों से निपटने का समय आ गया है। दक्षिण कोरिया के सोल से यहां पहुंचने के बाद एक प्रतिनिधि ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल भारत के कूटनीतिक आउटरीच के हिस्से के रूप में सिंगापुर पहुंचा है। तृणमूल कांग्रेस के महासर्चिव अभिषेक बनर्जी सहित बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर के सरकारी अधिकारियों और प्रमुख थिक टैंकों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों से पहले सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त, राजदूत शिल्पक अंबुले से मुलाकात की। बनर्जी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर के मंत्रियों, सांसदों, थिक टैंकों, शिक्षाविदों, व्यापार जगत के नेताओं, मीडिया और प्रवासी भारतीयों से बातचीत करेगा, ताकि आतंकवाद के सभी रूपों का मुकाबला करने के लिए भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ प्रतिबद्धता को व्यक्त किया जा सके।

## यूरोपीय संघ अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए तैयार: शेफचोविच

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि शुल्क विवादों के बावजूद यूरोपीय संघ अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा मामलों के आयुक्त मारोश शेफचोविच ने सोमवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि यूरोपीय संघ अपने साथ अमेरिकी डील की दिशा में रचनात्मक और केंद्रित प्रयासों के लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ अमेरिका के साथ लगातार संपर्क में रहेगा। यह बयान उनकी अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर से बातचीत के बाद आया है। इससे पहले, शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि यूरोपीय संघ के 27 सदस्ईय दल के साथ बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच रही है और उन्होंने एक जून से यूरोपीय संघ से सभी तरह के आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी थी। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति को रविवार को फोन करके इस संबंध में अनुरोध किया था, जिसके बाद ट्रम्प यूरोपीय संघ से आयात पर प्रस्तावित 50 प्रतिशत शुल्क नौ जुलाई तक न बढ़ाने पर सहमत हो गए थे।

# बलूचिस्तान में पोलियो टीम के सुरक्षा कर्मियों पर हमला

- हमले में एक की मौत, दूसरा घायल

**नुश्की।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के नुश्की में मंगलवार को अज्ञात हमलावरों ने पोलियो टीकाकरण टीम की सुरक्षा कर रहे पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी की। इस हमले में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया, जबकि दूसरा घायल हो गया।

हमले के बाद नुश्की में चल रहा पोलियो टीकाकरण अभियान अस्थाई रूप से रोक दिया गया है। पाकिस्तान ने सोमवार को पोलियो के खिलाफ तीसरा राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान शुरू किया था, जिसका मकसद 5 साल से कम उम्र के 4.5 करोड़ बच्चों को पोलियो का टीका लगाना है। यह अभियान 2025 के अंत तक देश को पोलियो मुक्त बनाने का एक बड़ा कदम है। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने इस हमले को राष्ट्रीय अभियान को नुकसान पहुंचाने और लोगों में डर फैलाने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि पोलियो अभियान हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है, और इसे रोकने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और दोषियों को जल्द पकड़ने का वादा किया। पाकिस्तान और अफगानिस्तान दुनिया के इकलौते देश हैं जहां पोलियो अब भी एक समस्या है। आतंकवादी लंबे समय से पोलियो टीकाकरण टीमों और उनकी सुरक्षा करने वाले पुलिसकर्मियों पर हमले करते रहे हैं। अप्रैल में भी बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो टीमों की सुरक्षा पर हमले हुए थे, जिनमें कई पुलिसकर्मी शहीद हुए। पिछले साल 2024 में पाकिस्तान में पोलियो के 74 मामले सामने आए, जबकि 2023 में सिर्फ 6 मामले थे। इस साल 2025 में अब तक 9 मामले दर्ज हुए हैं।

# हमास सीजफायर के लिए तैयार

## 10 बंधकों की रिहाई और 70 दिन युद्ध बंद रखने पर सहमत, अमेरिका ने दिया था प्रस्ताव

**गाजा।** फलस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने अमेरिका की तरफ से गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। यह प्रस्ताव ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकाफ ने दिया था। इस नए प्रस्ताव में 10 इजरायली बंधकों की रिहाई और 70 दिन का युद्धविराम शामिल है।

रायटर्स के मुताबिक इस प्रस्ताव में इजरायल की तरफ से कई फलस्तीनी कैदियों की रिहाई का मुद्दा भी शामिल है, जिनमें लंबी सजा काट रहे सैकड़ों कैदी शामिल हैं। इससे पहले इजरायल और हमास के बीच 19 जनवरी को सीजफायर हुआ था। हालांकि दो महीने बाद यानी 18 मार्च को इजरायल ने गाजा में कई जगह पर मिसाइल अटैक करके इसे तोड़ दिया था।

इजरायल ने गाजा पट्टी के 77 प्रतिशत हिस्से पर कंट्रोल हासिल कर लिया है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह दावा गाजा के सरकारी मीडिया आफिस ने रविवार को किया। उन्होंने इजरायल पर नरसंहार का आरोप लगाते हुए संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। बयान में कहा गया है कि इजरायली सेना ने बफर जोन, सुरक्षा कारिडोर और भारी गोलाबारी के जरिए गाजा के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों को अपने कब्जे में लिया है। इजरायल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ अपने सैन्य अभियान को और तेज कर दिया है, जिससे मानवीय संकट भयावह हो गया है। शनिवार और रविवार (24-25 मई 2025) को इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 182 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। इजरायल सेना के हमले में बीते एक सप्ताह में 500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। 19 जनवरी 2025 को इजरायल ने सीजफायर तोड़ दिया था। इसके बाद से अब तक गाजा में 2,000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। 7 अक्टूबर 2023 से शुरू इजरायल-हमास जंग में अब तक 55,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें हजारों बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं।



- इससे पहले इजरायल व हमास के बीच 19 जनवरी को सीजफायर हुआ था

## इजरायल ने यमन से दागी मिसाइल को रोका

**यरूशलम।** इजरायल ने यमन से दागी गई मिसाइल को रोक दिया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उसने यमन से इजरायली क्षेत्र की दिशा में प्रक्षेपित की गई मिसाइल को रोक लिया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले इजरायल के कई इलाकों में सायरन बजने के बाद यमन से दागी गई मिसाइल को रोक लिया गया। अंसार अल्लाह आंदोलन (हूती) ने अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में संघर्ष की शुरुआत के बाद से इजरायल पर सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। इजरायली वायु सेना ने यमन के हूती नियंत्रित हिस्सों में कई हवाई हमले किए हैं जिनमें कई लक्ष्यों को निशाना बनाया गया है।

# इंटरनेशनल फिल्म सिटी की राह हुई आसान

- पहले चरण में 230 एकड़ भूमि पर काम शुरू होगा

**ग्रेटर नोएडा/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट 'इंटरनेशनल फिल्म सिटी' के निर्माण की राह अब बिल्कुल साफ हो गई है। मंगलवार को निर्माता बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने फिल्म सिटी का लेआउट प्लान यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (ईडा) को सौंप दिया।

अब ईडा इस प्लान की समीक्षा करेगा और जरूरी अनुमोदन के बाद निर्माण कार्य को औपचारिक रूप से शुरू कर दिया जाएगा। यह फिल्म सिटी यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में विकसित की जा रही है। पहले चरण में 230 एकड़ भूमि पर काम शुरू होगा, जिसकी अनुमानित लागत 1510 करोड़ रुपये है। यमुना प्राधिकरण (ईडा) के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि विभिन्न अधिकारियों की मौजूदगी में मंगलवार को फिल्म निर्माता और फिल्म सिटी के निर्माण की जिम्मेदारी हासिल करने वाले बोनी कपूर ने अपनी कंपनी की ओर से पूरी परियोजना से संबंधित लेआउट प्लान को सबमिट किया है।

अब प्राधिकरण इस पूरे लेआउट प्लान का अवलोकन और परीक्षण करेगा, जिसके बाद उन्हें कार्य शुरू करने के लिए आवश्यक अनुमोदन प्रदान किया जाएगा। सीईओ अरुण वीर सिंह ने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्य पूरी तरह समझौते के अनुसार ही होगा, कोई बदलाव बिना मंजूरी के स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पार्किंग, लैंडस्केपिंग और बागवानी जैसी मंजूरियों के लिए अलग से एनओसी लेनी होगी।

# पाक को नागवार गुजरा मोदी का बयान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बयान पर एतराज जताया है। पाक विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि पीएम मोदी ने जिस तरह से हिंसा की बात की, वह एक न्यूक्लियर ताकत रखने वाले देश के नेता को शोभा नहीं देता। दरअसल पीएम मोदी ने सोमवार को गुजरात में सभा के दौरान कहा था कि भारत पर आंख उठाने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही।

इस पर पाकिस्तान ने कहा कि मोदी का बयान सिर्फ नफरत फैलाने वाला नहीं है, बल्कि इससे क्षेत्रीय शांति को खतरा भी है। हम शांति चाहते हैं, लेकिन अगर हमें खतरा हुआ तो उसका जवाब देंगे। पीएम मोदी ने भुज में कहा कि कच्छ का टूरिज्म मशहूर है। पाकिस्तान के लिए टेररिज्म ही टूरिज्म है। पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारत सरकार इस तरह के बयानों से जम्मू-कश्मीर में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों से ध्यान हटाना चाहती है। उसने खुद को शांति का समर्थक बताते हुए कहा कि वह यूएन मिशन में सबसे आगे रहा है और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में उसने अहम भूमिका निभाई है। पाकिस्तान ने कहा कि भारत को सच में उग्रवाद की चिंता है, तो उसे अपने देश में बढ़ते बहुसंख्यकवाद, धार्मिक असहिष्णुता और अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अन्याय की तरफ ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को कश्मीर और जल सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत की इच्छा जताई। शरीफ ईरान दौरे पर हैं। यहां ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के साथ राजधानी तेहरान में जाइंट प्रेस कान्फ्रेंस में उन्होंने यह बात कही। शरीफ ने भारत के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान ईरान के समर्थन के लिए पजशकियान का आभार जताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्ते हैं। पाकिस्तानी पीएम 25 मई से 30 मई तक तुर्की, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान देशों के दौरे पर हैं। यहां पर भारत के साथ हुए तनाव को लेकर पाकिस्तान के पक्ष रखेंगे।



- कहा: जिस तरह हिंसा की बात की, वह एक न्यूक्लियर ताकत रखने वाले देश के नेता को शोभा नहीं देता

## गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अमृतसर ने नया रिकॉर्ड बनाया

- वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 35 लाख यात्री संख्या को पार किया व्यापक विश्लेषण जारी

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 35 लाख यात्री संख्या को पार करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

फ्लाई अमृतसर पहल के वैश्विक संयोजक समीप सिंह गुमटाला ने आज भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के मार्च 2025 के प्रकाशित आंकड़ों पर आधारित गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, अमृतसर के लिए यात्री यातायात डेटा का एक व्यापक विश्लेषण जारी किया है जो पुष्टि करता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हवाई अड्डे के इतिहास में सबसे सफल रहा है। गुमटाला ने अमृतसर हवाई अड्डे और पंजाब के लिए इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा मार्च 2025 के लिए जारी आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 (एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025) के दौरान अमृतसर हवाई अड्डे से 3542880 यात्रियों ने हवाई यात्रा की। इसमें 1153461 अंतर्राष्ट्रीय और 2389419 घरेलू यात्री शामिल हैं। ये आंकड़े पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 14.8 प्रतिशत अधिक हैं, जब कुल 30.86 लाख यात्रियों ने यहां से उड़ान भरी थी।

## सीरिया में 130 सशस्त्र विद्रोही सेना में शामिल

**बेरूत।** सीरिया में नई सरकार के रक्षा मंत्रालय ने लगभग 130 सशस्त्र समूहों को अपने 'ढांचे' में शामिल किया है। सीरियाई अखबार अल वतन ने यहां रक्षा मंत्री मुरहाफ अबू कसरा के हवाले से सोमवार को कहा कि हमने नई सेना संरचना के विषय पर लगभग 130 समूहों के साथ बातचीत की और उन्हें मंत्रालय के तहत एकीकृत करके महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। मंत्री ने कहा कि सरकार वर्तमान में सैन्य स्कूलों के काम को फिर से शुरू करने और आधुनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शिक्षा कार्यक्रमों में सुधार करने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र विद्रोही नेता सैन्य रैंक प्राप्त करने से पहले उच्च सैन्य संस्थानों में प्रशिक्षण लेंगे। सीरिया के सशस्त्र विद्रोहियों ने गत आठ दिसम्बर 2024 को दमिश्क पर कब्जा कर लिया था जिसके बाद बशर असद ने राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया था।

## मैक्सिको की राष्ट्रपति शिनबाम ने की धन प्रेषण पर अमेरिकी करों की निंदा

**मेक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने धन प्रेषण पर अमेरिकी करों की निंदा की है। सुशिनबाम ने सोमवार को कहा कि वह मेक्सिको को भेजे जाने वाले धन पर कर लगाने से अमेरिकी कानूनों को रोकने के लिए कड़ी पैरवी कर रही हैं। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अमेरिका में मेक्सिको के प्रवासी चाहे उनकी आव्रजन स्थिति कुछ भी हो, करों का भुगतान करके अमेरिका की अर्थव्यवस्था को चालू रखते हैं। वे जो कमाते हैं उसका केवल 20 प्रतिशत धन प्रेषण में जाता है। उन्होंने दोहरे कराधान से बचने पर 1992 की संधि के बारे में कहा कि अमेरिका और मेक्सिको के बीच 1992 में एक समझौता हुआ था जिसमें कहा गया था कि कोई दोहरा कराधान नहीं होना चाहिए, जो भेदभावपूर्ण होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि मैक्सिकन सांसद और गैर-सरकारी संगठन प्रस्तावित कर की खामियों और अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर इसके संभावित नकारात्मक प्रभाव को उजागर करने के लिए अथक अभियान चला रहे हैं।

# विश्व के सबसे ताकतवर रॉकेट का 9वां टेस्ट आज

## इस टेस्ट में पहली बार 7वें टेस्ट में इस्तेमाल किए गए बूस्टर का उपयोग होगा

**टेक्सास।** विश्व के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 9वां टेस्ट भारतीय समय के अनुसार कल यानी, 28 मई को सुबह 5 बजे होगा। राकेट की लान्चिंग टैक्सास के बोका चिका से की जाएगी।

इस टेस्ट में पहली बार 7वें टेस्ट में इस्तेमाल किए गए बूस्टर का दोबारा उपयोग होगा। इससे पहले 8वें टेस्ट में बूस्टर लैंड हो गया था, लेकिन शिप आसमान में ही ब्लास्ट हो गई थी। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। इस टेस्ट में लान्च इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा के लिए बूस्टर को वापस लान्चपैड पर नहीं लाया जाएगा। इसकी गल्फ ऑफ अमेरिका में हार्ड लैंडिंग होगी। पूरा टेस्ट 1.06 घंटे का होगा। 9वें टेस्ट के लिए लान्च के लिए तैयार स्टारशिप। ऊपरी हिस्से को शिप और निचले हिस्से को सुपर हैवी बूस्टर कहा जाता है। 8वें टेस्ट में लान्चिंग के 7 मिनट बाद बूस्टर अलग होकर वापस लान्च पैड पर आ गया था। स्टारशिप के ऊपरी हिस्से की इंडियन ओशन कंट्रोल्ड वाटर-लैंडिंग कराई जाएगी। पिछली दो उड़ानों में ये हिस्सा वायुमंडल में प्रवेश के दौरान नष्ट हो गया था। पेलोड डिप्लायमेंट को कोशिश भी होगी। इसके अलावा मल्टीपल रीएंट्री एक्सपेरिमेंट होंगे, जिसमें अंतरिक्ष में रहते हुए एक रैप्टर इंजन को चालू करना भी शामिल है। स्टेज सेपरेशन के बाद, बूस्टर अपने बूस्टबैक बर्न को शुरू करने से पहले एक कंट्रोल्ड डायरेक्शन में फ्लिप करेगा।



Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
Russia
Georgia
Kazakistan
Kyragyzstan
Uzbekistan
Iran
Bangladesh
Nepal
China
Europe
Egypt
Armenia
U.K.
Canada
U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./MD
Since 2010
ABROAD ADMISSION, Guidance For India & Counselling
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTACNCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprice, Chahshreen B-21, Bijnor